
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक **समाज जागरण**

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 2 अंक: 11 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 21 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# इजरायल पर सनसनीखेज आरोप, हमास को मुहैया करा रहा है कतर का पैसा, सऊदी इंटेल चीफ का आरोप

तेल अवीव. इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच सऊदी अरब के खुफिया प्रमुख प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने यहूदी बहुल देश पर गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह को "कतरी धन" देने का आरोप लगाया है. इजरायल और फिलिस्तीन में जारी जंग में अब तक 5000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है.

प्रिंस तुर्की अल-फैसल का इजरायल के खिलाफ आरोप रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें मामले से जुड़े एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि गाजा में फिलिस्तीनी परिवारों को कतर की वित्तीय सहायता इजरायल से होकर गुजरती है. इस धनराशि को कतर से इजरायल तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्थानांतरित किया जाता है, जिसके बाद इजरायली और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अधिकारी इसे सीमा पार गाजा पट्टी तक ले जाते हैं.

सऊदी खुफिया प्रमुख ने संघर्ष के लिए इजरायल और हमास दोनों की निंदा करते हुए कहा कि स्थिति में कोई नायक नहीं हैं, बल्कि केवल पीड़ित हैं. प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने हमास द्वारा मारे गए इजरायलियों पर आंसू बहाने के लिए पश्चिमी देशों की भी निंदा की, लेकिन इजरायल द्वारा मारे गए फिलिस्तीनियों पर 'दुख व्यक्त करने से इनकार' किया.







प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने कहा कि सैन्य कब्जे वाले सभी क्षेत्रों को "सैन्य रूप से भी" अपनी रक्षा करने का अधिकार है. हालांकि, उन्होंने गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में "नागरिक विद्रोह और अवज्ञा" सही विकल्प होता.

प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने अमेरिका के ह्यूस्टन में स्थित राइस यूनिवर्सिटी के बेकर इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक पॉलिसी की एक सभा में कहा, "इजरायल के पास अत्यधिक सैन्य श्रेष्ठता है, और हम अपनी आंखों के सामने देखते हैं कि यह गाजा के लोगों के लिए कितना विनाश और विस्मृति ला रहा है."

इजरायल – गाजा के बीच ताजा संघर्ष सात अक्टूबर को हमास आतंकवादियों द्वारा इजरायल के खिलाफ किए गए अप्रत्याशित हमलों से शुरू हुआ है. इजरायल ने हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए गाजा में बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया है.

इजरायली अधिकारियों ने बताया कि इजरायल में बच्चों सहित 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं और 4,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं. फिलिस्तीनी स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुसार, गाजा में कम से कम 3,400 लोग मारे गए हैं और 12,000 से अधिक घायल हुए हैं.

# राजधानी में 3 नवम्बर से होगा 20 दिवसीय अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल - 2023

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 3 नवम्बर 2023 से 22 नवम्बर 2023 तक 20 दिवसीय अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल - 2023 का आयोजन सहस्वा अर्जुनगंज, सुल्तानपुर रोड, नियर शहीद पथ लखनऊ में किया जायेगा। इस बात की जानकारी आज संस्था के प्रशासनिक कार्यालय बर्लिंग्टन मॉल लखनऊ में एक प्रेसवार्ता में प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल - 2023 मे अवध के लखनऊ, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर, भदोही, प्रयागराज, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, प्रतापगढ़, बहराइच, बलरामपुर, मोंडा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर श्रावस्ती, उन्नाव, फतेहपुर, कानपुर देहात, जौनपुर और मिजार्पुर के पश्चिमी हिस्सों संग, कन्नौज, पीलीभीत और शहजहांपुर के अलावा अन्य राज्यों



बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, पंजाब, ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, गोवा, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश की कला संस्कृति, पर्यटन, हस्त शिल्प, देशी उत्पाद, वस्त्र, फर्नीचर, मसाले, हैण्डलूम हैण्डी क्राफ्ट सहित अन्य चीजों के स्टाल और पैवेलियन के अलावा उत्तर प्रदेश के एक जिला एक उत्पाद, खादी ग्रामोद्योग, उत्तर प्रदेश पर्यटन, नाबार्ड, बैंक, सिडबी, राज्य आजीविका मिशन सहित अन्य सरकारी विभागों की सहभागिता होगी।

उन्होंने बताया कि प्रगति अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल - 2023 इंटरनेट माध्यम के जरिये देश विदेश के लोगों से जुड़ेगा।

इसके अलावा महोत्सव से, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए महोत्सव के फेसबुक लिंक का प्रयोग सजीव प्रसारण के लिए किया जायेगा। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 3 नवम्बर 2023 से 22 नवम्बर 2023 तक होने वाले 20 दिवसीय ' अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल -2023 में निःशुल्क अवध टैलेण्ट हण्ट-2023 का आयोजन किया जायेगा, इसके तहत बच्चों व युवाओं की गायन, नृत्य, वादन, किड्स माडलिंग, मेंहदी, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, सिलाई, चित्रकला, निबंध लेखन, साइकिल रेस, खो-खो, कबड्डी, मिस्टर मिस और मिसेज अवध प्रतियोगिताएं होंगी।

## भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की

भाजपा ने मिजोरम में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है. पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, सबानंद सोनोवाल, स्मृति ईरानी, अर्जुन मुंडा, किरेन रिजिजू, प्रतिमा भौमिक, संबित पात्रा और अनिल एंटनी सहित 40 नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है.

वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा सहित पूर्वोत्तर राज्यों के कई दिग्गज नेताओं को भी मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है. मिजोरम में एमएनएफ, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में भाजपा का सहयोगी है. 2018 के चुनावों में, मिजो नेशनल फ्रंट ने 37.8 प्रतिशत वोट पाकर 26 सीटें हासिल कीं थी. वहीं कांग्रेस को पांच और बीजेपी को एक सीट पर जीत मिली थी. जबकि पीसी और जेडएनपी का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है.

बता दें कि राज्य में 40 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव का आयोजन 7 नवंबर को किया जाएगा और 3 दिसंबर को इसके नतीजे घोषित होंगे. चुनाव के तारीख की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो गई है. यहां पर नामांकन की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर है और 21 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी. साथ ही, उम्मीदवार 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं.

# 45 मिनट में मेरठ से दिल्ली एक सपना था, लेकिन मोदी है तो मुमकिन है: सीएम योगी

गाजियाबाद/लखनऊ, 20 अक्टूबर। रैपिड रेल पब्लिक ट्रांसपोर्ट का एक उत्तम माध्यम है। हमने स्वयं प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में इसकी यात्रा की। यह ट्रेन दिल्ली से मेरठ की दूरी को कम कर देगी। इससे



पहले मेरठ को 12 लेन के एक्सप्रेस हाईवे के साथ भी जोड़ा जा चुका था। जो दूरी साढ़े पहले चार घंटे में तय की जाती थी वह आज मात्र 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। यही स्थिति रैपिड रेल के प्रारंभ होने से भी होगी। यह कभी एक सपना था, लेकिन




आज मोदी है तो मुमकिन है की तर्ज पर यह सपना साकार हो रहा है। पूरा देश और उत्तर प्रदेश इस सपने को साकार होता देख रहा है। यह बातें सीएम योगी ने शुक्रवार को गाजियाबाद में पीएम मोदी द्वारा भारत की पहली नमो भारत ट्रेन (रैपिडेक्स) के फ्लैग ऑफ और देश के प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के उद्घाटन के अवसर पर कहीं। इस अवसर पर सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंग वस्त्र एवं मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान भी किया।

### वंदे भारत ट्रेन ने कराया एक नए भारत का दर्शन

पीएम मोदी का आभार जताते हुए सीएम योगी ने कहा कि देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम रैपिड रेल को नमो भारत के रूप में विजयदशमी के पूर्व देश को समर्पित करने के लिए प्रदेश की 25 करोड़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का आभार और स्वागत करता हूं। शारदीय नवरात्रि में आपका ये उपहार हम सबके लिए एक उपकार है। पिछले साढ़े 9 वर्ष के अंदर इस देश ने वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा है। एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे स्टेशन बने, अमृत भारत के अंदर 500 रेलवे स्टेशन के पुनरोद्धार का कार्य जिस गति के साथ चला है आज वह भी भारत देख रहा है। वंदे भारत ट्रेन ने एक नए भारत का दर्शन कराया है। आज देश की पहली नमो भारत ट्रेन उत्तर प्रदेश को देने के लिए आप गाजियाबाद पधारे हैं, बाबा दुग्धेश्वर की पावन धरा पर आपका अभिनंदन करता हूं।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की पहली रैपिड रेल के उद्घाटन के लिए पीएम मोदी का जताया आभार**

**सीएम योगी ने कहा- पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उत्तम माध्यम है रैपिड रेल, दिल्ली से मेरठ की दूरी होगी कम**

**रैपिड रेल से पहले मेरठ और दिल्ली को 12 लेन के एक्सप्रेस हाईवे के साथ भी जोड़ा जा चुका है: सीएम योगी**

**पीएम मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक नए इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्शन कर रहा है: मुख्यमंत्री**

# पंजाब विधानसभा के 2 दिन के सत्र को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान में ठनी

## सत्र स्थगित करके मुख्यमंत्री ने कहा हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और सत्र की वैधता का लाएंगे प्रमाण पत्र

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

चण्डीगढ़ 20अक्टूबरः पंजाब में विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र को लेकर गवर्नर और मान सरकार के बीच एक बार फिर विवादित स्थिति पैदा हो गई है। गवर्नर ने इस सत्र को अवैध बताया और चेतावनी दी कि अगर सत्र जारी रखा गया तो वह राष्ट्रपति को शिकायत भेजेंगे। गवर्नर के इस रुख को देखते हुए अब सीएम मान ने बुलाये गए सत्र को स्थगित करने की सिफारिश की है। सीएम मान ने कहा कि, सत्र चाहें दो दिन का हो या 20 दिन का। सत्र के वैध या अवैध होने का शक नहीं रहना चाहिए। इसके साथ ही हम यह भी नहीं चाहते कि, इस तरह का रोज-रोज का झगड़ा और ज्यादा बढ़े।



सीएम मान ने कहा कि, हम अब कोई भी बिल पेश नहीं करेंगे, जब तक कि हम पंजाबियों को यह भरोसा नहीं दिला देते कि बुलाया गया सत्र वैध है और गवर्नर को सभी बिलों को पेश करने की मंजूरी भी देनी पड़ेगी और इसके बाद साइन भी करने पड़ेंगे। सीएम मान ने कहा, आग्रह है कि यह सत्र स्थगित कर दिया जाये क्योंकि हम अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और वहां से सत्र की वैधता का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे। वहां गवर्नर की कोई चिट्ठी काम नहीं आएगी। सीएम ने कहा कि, छुट्टियों के चलते हम 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और वहां से वैधता लेकर नवम्बर के पहले सप्ताह में सत्र बुलाया जाएगा। अगर सत्र लंबा भी रखना पड़ा तो दिन बढ़ा लिए जाएंगे। फिलहाल मौजूदा सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।




# विगद 26 सालों से लभुआनी मोड पर होती आ रही है माँ दुर्गा की पूजा अराधना

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि गडहनी भोजपुर

भोजपुर जिला अंतर्गत आरा सासाराम मुख्य मार्ग स्थित लभुआनी मोड़ हनुमान मंदिर के परिसर मे नवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य पूजा पंडाल मे माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई।आचार्य इन्द्रजीत पाण्डेय ने बताया कि प्रतिपदा तिथि को विधि विधान के साथ कलश स्थापन किया गया तत्पश्चात दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है।आज शुक्रवार को नवरात्रि के छठवें दिन माता कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई।वहीं ग्रामीणो ने बताया कि विगद 26 सालो से लगातार माँ सिद्धेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट लभुआनी द्वारा यहाँ पर दुर्गा पूजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।हर साल की भांति इस साल भी भव्य पंडाल बनाया गया है।पूजा पंडाल मे मां दुर्गा के अलावा महिषासुर, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, गणेश जी एवं कार्तिक भगवान की मूर्ति का स्थापना हुआ है।इस अवसर पर दुर्गा पाठ पंडित इंद्रजीत पाण्डेय के सानिध्य मे यजमान सचिन कुमार एवं रवि कुमार द्वारा माता रानी की षोडशोपचार पूजनादि कार्य किया जा रहा है।यह पूजा हर साल मुख्य रुप से लभुआनी डेम्हा एवं आसपास के ग्रामीण जनता के सहयोग से किया जाता हैं।यहाँ सप्तमी अष्टमी नवमी को मेला का भव्य आयोजन किया जाता है साथ ही कमिटि के द्वारा देवी जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक आदि का भी आयोजन ग्रामीणो के द्वारा किया जाता है।



ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 62 रनों से हराकर दर्ज की धमाकेदार जीत. पाकिस्तान ने आखिरी 6 विकेट महज 36 रन के भीतर गंवाए.

# पाकिस्तान ने टेके घुटने, ऑस्ट्रेलिया ने चखा लगातार दूसरी जीत का स्वाद

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को हराकर वर्ल्ड कप 2023 में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है. वहीं, पाकिस्तान की भारत से मुंह की खाने के बाद ये लगातार दूसरी हार है. पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर के शतक की बदौलत 367/9 रनों का स्कोर खड़ा किया. जवाब में पाकिस्तानी टीम 45.3 ओवरों में 305 रनों पर ढेर हो गई. इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने 62 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया. इस मैच में भी पाकिस्तान ने अपने आखिरी 6 विकेट महज 36 रन के भीतर गंवा दिए. पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक ने 70 जबकि अब्दुल्ला शफीक ने 64 रन बनाये.



ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने चार विकेट लिये.

मैन ऑफ द मैच वॉर्नर ने 124 गेंद की पारी में 14 चौके और नौ छक्के लगाकर पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी और वनडे में कुल 21वीं शतकीय पारी खेली. मार्श ने अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 10 चौके और नौ छक्के जड़े. ऑस्ट्रेलिया की यह चार मैचों में दूसरी जीत है जबकि पाकिस्तान की यह दूसरी हार है.

# UP में लेडीज पुलिस ने पहली बार किया एनकाउंटर, नवरात्रि में दिखवाया काली माता का रौद्र रूप

**बदमाश के साथ एनकाउंटर करके इतिहास रच दिया है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, लेडीज पुलिस ने अपने पहले एनकाउंटर में ही बदमाश को धर-दबोचा**

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

महिला एसएचओ सुमन सिंह की अगुवाई में हुआ बदमाश का एनकाउंटर, प्रदेश में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा मिलकर किया गया पहला एनकाउंटर, एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर बरवापट्टी थाने की महिला एसओ अपने 4 महिला पुलिसकर्मियों के साथ मुठभेड़ में थी शामिल, मुठभेड़ में इंस्पेक्टर सुमन सिंह, महिला सिपाही प्रिंसी पांडे, चंदा यादव, संगीता यादव और प्रियंका सिंह मुठभेड़ में थी शामिल, मुठभेड़ में 25 हजार के ईनामी इमामुल के पैर में लगी गोली, पुलिस ने ईनामी बदमाश इमामुल को किया गिरफ्तार, गिरफ्तार बदमाश



पर कुशीनगर और संतकबीरनगर में दर्ज हैं दर्जनों मुकदमें, रामकोला थाने के मेंहदीगंज अमडरिया नहर के पास हुई मुठभेड़, नवरात्र में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा एनकाउंटर चर्चा का विषय बना।

# क्यों तोड़फोड़ में सिद्धहस्त हैं समाजवादी

**दैनिक समाज जागरण**

आईएनडीआईए [इंडिया ] का सीराजा बिखर रहा है । बोलचाल की भाषा में आप कह सकते हैं कि ' रायता फैलने ही वाला है ' और इसका श्रेय जाएगा समाजवादी पार्टी के खाते में। समाजवादी पार्टी मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के खिलाफ अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरूवात कर चुकी है। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा है कि - मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छह सीटों को छोड़ने का आश्वासन दिया था लेकिन एक भी सीट नहीं छोड़ी। अखिलेश ने संकेत दिए कि दिल्ली के गठबंधन पर सपा भी यही व्यवहार करेगी।' जाहिर है कि भविष्य में यही होकर रहेगा।

समाजवादियों का नैसर्गिक स्वभाव है कि वे एक होकर न रह सकते हैं और न किसी के साथ चल सकते हैं। समाजवादी विचारधारा के अनुसार निःस्वार्थ सेवा, त्याग और आध्यात्मिक प्र-वृत्ति - इनमें शोषक और शोषित के लिए कोई स्थान नहीं। यदि किसी के पास कोई संपत्ति है तो वह समाज की धरोहर मात्र है, देखा जाये तो इसके अनुसार सभी लोग एक समान स्थिति में होने चाहिए। सबके लिए समानता। किन्तु आज देश के तमाम समाजवादियों का आचरण इस स्थापित सिद्धांत के खिलाफ है। फिर चाहे वे कहीं के समाजवादी हों। भारत में किसान मजदूर पार्टी की स्थापना से लेकर आज की समाजवादी पार्टी के अलावा कितने समाजवादी दल देश में हैं इसकी गणना करना कठिन काम है। किसी के पास साइकल है तो किसी के पास लालटेन लेकिन हैं सबके सब अँधेरे में।

पहले समाजवादी कांग्रेस की कोख में थे,लेकिन जब बात नहीं बनी तो कांग्रेस से बाहर आकर अलग राजनीतिक दल बना बैठे। पहले की , कृषक मजदूर प्रजापार्टी फिर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी बनी ।इससे भी काम नहीं चला तो डॉ राम मनोहर लोहिया की एक अलग समाजवादी पार्टी बनी। समाजवाद के नाम पर कांग्रेस कि तरह वामपंथी भी बटे। और फिर समाजवादी पार्टी लगातार विभाजित होती रही। आज उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह की समाजवादी पार्टी है । बिहार में लालू प्रसाद यादव की अपनी पार्टी है। नीतीश कुमार की अपनी पार्टी है ,ओडिशा में नवीन पटनायक की अपनी । सबके मूल में समाजवाद है ,लेकिन कैसा समाजवाद है ये दुनिया जानती है।

आज देश में जब भाजपा के खिलाफ एक साझा मंच बनाया गया है तब उसमें पहला वार उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने किया है। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव इस्-का बहाना बने। मध्यप्रदेश में समाजवादी कांग्रेस से 6 सीटें चाहते थे ,लेकिन बात नहीं बनी और अब यादव धमकी दे रहे हैं कि उनके साथ जो भोपाल में हुआ वही सब वे दिल्ली में कांग्रेस के साथ करेंगे। हमारे समाजवादी मित्र रमाशंकर सिंह इस बाबद बहुत पहले ही भविष्यवाणी कर चुके हैं कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद विपक्षी एकता का सीराजा बिखरेगा और अब ये भविष्यवाणी सही साबित होती दिखाई दे रही है।

मध्यप्रदेश की राजनीति में समाजवादी हों या बहुजन समाज पार्टी वाले उनकी उपस्थिति ऊँट के मुंह में जीरे जैसी रही है । ये दोनों दल कभी भी एक दर्जन सीटों से ज्यादा नहीं जीते और जीते भी तो हमेशा सत्तारूढ़ दल के हाथों खरीद लिए गए। समाजवादी पार्टी के पास अपने नेता हैं ही नहीं। मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी कांग्रेस और भाजपा के बागियों का किराये का मंच है । इस बार भी सपा के विधायक संजीव सिंह आखिर में भाजपा में चले गए थे।वे पटवारी भर्ती घोटाले के आरोपी भी हैं। उनके पिता भाजपा के अनेक बार संसद रहे। समाजवादी मध्यप्रदेश में चुनाव लड़कर उसी भाजपा का लाभ कर सकते हैं जो उन्हें ईडी ,सीबीआई और ऐसे ही दूसरे हथियारों से डराती-धमकाती रहती है। मध्यप्रदेश में फिलहाल कांग्रेस को किसी तीसरे दल के सहयोग की जरूरत नहीं है । न समाजवादी पार्टी की और न आम आदमी पार्टी की। इस हकीकत को इन छोटे-मोटे दलों को समझना चाहिए था ,लेकिन नहीं समझा और अब अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी मारने लगे है। आम आदमी पार्टी भी मध्यप्रदेश में चुनाव लड़ रही है और समाजवादी पार्टी भी। बहुजन समाज पार्टी तो चुनाव लड़ने का अनुआ करती ही है ,इससे उसे कुछ पैसा मिल जाता है। इस बार भाजपा के तमाम असंतुष्ट बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए के सदस्य समाजवादी दल के सुप्रीमो अखिलेश यादव अपने पिता मुलायम सिंह यादव की तरह परिपक्व नहीं है। आपको याद होगा कि सत्ता को लेकर समाजवादी आपस में ही लड़ते आये हैं। पहले अखिलेश और उनके चच्चा शिवपाल में जूतम-पैजार हुई थी । बिहार में शरद यादव और नीतीश कुमार लड़े थे। राजद में भी तनातनी चलती ही रहती है। एक ओडिशा में नवीन पटनायक अपने पिता की बीजद को बिखरने से बचाये हुए हैं ,लेकिन वे किसी तीन- पांच में नहीं हैं। वे न भाजपा के दुश्मन हैं और न कांग्रेस के मित्र। अखिलेश यादव को या तो नवीन पटनायक से राजनीति सीखना चाहिए या फिर बहन मायावती से। वे घमंड में भूल गए हैं कि यदि समाजवादी पार्टी विपक्षी गठबंधन से अलग रही तो भाजपा सत्ता में आये या कांग्रेस उसे 'हप्पा' की तरह निगल जाएगी।

समाजवादी पार्टी के व्यवहार को दरकिनार कर कांग्रेस ने मध्यप्रदेश विधानसभा की 230 सीटों में से 229 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है । कांग्रेस ने अंत में दो-तीन प्रत्याशियों को बदला भी है। यानि कांग्रेस अपनी धुन में अपना काम कर रही है। अखिलेश भूल जाते हैं कि वे उत्तर प्रदेश में नहीं मध्यप्रदेश में राजनीति करना चाहते हैं जहां उनकी पार्टी की हैसियत भी ठीक वैसी है जैसी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की। लेकिन कांग्रेस उत्तर प्रदेश में शून्य होकर भी आज देश के चार राज्यों की सत्ता में है। अर्थात कांग्रेस के समाने अखिलेश की पार्टी की हैसियत बहुत कम है । अखिलेश किन शर्तों पर आईएनडीआईए में शामिल हुए थे ये वे जाने और कांग्रेस जाने ,लेकिन इस समय उनकी भूमिका भाजपा के शुभचिंतक जैसी नजर आ रही है। अखिलेश को उनकी इस भूमिका का लाभ होगा या नुकसान ये भी उन्हें ही पता है ,किन्तु बाहर से लगता है कि वे न सिर्फ अपने पांव पर कुल्हाड़ी मार बैठे हैं बल्कि विपक्षी एकता के लिए भी वे खलनायक बन रहे हैं।

समाजवादी अपनी फक्क्ड़ शैली की वजह से कम से कम मुझे तो पसंद है। वे भले ही धन कुबेर बन गए हों लेकिन रहते फकीरों की तरह ही हैं। बात भी वैसी ही करते हैं लेकिन दुर्भाग्य ये है कि वे तोड़फोड़ के अपने आचरण को नहीं बदल पाए । तोड़फोड़ उनके डीएनए का अविभाज्य अंग बन गया है। समाजवादियों की ये खसलत है कि वे अपने आपको सबसे बड़ा राजनीतिज्ञ मानते है। जबकि देश का राजनीतिक इतिहास उठाकर देख लीजिये समाजवादी पिछले 75 साल में कभी राष्ट्रीय दल नहीं बन पाये । कभी अकेले सत्ता में नहीं आ पाए । वे कब ,किस पार्टी के बगलगीर हो जाएँ ये उन्हें खुद पता नहीं होता । समाजवादियों के लिए न कांग्रेस अस्पृश्य है और न भाजपा । न बीएसपी अछूत है और न कोई तीसरा दल। वे सबके साथ खिचड़ी पका सकते हैं और सबको एक झटके में पटकनी दे सकते हैं। रायता फैलाना समाजवादियों का जन्मसिद्ध अधिकार है । जो भी उन्हें उनके इस अधिकार से वंचित करता है ,संकट में पड़ जाता है।

**@ राकेश अचल**

# भाजपा की सूची से वसुंधरा समर्थकों में नाराजगी

**दैनिक समाज जागरण**

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल 41 सीटों में से 40 सीटों पर भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में हार गई थी। एकमात्र विद्याधर नगर की सीट पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी चुनाव जीते थे। मगर उनका भी टिकट काट दिया गया है। विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है। टिकट कटने वाले सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं।

हालांकि भाजपा आलाकमान का कहना है कि हमने जो 41 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से 40 प्रत्याशी पिछले चुनाव में हार चुके थे। इनमें भी 11 सीट दातारामगढ़, कोटपूतली, झ-झुनू, सांचैर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, नवलगढ़, लालसोट, सपोटरा, बागीदौरा और बस्सी ऐसी विधानसभा सीट हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है। इन 41 सीटों में 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट ही जीती थी। वहीं 2013 में 25 सीट व 2008 में 5 सीटो पर ही जीत पाई थी।

अपने हार के आंकड़ों को सुधारने के लिए ही भाजपा ने इस बार इन 41 सीटों पर बड़ा फेरबदल किया है। इन 41 सीटों में से 29 सीटों पर इस बार भाजपा ने नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें से 6 प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय या अन्य दलों से चुनाव लड़े थे। इनमें से कई ऐसे प्रत्याशी भी है जो पिछले चुनाव में तीसरे नंबर पर आए थे। लेकिन फिर भी उनको पार्टी टिकट दे दी गई है। अभी तक भाजपा द्वारा घोषित किए गए 41 प्रत्याशियों में 6 लोकसभा के मौजूदा सांसदो को टिकट दिया गया है।

जिसमें जयपुर ग्रामीण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर को झोटवाड़ा से कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया के सामने, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा में राज्य खाद्य निगम के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव के सामने, जालौर सांसद देवजी पटेल को सांचैर से मंत्री स-खराम बिश्नोई के सामने, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक सुरेश टांक के सामने, झुंझुनू स-ांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी के सामने, राजसमंद सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को वैर से कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव के सामने उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जाएगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के सामने भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सीकर से तीन बार सांसद रहे सुभाष महरिया को प्रत्याशी बनाया है। सुभाष महरिया 2013 के विधानसभा चुनाव में गोविंद सिंह डोटासरा से पराजित हो चुके हैं।

भाजपा ने जिन 41 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से अधिकांश सीटों पर टिकट की दावेदारी जता रहे प्रत्याशियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। कई सीटों पर तो पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा भी करदी है। जिससे भाजपा की स्थिति खराब हो रही है। भाजपा ने झुंझुनू सीट पर पिछली बार चुनाव लड़े राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर पिछली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े निषित उर्फ बबलू चौधरी को टिकट दिया है। जिससे नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

मंडावा में सांसद नरेंद्र कुमार को टिकट देने से 2019 के विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी रही सुशीला सीगड़ा, पूर्व प्रधान गिरधारी खिचड़ ने भी बगावती राग अलापना शुरू कर दिया हैं। जयपुर के झोटवाड़ा सीट पर तो पूर्व मंत्री राजपाल सिंह का टिकट कटने के बाद उनके समर्थको ने सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाकर विरोध जता रहे हैं। कोटपूतली से टिकट कटने पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। भरतपुर जिले की नगर सीट से दो बार विधायक रही अनीता गुर्जर ने अपना टिकट काटने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कही है।

देवली-उनियारा सीट पर गुर्जर नेता रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला को टिकट देने पर पिछली बार भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र गुर्जर काफी ना-राज है तथा खुलकर अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए विजय बैसला को बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध कर रहे हैं। सांचैर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने पर 2018 में चुनाव लड़े दानाराम चैधरी के समर्थक तो देवजी पटेल के साथ मारपीट तक कर चुके हैं।

2022 में सहाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने रतनलाल जाट को टिकट दिया था। मगर इस बार लादूलाल पितलिया को प्रत्याशी बनाया है। उपचुनाव में पीतलिया ने निर्दलिय फॉर्म भरा था मगर बाद में समझाने पर चुनाव मैदान से हट गए थे। हालांकि भाजपा ने उदयपुरवाटी से अपने पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को टिकट देकर महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के लिए सीट नहीं छोड़कर शिंदे गुट को उनकी हैसियत दिखा दी है। लाल डायरी प्रकरण से चर्चित हुए राजेंद्र सिंह गुढ़ा पिछले दिनों ही अपने गांव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लाकर यह प्रयास कर रहे थे कि भाजपा उनके लिए खाली छोड़ दे। मगर भाजपा ने ऐसा नहीं किया।

हालांकि कांग्रेस ने अभी तक राजस्थान में अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। जबकि भाजपा ने 41 सीटों पर नाम की घोषणा कर दी है। मगर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने के बाद भाजपा में जिस तरह की आपसी खींचतान व विरोध हो रहा है उसके चलते पार्टी बैक फुट पर आ गई है। इसी कारण पार्टी ने अन्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा रोक दी है। भाजपा में घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ उठे विद्रोह से भाजपा के बड़े नेता डर गए लगते हैं। वहीं वसुंधरा राजे समर्थक वर्तमान विधायकों को भी अपनी टिकट कटने का डर सताने लगा है। मगर पार्टी में उठे विरोध को देखते हुये मौजूदा विधायकों का टिकट काटना भाजपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है।



**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

# मॉर्निंग वाक और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ

**दैनिक समाज जागरण**

मॉर्निंग वाक जाने की पुरानी आदत और फिर आजकल पार्क में कुछ सत्संग का अवसर, कुछ हम उम्र उम्रदराजों के साथ गप शप ! आज जोनल पार्क में फिर कर्नल राजा राव के साथ अपनी अपनी पसंद नापसंद व दैनिक क्रिया कलाप की चर्चा के दौरान आज के समाचार पत्रों पर चर्चा होने लगी, रिटायर्ड कमिश्नर त्रिवेदी जी भी आकर बैठ गये और ब्रिगेडियर चड्ढा सर भी तब तक आ गये। चड्ढा सर - और कर्नल क्या हो रहा है ? कर्नल राजाराव - सर यही आज के संस्कार जागरण की बातें हो रही हैं। मैंने कहा - सर आज का अखबार तो पूरे बत्तीस पेज का था, लेकिनङ्क त्रिवेदी जी - भाई साहब बत्तीस में पूरे बीस पेज तो रंग बिरंगे विज्ञापनो के थे! चड्ढा सर - और सारे विज्ञापन या तो सरकारी थे या बड़ी बड़ी कंपनियों के और कोई भी हमारे मतलब का नहीं था। मैंने कहा - सर आज तो बस आधा घंटे में पूरा पेपर पढ़ लिया, दुबारा चाय की फरमाइश की नौबत ही नहीं आने पाई! कर्नल राजाराव - पेज के पेज पलटते चले गये किसी को पढ़ने में एक मिनट और किसी को तो बस पलट कर देखने का समय लगा। त्रिवेदी सर - अरे खबरें भी तो पहले ही सोसल मीडिया में, ई-पेपर में आ ही जाती हैं बस हेडिंग देखी और आगे बढ़ गये! चड्ढा सर - खबरें भी क्या, कोई चोरी की, कोई उद्घाटन की, कोई नामकरण की और कोई नाम बदलने की और कोई बाइक स्टंट की तो कोई अपहरण की या घूसखोरी की या बलात्कार की! मेरे से नहीं रहा गया - अरे सर आज की संपादकीय देखी - वही घिसी पिटी सरकारी काम काज की भूरि भूरि प्रशंसा और विपक्ष की नाकामी ! आ-ईआईटी, एम्स, आईआईएम, आईआ-ईआईटी, नीट सभी पहली बार अभी शुरू हुये है! त्रिवेदी सर - कोई इजरायल की बात तो कोई फि लिस्तीन की बात ! उधर वेस्टर्न कंट्रीज अपने चक्कर में और रुस, चीन अपने चक्कर में, कोई हथियार देने जा रहा तो कोई पैसा दे रहा है ! मैंने कहा - परंतु भारत को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए और इस युद्ध को रुकवाने का प्रयत्न करना चाहिये। विश्व गुरु होने के नाते सभी पक्षों पर अपने प्रभाव का उपयोग कर शांति स्थापित करवाने का दबाव बनाना चाहिए।आखिर जी-20 में हमने पूरे विश्व का नेतृत्व किया भी है। बातों बातों में आठ बज गये और कर्नल राजा-राव बोले - सर अब चलना चाहिए, बच्चे को स्कूल छोड़ने का समय हो रहा है। और सभी उठ कर चल दिये वापस। ( इस परिचर्चा से यही निष्कर्ष निकलता है कि बड़े बड़े समाचार पत्र छोटे अखबारों को पनपने नहीं देते, सारे सरकारी व गैर सरकारी विज्ञापन और उनसे मिलने वाला अकूत पैसा इन्ही को चला जाता है साथ ही इनकी कीमत भी सबसे ज्यादा होती है। वहीं छोटे अखबारों को पाठकों और अपने जानने वालों से आर्थिक सहयोग की गुहार करनी पड़ती है ताकि उनका अखबार चल सके। सरकार को इस संबंध में नियम कानून बनाना चाहिए और सभी अखबारों को विज्ञापन मिलने चाहिए ताकि वह भी निष्पक्ष पत्रकारिता में अपना योग दान दे सकें और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत संबल प्रदान करने में सहयोग कर सकें।




**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

# बुनियादी शिक्षा में व्यवसायिकता के सार्थक उपयोग का महत्व।

**दैनिक समाज जागरण**

भारत में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट बनाने कारखाने चल रहे हैं स्कूल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हर वर्ष लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार बनाने के लिए डिग्रियां वितरित कर रही है,जबकि आवश्यकता मूल रूप से बुनियादी शिक्षा में व्यवसायीकरण की है, बुनियादी शिक्षा से ही ऐसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएं जो परिणाम मूलक हो और युवाओं को रोजगार देने हेतु सक्षम हो। स्कूल के सिलेबस में ही व्यावसायिक शिक्षा को महत्व दिया जाना चाहिए जिससे आगे चलकर युवा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें बल्कि अपने कई साथी बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह सक्षम बने। बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है' शिक्षित सुसंस्कृत नागरि-रक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं 'जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक, लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारि-रक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारि-रक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 2612 किसानों से 14066.30 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद

## योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से किसानों को किया जा चुका 2786.55 लाख का भुगतान

### बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित, 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्रों से की गई खरीद

लखनऊ, 19 अक्टूबरः योगी सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन पर पूरा ध्यान रखी है। मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार एक तरफ जहां आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन कर रही है, वहीं किसानों द्वारा इसकी खरीदारी पर भी काफी जोर दे रही है। योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से अब तक 2612 किसानों से 14066.30 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की जा चुकी है। इसके लिए 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्रों से खरीद की गई है। इस मद में किसानों को 2786.55 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने किसानों को पहले ही बड़ी सौगात देते हुए बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

### अलीगढ़ मंडल में 6691 व आगरा में 6364 मीट्रिक टन की हुई खरीद

बुधवार तक बाजरा की खरीद सर्वाधिक अलीगढ़ मंडल में हुई है। अलीगढ़ मंडल में कुल 6691.30 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। मंडल के हाथरस में 2180.20 मीट्रिक टन, अलीगढ़ में 1751.45, कासगंज में 1429.20 व 1330.45 मीट्रिक टन क्रमिक बाजरा की खरीद हुई। वहीं आगरा मंडल के फिरोजाबाद में 3019.20, आगरा में 1865. 65, मैनपुरी में 1062.05 व मथुरा में 418. 05 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है।

### 40 जनपदों में 2612 किसानों से की जा चुकी है खरीद

बुधवार तक 40 जनपदों में 2612 किसानों से खरीद की जा चुकी है। फिरोजाबाद में 493, हाथरस में 448, आगरा में 447, अलीगढ़ में 351, एटा में 235, कासगंज में 190, मैनपुरी में 180, मथुरा में 86, बदायूं में 46, औरैया में 39, इटावा में 38, बुलंदशहर में 31, कानपुर देहात में 21, फर्रुखाबाद में 4, संभल में 3 किसानों से बाजार की खरीद की जा चुकी है। वहीं किसानों से अन्य स्थानों पर भी तेजी से खरीदारी जारी है।

### बाजरा की खरीद के लिए 369 क्रय केंद्र स्थापित

सूबे में बाजरा की खरीद के लिए 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसमें बुलंदशहर में 9, गौतमबुद्ध नगर में 2, मुरादाबाद में 5, रामपुर में 6, संभल में 8, अमरोहा में 2, बरेली में 9, बदायूं में 18, शाहजहांपुर में 7, सीतापुर में 6, हरदोई में 8, उन्नाव में 5, आगरा में 19, मथुरा में 15, मैनपुरी में 12, फिरोजाबाद में 18, अलीगढ़ में 19, एटा में 12, कासगंज में 15, हाथरस में 14, कानपुर नगर में 5, कानपुर देहात में 11, इटावा में 15, फरुर्खाबाद व कन्नौज में 6-6, औरैया में 14, बलिया-वाराणसी में 7-7, चंदौली में 3, जौनपुर में 8, गाजीपुर में 11, मीरजापुर में 10, संत रविदास नगर में 8, प्रयागराज में 6, कौशांबी में 9, फतेहपुर में 5, प्रतापगढ़, बांदा व जालौन में 8-8 तथा चित्रकूट में 5 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम के निर्देशों के क्रम में जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण एक्शन में

**आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकार गण जनपद में निरंतर चला रहे हैं जांच अभियान**

**खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जनपद में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 08 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए किये संग्रहित**




आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आगामी नवरात्र एवं दशहरा त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने तथा विशेष कर कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे व अन्य फलाहार तथा हानिकारक रसायनों से कृत्रिम रूप से पकाए जाने वाले केले व अन्य फलों के भंडारण/विक्रय को प्रतिबंधित करने उद्देश्य से जनपद में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर जांच अभियान चला कर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में विगत दिवस सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान के निर्देशों के क्रम में व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा जनपद में सघन जांच अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों से 08 खाद्य पदार्थों का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच के लिए संग्रहित किए गए नमूनों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ को जांच के लिए प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम में अभियान के दौरान आरपी गुप्ता, रामनरेश, मुकेश, विजय, विशाल, रेनू तथा नेहा सम्मिलित रहें। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि आगे भी जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए व पूरे नवरात्र तक निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# आने वाले 10 वर्षों में पूरी तरह बदली हुई नजर आएगी देश की रेलः पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री ने देश की पहली रैपिडेक्स ट्रेन 'नमो भारत' को साहिबाबाद से दिखाई हरी झंडी**

**पीएम मोदी ने कहा- जिस योजना का करते हैं शिलान्यास, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं**

**बोले पीएम- युवा पीढ़ी को विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दशक में किसी भी देश से भारत की ट्रेन को पीछे नहीं देखेंगे**

20 अक्टूबर, गाजियाबाद/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'नमो भारत' में देश के भविष्य की झलक दिखती है। आने वाले 10 साल में देश की पूरी रेल बदली नजर आएगी। उन्होंने कहा कि नमो भारत को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान जैसे देश के अन्य हिस्सों से भी कनेक्ट किया जाएगा।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कृषकों को संचारी रोग नियंत्रण के लिए किया गया जागरूक।

**ग्राम पंचायत दादूपुर खटाना में आयोजित जन जागरूकता गोष्ठी में कृषकों को चूहा व छछूंदर से होने वाले रोगों के नियंत्रण के लिए किया गया प्रशिक्षित।**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोग नियंत्रण के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा मेरठ मंडल मेरठ अशोक कुमार यादव एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर विनोद कुमार के द्वारा विकासखंड दादरी के ग्राम पंचायत दादूपुर खटाना में चूहा व छछूंदर नियंत्रण के लिए आयोजित जन जागरूकता गोष्ठी में कृषकों को चूहा व छछूंदर से होने वाले रोगों को नियंत्रित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

आयोजित गोष्ठी में कृषकों को चूहा एवं छछूंदर से होने वाले रोगों को नियंत्रित करने के लिए उपाय भी बताए गए

1.संचारी रोग के प्रसार हेतु अन्य कारकों के साथ-साथ चूहा/छछूंदर भी उत्तरदायी है।

2. कृषि विभाग द्वारा चूहा/छछूंदर नियंत्रण हेतु व्यापक कार्यक्रम/ अभियान संचालित किया जा रहा है।

3. संचारी रोगों के रोकथाम हेतु आवासीय घरों एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों को चूहा/छछूंदर से मुक्त रखें।

4. चूहे अपना बिल घरों के अतिरिक्त झाडियों , कूडों एवं मूडों आदि में स्थायी रूप से बनाते है।, इनका समय-समय पर निरीक्षण कर साफ-सफाई व नियंत्रण के उपाय अपनायें।

5. घरों में ब्रोमोडियोलॉन 0.05 प्रतिशत के बने चारे की 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में रखने से उसे खाकर चूहे मर जातें है।

6. एल्यूमिनयम फॉस्फाइड की 3-4 ग्राम मात्रा जिन्दा बिल में डालकर बन्द कर देने से उससे निकलने वाली फास्फीन गैस से चूहे मर जाते है।

7. जिंक फॉस्फाइड 80 प्रतिशत की 10 ग्राम मात्रा को 10 ग्राम सरसों के तेल एवं 380 ग्राम भुने दाने से बनाये गये चारे को बिल में रखने से उसे खाकर चूहे मर जाते है।

चूहा बहुत चालाक प्राणी है, इसको ध्यान में रखते हुए 6 दिवसीय योजना बनाकर इनको आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है

पहला दिन- आवासीय घरों एवं आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण एवं बिलों बन्द करते हुए चिन्हित करें।

दूसरा दिन- निरीक्षण कर जो बिल बन्द हों, वहाँ चिन्हा मिटा दें, जहाँ पर बिल खुले पायें वहाँ चिन्ह रहने दें। खुले बिल में एक भाग सरसों का तेल एवं 38 भाग भुने दाने का चारा बिना जहर मिलाये बिल में रखें।

**तीसरा दिन- बिलों का निरीक्षण कर बिना जहर का चारा पुनः रखें।**

चौथा दिन- जिंक फॉस्फाइड 80 प्रतिशत की 10 ग्राम मात्रा को 10 ग्राम सरसों का तेल एवं 380 ग्राम भुने दाने में बनाये गये में बनाये गये चारे की लगभग 10-10 ग्राम मात्रा को प्रत्येक बिल में रखें।

पाँचवें दिन- बिलों का निरीक्षण करें एवं मरे हुए चूहों को एकत्र कर जमीन में गाड दें।

छठे दिन- बिलों को पुनः बन्द करें तथा अगले दिन यदि बिल खुले पाये जाये ंतो उपरोक्त कार्यक्रम पुनः अपनायें।

चूहा छछून्दर नियंत्रण हेतु बरती जाने वाली सावधानियो के बारे में भी जानकारी दी गयी। क्षेत्र के समस्त कृषकों को इस सम्बंध मे व्यापक प्रचार प्रसार कर जागरूक किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में।

**औषधि निरीक्षक एवं पुलिस टीम ने एक व्यक्ति से बिना वैध औषधि लाइसेन्स के जनपद गाज़ियाबाद से लायी जा रही 1 लाख की दवा को किया जब्त**



आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर औषधि निरीक्षक एवं पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा सयुंक्त रूप से महताब पुत्र समीरउद्दीन निवासी धूम मानिकपुर के कब्जे से बिना लाइसेन्स गाजियाबाद से लायी जा रही 1 लाख रुपए की औषधियों को बरामद किया गया। औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने जानकारी देते हुए बताया कि महताब से पूछताछ करने पर बताया गया कि उसके द्वारा औषधि को गाज़ियाबाद की फेमस मेडिकल एजेंसी फर्म से बिना बिल पर क्रय किया गया है, सभी औषधि को बिना औषधि लाइसेन्स या क्रय बिल के दादरी स्तिथ विभिन्न मेडिकल स्टोर पर ले जाया जाना था, जिनके संबंधित अभिलेखों को प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके क्रम में मौके से ही एक औषधि का नमूना संगृहीत किया गया और बाकी बची औषधि को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि औषधि की कुल कीमत करीब 1 लाख आंकी गई है। नमूने की जांच रिपोर्ट आने और औषधि के प्रस्तुत बिल के सत्यापन करने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मैसर्स एलजी इलेक्ट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में इमरजेंसी प्लान मॉक अभ्यास हुआ संपन्न।

**मॉक अभ्यास में प्रोपेन गैस के रिसाव की स्थिति पर एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू करते हुए काबू पाया।**



आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में तथा सिटी मजिस्ट्रेट नोएडा धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर के जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुवेर्दी द्वारा एनडीआरएफ आठवीं बटालियन गाजियाबाद के संयुक्त तत्वाधान में मैसर्स एलजी इलेक्ट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजीकल और न्यूकिलर पर आधारित मॉक अभ्यास किया गया, जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, स्वास्थ्य विभाग, अन्य संबंधित विभागों के साथ सीआरपीएफ, आइटीबीपी, सीआईएफ, गेल इंडिया तथा एनटीपीसी की टीमों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि आयोजित मॉक अभ्यास में मैसर्स एल जी इंडिया इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट लिमिटेड में अचानक प्रोपेन गैस का लीकेज का माहौल बनाया गया, जिसमें वहां काम कर रहे मजदूर और कर्मचारी उसकी चपेट में आने एवं भगदड़ की स्थिति बनायी गयी, जिस पर एलजी फैक्ट्री के सेफ्टी डिपार्टमेंट द्वारा रिस्पांसार के रूप में काम किया जाता है, लेकिन वह असफल रहे, तब इसे इमरजेंसी घोषित कर दिया गया और तत्काल जिला प्रशासन को सूचना देते हुए स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग एवं पुलिस को अलर्ट किया गया, जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एनडीआरएफ को इस घटना की सूचना दी। सूचना पाकर एनडीआरएफ के द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया और गैस रिसाव की स्थिति पर काबू पाया गया। राकेश चौहान जिला सूचना

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत विकासखंड जेवर में दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन।

## आयोजित गोष्ठी में कृषकों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार।



उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत विकासखंड जेवर में दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित कृषक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जेवर क्षेत्र के माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह तथा उपनिदेशक उद्यान डॉक्टर विनीत कुमार, खंड विकास अधिकारी जेवर अशोक यादव, कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक डॉक्टर विपिन, डॉ सुनील व डॉक्टर घनश्याम उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में प्रथम सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिकों के द्वारा उपस्थित कृषिकों आधुनिक तकनीक पर आधारित कृषि के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई तथा दूसरे सत्र में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कृषकों के हितार्थ विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सभी कृषक भाई अधिकारियों के माध्यम से भरपूर लाभ उठाएं। कार्यक्रम में उपनिदेशक उद्यान ने भी उपस्थित कृषकों को संबोधित किया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

**आबकारी व थाना बादलपुर पुलिस की टीम ने अवैध शराब का परिवहन करते हुये एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

गौतमबुद्धनगर 20 अक्टूबर, 2023 आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि आबकारी टीम गौतम बुद्ध नगर एवं थाना बादलपुर की संयुक्त टीम द्वारा



संदिग्ध स्थलों पर दबिश की गई। उन्होंने बताया कि दबिश के दौरान थाना बादलपुर स्थित दुजाना चौकी के पास से एक व्यक्ति संदीप पुत्र रोहताश को हीरो स्प्लेंडर प्लस वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या वढ14ऊ्ऊ3664 पर 45 टेट्रा पैक कैटरीना देशी शराब उत्तर प्रदेश में विक्रय के लिए अनुमन्य एवं 50 पौवे 20-20 स्ट्रांग मेट्रो कंट्री लिक्वर हरियाणा में बिक्री के लिए अनुमन्य का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# अब लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में गूंजेगा उत्तर प्रदेश का नाम

**-ब्रिटेन की राजधानी के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में 6 से 9 नवंबर के मध्य आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश बनेगा आकर्षण का केंद्र**

**-सीएम योगी की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग ने विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य करना किया शुरू, 52 स्क्वेयर मीटर के एरिया में स्टॉल लगाकर होगा यूपी का प्रमोशन**

**-लंदन के टूरिज्म एक्सपो में यूपी के स्टॉल को सुव्यवस्थित तरीके से स्थापित व संचालित करने के लिए एजेंसी होगी नियुक्त, ई-टेंडर के जरिए मांगा गया है आवेदन**

### 26 अक्टूबर तक इच्छुक एजेंसियां कर सकती हैं आवेदन

लखनऊ, 20 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयास कर रही योगी सरकार अब विदेशों में भी उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग करेगी। ग्लोबल लेवल पर उत्तर प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर की धाक जमाने के उद्देश्य से योगी सरकार ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में 6 से 9 नवंबर के मध्य आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश को बतौर ब्रांड व फेवरेबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट करने की तैयारी कर रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। पर्यटन विभाग वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में 52 स्क्वेयर मीटर के एरिया में एक स्टॉल स्थापित करेगा। इस स्टॉल की स्थापना व कुशल संचालन के लिए बाकायदा एक एजेंसी को पर्यटन विभाग द्वारा नियुक्त किया जाएगा। एजेंसी के लिए ई-टेंडर पोर्टल के जरिए ई-बिडिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 26 अक्टूबर तक इच्छुक एजेंसियां अप्लाई कर सकती हैं जिसके बाद चयनित एजेंसी को प्रोग्राम को सुचारू ढंग से संचालित करने का कार्यभार सौंपा जाएगा।

### उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक व ऐतिहासिक विरासत को मिलेगी प्रमुख प्राथमिकता

लंदन में आयोजित हो रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत की झलक पूरी दुनिया देख सके इसके लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप पर्यटन विभाग इन्हीं दो पैरामीटर्स पर सबसे ज्यादा फोकस कर रहा है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश में स्थापित होने वाले स्टॉल की थीमलाइन भी इसी से प्रेरित होगी। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा इस स्टॉल में उत्तर प्रदेश की सभी धरोहरों की प्रॉपर शोकेसिंग और उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टूरिस्ट डेस्टिनेशंस से जुड़े ब्रोशर्स व बुकलेट्स को एक्सपो में आने वाले एग्जिबिटर्स के सामने रखा जाएगा। इसी स्टॉल में उत्तर प्रदेश की भौगोलिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक धरोहरों की छवि के साथ ही प्रदेश की बदलती तस्वीर और विशेषकर औद्योगिक, आर्थिक, लॉ एंड ऑर्डर, गुड गवर्नेंस, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग, इंफ्रास्ट्रक्चरल ग्रोथ व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के दौरान हुए सकारात्मक बदलावों को भी शोकेस किया जाएगा।

### रूल बुक के अनुसार होगा कार्य आवंटन

टूरिज्म एक्सपो में स्टॉल इंस्टॉलेशन के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए पर्यटन विभाग ने एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। इस ई-टेंडर के लिए टेंडर फीस 5 हजार रुपए व 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित की गई है। वहीं, अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) की रकम 2 लाख रुपए निर्धारित की गई है। सारी टेंडरिंग प्रक्रिया को पर्यटन विभाग के आधीन नियमों व उत्तर प्रदेश शासन की रूल बुक के अनुसार किया जाएगा।

### 52 स्क्वेयर मीटर एरिया में लगेगा उत्तर प्रदेश का स्टॉल

इस ई-टेंडरिंग के जरिए स्टॉल की स्थापना व संचालन का कार्य प्राप्त करने वाली एजेंसी को लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में निर्धारित 52 स्क्वेयर मीटकर के एरिया में स्टॉल लगाएगी। इसके अतिरिक्त इस स्टॉल के डिजाइन, फैब्रिकेशन, सेटअप, इंस्टॉलेशन व डिसमैंटलिंग के कार्य भी इसी एजेंसी द्वारा किए जाएंगे। वहीं, स्टॉल में वीवीआईपी लाउंज, कॉफी वेंडिंग मशीन, एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन, ग्लास शोकेस, मीटिंग टेबल, लाइट बीम, पालर सॉकेट, एलईडी लाइट, नीडल पंच कार्पेट, डस्टबिन्स, चेयर्स सिलेक्शन व 45 स्क्वेयर मीटर के सिटिंग एरिया अरेंजमेंट जैसे कार्यों को पूर्ण करना होगा।

# सीएम योगी की सख्ती पर फिर चला चकबंदी विभाग में बर्खास्तगी, निलंबन का चाबुक

लखनऊ, 20 अक्टूबरः चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त नाराजगी का असर दिखने लगा है। सीएम योगी के कड़े रुख के बाद चकबंदी विभाग में एक के बाद एक लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में राजस्व आयुक्त ने शुक्रवार को काम में शिथिलता बरतने पर एक चकबंदी अधिकारी, दो बंदोबस्त अधिकारी को निलंबित कर दिया है जबकि चकबन्दी अधिकारी सम्प्रति सहायक चकबन्दी अधिकारी पर विभागीय कार्यवाही करने के साथ बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं अनियमितता पर दो चकबन्दी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

### इन पर गिरी गाज

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने चकबंदी कार्यों में शिथिलता बरतने एवं मानक के अनुसार काम न करने पर बलिया, सीतापुर के बंदोबस्त अधिकारी अनिल कुमार और सन्तोष कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही के लिए शासन को पत्र लिया है। इसी तरह मानक के अनुसार कार्य न करने एवं शिथिलता बरतने पर मऊ के चकबंदी अधिकारी अशफाक आलम अंसारी को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गयी है। इसी तरह तत्कालीन चकबंदी अधिकारी सम्प्रति सहायक चकबन्दी अधिकारी कामता प्रसाद को सिद्धार्थनगर के ग्राम गढावर में शासकीय भूमि को क्षति पहुंचाने में दोषी पाये जाने विभागीय कार्यवाही की संस्तुति के साथ आरोप सिद्ध होने पर बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं चकबंदी अधिकारी, अलीगढ़ बृजेश कुमार शर्मा व महराजगंज ऐश मुहम्मद को चकबन्दी क्रियाओं के दौरान गम्भीर अनियमितता पर दो पर एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

# प्रदेश की नारी शक्ति को मिला 29 हजार शक्ति दीदी का साथ

लखनऊ, 20 अक्टूबरः प्रदेश की नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत प्रदेश भर में महिलाओं को जागरुक करने, योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी देने, उनकी समस्या का मौके पर ही निस्तारण करने एवं बच्चों को गुड और बेड टच की जानकारी देने समेत अन्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मालूम हो कि इन सभी कार्यक्रमों का आगाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास से महिला सशक्तिकरण रैली रवाना कर किया था। योगी सरकार के मिशन शक्ति के चौथे चरण को सफल बनाने के लिए 28,965 पुलिस कर्मचारी-अधिकारी एवं विभिन्न विभाग के 7,738 अधिकारी-कर्मचारी प्रदेश की ग्राम पंचायातों, वार्ड, मोहल्लों, स्कूल, कॉलेज एवं शारदीय नवरात्र में स्थापित पंडाल, रामलीला मंच के साथ मेला स्थल का भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के थीम सॉन्ग, ध्वनि संदेश और परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। ढ़ाई हजार से अधिक महिला अपराध से पीड़िताओं का महिला बीट कर्मियों ने जाना हाल-चाल महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की अपर पुलिस महानिदेशक एवं मिशन शक्ति की नोडल पद्मजा चौहान ने बताया कि मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत 15 अक्टूबर से अब तक यूपी पुलिस एवं विभिन्न विभाग की ओर से प्रदेश के 76,043 पूजा पंडाल, रामलीला एवं मेला स्थल का भ्रमण किया गया है।

# दिव्यांगों को नवरात्रि में फल वितरण किया गया

**समाज जागरण अयोध्या**

दिव्यांग बच्चों की संस्था मुस्कान पुनर्वास केंद्र अयोध्या में ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष एवं सीनियर एडवोकेट श्री विजय शंकर पांडे ने अपने सहयोगी



के साथ पहुंचकर मानसिक मन्दित एवं मूक-बधिर बच्चों को संस्था मुस्कान पुनर्वास केंद्र अयोध्या में सेब एवं केला का वितरण किया तथा बच्चों को अपना स्नेहआशीष प्रदान किया। ज्ञात हो कि यह बच्चे भी पूजा पाठ एवं व्रत में विश्वास रखते हैं क्योंकि उन्हें विद्यालय में इस प्रकार के संस्कार प्रदान किए जाते हैं। मुस्कान में बच्चों का शैक्षिक सांस्कृतिक तथा धार्मिक सभी प्रकार का विकास किया जाता है अर्थात संपूर्ण जीवन जीने के लिए कला प्रदान की जाती है। उक्त अवसर पर संस्था के प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी प्राचार्य संगीता यादव एवं अध्यक्ष डॉक्टर रानी अवस्थी उपस्थित थी।

# अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**समाज जागरण अयोध्या**

बीकापुर कोतवाली पुलिस द्वारा एक आरोपी युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट मे चालान किया है। सब इंस्पेक्टर जय किशोर अवस्थी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बृहस्पतिवार सुबह खजुरहट मिल्कीपुर मार्ग अवस्थीपुर




मजरुद्दीनपुर तिराहा गौशाला के पास आरोपी संदीप शर्मा पुत्र देवता प्रसाद निवासी कोछा बीकापुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान करके न्यायालय भेजा गया है।

# पिता से विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फिरोजाबाद। थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका किसी बात को लेकर पिता से विवाद हो गया था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

शंकरपुर निवासी 17 वर्षीयविक्रम का किसी बात को लेकर उसके पिता होतम सिंहसे विवाद हो गया। जिससे वह काफी परेशान हो गया था। वह गांव में लगभग 1 किलोमीटर दूर एक आश्रम में चला गया।

वहां उसने फांसी लगा ली। आश्रम में आने वाले लोगों ने उसे पेड़ पर लटका देखा तो अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। उसके बारे में पता चलते ही परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। उसे लटका देखा वह लोग हैरत में पड़ गए।

पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पारिवारिक जनों तथा वहां मौजूद लोगों से घटना के बारे में जानकारी की। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। उसके चचेरे भाई ने बताया घर पर लेट आने को लेकर उसका विवाद हो गया था।

# लकड़ी काटते समय उच्च तापीय करंट से युवक की मौत

फिरोजाबाद। थाना लाइन पार क्षेत्र में लकड़ी काटते समय विद्युत करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के भिजवाया।

नगला सदा सुख निवासी 19 वर्षीयऋतिक उर्फ पुत्र जितेंद्र गुरुवार की शाम पेड़ से लकड़ी काट रहा था। इस दौरान उसका हाथ हाई टेंशन विद्युत तार से छू गया।

जिससे उसे उच्चतापीय विद्युत करंट लग गया। वह नीचे गिर पड़ा। करंट से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। उसकी मौत से परिवार की महिलाएं रोने लगी।

पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद परिवारिजनो से पूछताछ की। मृतक के शव को पोस्टमार्टम को अस्पताल भिजवाया।
पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों की सुपुर्द कर दिया।

# अनुराग सिंह ठाकुर और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा में 15 खेलो इंडिया केन्द्रों का उद्घाटन किया

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री (एमवाईएएस) श्री अनुराग सिंह ठाकुर की वर्चुअल उपस्थिति में आज सुबह हरियाणा में कुल 15 खेलो इंडिया केन्द्रों (केआईसी) का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती ललिता शर्मा, ईडी, साई आरसी सोनीपत तथा साई एवं राज्य के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

भारत सरकार ने पहले ही देश भर में 1000 खेलो इंडिया केन्द्रों (केआईसी) को अधिसूचित कर दिया है। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, ह्लहरियाणा में शुरू किए गए ये 15 खेलो इंडिया केन्द्र हमारे भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने में मदद करेंगे।



इन केन्द्रों में 15 पूर्व चैंपियन एथलीटों को शामिल किया जाएगा, जो पदक जीतने को उत्सुक अगली पीढ़ी के एथलीटों को प्रशिक्षित करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ह्लहरियाणा ह्यखेलो इंडियाह्न खेलों में शीर्ष पर रहा है और यह राज्य हमारे खेलों के इकोसिस्टम में योगदान देने के मामले में अग्रणी रहा है। ह्यखेलो इंडियाह्न योजना के माध्यम से, भारत सरकार ने जहां एथलीटों को सर्वोत्तम संभव तरीके से समर्थन प्रदान किया है, वहीं हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री मनोहर जी भी वित्तीय और नौकरी संबंधी सहायता के माध्यम से अपने एथलीटों को प्रेरित करने में सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

केआईसी में, पूर्व चैंपियन एथलीट युवाओं के प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक बनते हैं, स्वायत्त तरीके से खेल प्रशिक्षण केंद्र चलाते हैं और अपनी आजीविका कमाते हैं। ह्यखेलो इंडियाह्न योजना के तहत इन पूर्व चैंपियनों के साथ-साथ इन केन्द्रों को खेल प्रशिक्षण, कोचिंग और संचालन के लिए प्रारंभिक और वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। प्रखंड या जिला स्तर पर स्कूलों, संगठनों और अन्य पात्र एजेंसियों में उपलब्ध मौजूदा खेल संबंधी बुनियादी ढांचे के उपयोग को बढ़ाने हेतु, छोटे खेलो इंडिया केन्द्र जमीनी स्तर पर खेल इकोसिस्टम को मजबूत करने में सहायता करते हैं।

# हत्या के मामले में पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी "खब्बू" बाइज्जत बरी

**समाज जागरण**

सोनभद्र।अयोध्या हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड में ठेकेदारी को लेकर एक हत्या के मामले में सोनभद्र की टढ-टछअ कोर्ट से पूर्व-विधायक खब्बू तिवारी को राहत मिल गई है। कोर्ट ने हत्या के मामले में उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया है। खब्बू के ऊपर 26 साल पहले मर्डर का केस दर्ज कराया गया था। सोनभद्र की एमपी-एमएलए कोर्ट से अयोध्या के गोसाईगंज विधानसभा सीट से पूर्व में विधायक रहे खब्बू तिवारी को बड़ी राहत मिली है। बाहुबली पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी को कोर्ट ने हत्या के मामले में दोषमुक्त करार दिया है। 1997 से ही पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी पर सोनभद्र में हत्या का



मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें गुरुवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उन्हें दोषमुक्त कर दिया।

**ठेकेदारी को लेकर हुई थी हत्या**

सोनभद्र के पिपरी थाना क्षेत्र में 3 जून 1997 को हिंडाल्को कम्पनी में ठेकेदारी को लेकर एक हत्या हुई थी। जिसमें खब्बू तिवारी समेत तीन लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। सोनभद्र जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा आज उनको इस मामले में दोषमुक्त कर दिया गया। खब्बू तिवारी की तरफ से अधिवक्ता धर्मेंद्र दुबे और विकास शुक्ला ने बहस की। पूर्व विधायक के दोषमुक्त करार दिए जाने पर उनके समर्थकों सहित परिजनों ने राहत महसूस किया है।

# दिन दहाड़े घर में घुसकर बदमाश ने वृद्धा से मारपीट कर कुंडल और नगदी लूटे

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। घनी आबादी वाले क्षेत्र कन्हैया नगर में हुई घटना से लोगों में दहशत व्याप्त थाना दक्षिण के घनी आबादी वाले क्षेत्र मोहल्ला परमेश्वर गेट कन्हैया नगर में शुक्रवार की प्रातः दिनदहाड़े एक बदमाश ने घर में घुस-ाकर वृद्धा से मारपीट की और कानों के कुंडल घर में रखी नगदी लेकर फरार हो गया

कन्हैया नगर निवासी 60 वर्षीय राम लली पत्नी दिनेश चंद्र शुक्रवार की प्रातः घर में अकेली थी उसका पति कारखाने में नौकरी करने चला गया उसकी दो पुत्रियां हैं जो शादीशुदा है वह अपनी अपनीससुराल में रह रही है वृद्धा रामलली के अनुसार वह श-ुक्रवार की प्रातः घरेलू काम कर रही



थी तभी मौका लगते ही एक अज्ञात बदमाश मकान के अंदर प्रवेश कर गया और काम कर रही वृद्धा को दबोच लिया और उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके कानों के कुंडल उतरवा लिए तत्पश्चात घर में रखी करीब इ7000 की नगदी लेकर फरार हो गया वृद्धा द्वारा शोर करने पर पड़ोस के लोग भी पहुंच गए इधर सूचना मिलते ही वृद्धा की दोनों पुत्रिया जिनमें एक फिरोजाबाद ब्याही है और दूसरी मैनपुरी ब्याही है दोनों पुत्रिया घर पर आ गई जिन्होंने घटना से पुलिस को अवगत कराया और वृद्धा का डॉक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है कन्हैया नगर में दिन दहाड़े हुई इस घटना से लोगों में दहशत व्याप्त है पुलिस बदमाश का पता लगाने में जुटी है।

# महिला शक्ति की सदस्यों ने नवरात्रि के पावन अवसर पर डांडिया नृत्य पर किया धमाल

**समाज जागरण -बृजमोहन**

फिरोजाबाद। जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति का डांडिया उत्सव फि रोजाबाद क्लब में बड़े ही उत्साह से मनाया गया अध्यक्षा पूनम गुप्ता ने बताया कि नव दुर्गा को ब्रह्मांड की परम शक्ति कहा गया है नौ दिन उपासना करने से भक्त इस शक्ति को सिद्धि के रूप में प्राप्त करते है नव दुर्गे में डांडिया का भी विशेष महत्व है भक्त डांडिया नृत्य करके देवी को प्रसन्न करते है

प्रशासनिक निर्देशिका प्राची अग्रवाल नेबताया कि यूनिट डायरेक्टर श्री मती अनु बंसल की तरफ से यूनिट कौंसिल के अवार्ड भी इस उत्सव में दिये गये जिसके आउट स्टैंडिंग प्रेसिडेंट श्री मती पूनम गुप्ता ,आउटस्टैंडिंग प्रशासनिक निदेशिका श्री मती प्राची अग्रवाल ,आउटस्टैंडिंग वित्त निदेशिका श्री



मती राखी बंसल, एवं आउटस्टैंडिंग ग्रुप ,सर्विस प्रोजेक्ट ,मोनूमेंट अवार्ड ,मेगा आई कैम्प ,सर्विस वीक ,मेम्बर ग्रोथ अवार्ड दिये गये ।लेडी मेम्बर ऑफ ग्रुप अवार्ड श्री मती दीपा अग्रवाल को दिया गया फेड अधिकारी श्री मती वर्तिका जैन की उपस्थिति सराहनीय रही । वित्त निदेशिका राखी बंसल ने बताया कि डांडिया थीम पर हाउजी और गेम्स में महिलाओं ने खूब आनंद उठाया ।सभी महिलाओं ने जमकर डांस किया इस अवसर पर बीना चौहान, मोनिका रानीवाला , गौरी, तनु, निशा, उषा ,नीता नम्रता रखी गुंजन आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

# एका नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ उम्र छुपाने के मामले में मुकदमा दर्ज

### उप जिलाधिकारी जसराना की जांच में तथ्य छुपाने का मामला आया सामने

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। एका नगर पंचायत अध्यक्ष माया देवी सागर के पहले कार्यकाल के दौरान नामांकन पत्र में अपनी आयु अधिक दर्शाना के मामले में चल रही जांच के दौरान उप जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उनके पति समेत चुनाव अधिकारी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

कस्बा एका निवासी समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता उमेश चंद्र ने अध्यक्ष माया देवी सागर के पहले कार्यकाल में हुए चुनाव के दौरान अपनी आयु के प्रमाण पत्र छुपाने का आरोप लगाते हुए शासन से शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि अध्यक्ष पद के लिए आवश्यक आयु से माया देवी की आयु कुछ वर्ष कम थी। जिसे छुपाने के लिए शिक्षा संबंधी प्रपत्र जमा नहीं कराए गए।




शासन से शिकायत करने के दौरान ही हाई कोर्ट में भी रिट डालकर का-र्रवाई का आदेश करने की गुहार लगाई गई थी। जिसके बाद 17 जून को उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष सचिव ने जिला अधिकारी को इस प्रकरण की जांच करने का आदेश दिया था।

डीएम ने उप जिलाधिकारी जसराना आदेश सागर को इस संबंध में जांच के निर्देश दिए थे। अपनी जांच के दौरान एसडीएम जसराना ने पाया कि नगर पंचायत अध्यक्ष एका माया देवी सागर ने अपने पहले चुनाव के दौरान अपने शैक्षणिक प्रपत्रों को जमा नहीं करते हुए अपनी जन्मतिथि को जानबूझकर छुपाया था।जिस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष मायादेवी सागर एवं उनके पति योगेश लोधी समेत तत्कालीन चुनाव अधिकारी राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

चुनाव के दौरान चुनाव आयोग द्वारा मांगे गए सभी प्रपत्र मैंने जमा किए थे। जो बिल्कुल सही और ठीक पाए गए थे।पूरी गहनता से जांच कर मुझे योग्य ठहरा कर कर चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई थी। जिसमें मैने जीत हासिल की थी।

# भारतीय रेल में विशेष अभियान 3.0 ने जोर पकड़ा

स्वच्छता का पालन करने और लंबित मामलों के निस्तारण के लिए भारतीय रेल में विशेष अभियान 3.0 ने पूरी गति पकड़ ली है। हम सभी मामलों में लक्ष्यों को पूरा करेंगे या लक्ष्य से अधिक प्राप्ति करेंगे।

अभियान के प्रारंभिक चरण के दौरान, रेलवे ने 10,722 स्वच्छता अभियान चलाने, 2.70 लाख लोक शिकायतों के निस्तारण, 3.19 लाख वर्ग फीट स्थान को मुक्त करने, कबाड़ के निस्तारण के माध्यम से लगभग 190.12 लाख रुपये का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य तय किया है। रिकॉर्ड रखने और निस्तारण के लिए 1,05,062 फाइलों और निपटान के लिए 8562 वीआईपी संदर्भों को चिह्नित किया गया है।

रेलवे इन लक्ष्यों को प्राप्त करने का शानदार काम कर रहा है, और यहां तक कि कुछ श्रेणियों में लक्ष्यों को पहले ही पार कर चुका है। स्वच्छता अभियान के तीसरे सप्ताह में 11,748 अभियान चलाए गए। कार्यालयों और कार्यस्थलों में बेकार सामग्री के निपटारे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप 4.68 लाख वर्गफुट स्थान को मुक्त किया गया है। फलस्वरूप लगभग 15.15 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है।

इसके अलावा, अभियान के दौरान 1.55 लाख से अधिक जन शिकायतों का समाधान किया गया है। रिकॉर्ड रखने और निस्तारण के उद्देश्य से 91,597 से अधिक फाइलों की समीक्षा की गई है।

रेलवे अभियान में प्रयासों के प्रचार के लिए सोशल मीडिया (ट्विटर, फेसबुक आदि) और अन्य प्लेटफार्मों का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहा है।

इसके अलावा, रेलवे शेष सभी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। अभियान की प्रगति की निगरानी सचिव/रेलवे बोर्ड और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जा रही है।

# एथिक्स डिजिटल लाइब्रेरी का फीता काटकर हुआ शुभारंभ, छात्रों में खुशी की लहर

**समाज जागरण अयोध्या**

जनपद में उत्कृष्ट एवं सृजनात्मक शिक्षा के मद्देनजर बृहस्पतिवार को चौरेबाजार बैंक ऑफ बड़ौदा रोड सागर तट निकट एथिक्स डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ।

लाइब्रेरी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव अपनादल (एस) प्रमोद सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि प्रमोद सिंह द्वारा एथिक्स डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किए जाने के पहल की सराहना की और कहा कि चौरेबाजार में पहली बार डिजिटल लाइब्रेरी खुलने तथा यहां पर की गई व्यवस्था पर कहा कि इससे छात्र छात्राओं को शैक्षिक वातावरण मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा में हीं वह ताकत है जिसे हासिल कर दुनिया की हर बाधाओं को दूर कर जीवन



में सफलता हासिल की जा सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन अभी तक शहरों में हीं हो रहा था। जहां आधुनिक सुविधाओं से लैस व अनुकूल माहौल में बच्चे पढ़ाई कर आगे निकल रहे थे। मगर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजिटल लाइब्रेरी खुलने से बच्चों को पढ़ाई करने के साथ हीं शैक्षणिक चर्चा का भी मौका मिलेगा।

डिजिटल लाइब्रेरी के निदेशक संगम भारती ने बताया कि मेधावी छात्र एवं छात्राओं के अध्ययन को दृष्टिगत रखते हुए लाइब्रेरी में सभी सुविधाएं दी गई हैं। जिससे छात्र-छात्राएं डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे और प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छे से तैयारी भी कर सकेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि वातानुकूलित लाइब्रेरी में शुल्क न्यूनतम रखा गया है

# प्रयागराज हाईवे पर युवक का कुचल कर छत बिछत शव मिलने का मामला

### परिजनों ने कपड़े के आधार पर मृतक युवक की किया पहचान

**समाज जागरण अयोध्या**

कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के हदयीपुर के पास प्रयागराज हाईवे पर बुधवार को रात अज्ञात युवक की कुचलकर दर्दनाक मौत हो जाने के मामले में दूसरे दिन बृहस्पतिवार को मृतक युवक की पहचान 18 वर्षीय दिलीप गौड़ पुत्र कृष्ण प्रसाद गौड़ के रूप में हुई। मृतक युवक पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज खजुरहट में कक्षा 10 का छात्र बताया जाता है। मृतक के पिता कृष्णा प्रसाद ने बताया कि बुधवार रात मृतक दिलीप भोजन करने के बाद बिस्तर पर लेटा हुआ था। उसके बाद कहीं चला गया। बृहस्पतिवार सुबह दिलीप के घर से गायब होने की जानकारी होने के बाद खोजबीन की जा रही थी। हाईवे पर युवक की मौत होने की जानकारी मिलने के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर कपड़ों से मृतक की पहचान



की गई। बताया कि मृतक तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। अभी अविवाहित था। मृतक के पिता घर पर रहते हैं। तथा मां प्राथमिक विद्यालय खजुरहट में रसोईया के पद पर तैनात हैं। संभावना जताई जा रही है कि रात में किसी भारी वाहन की चपेट में जाने से दर्दनाक मौत हो गई। छात्र की हुई दर्दनाक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी कोतवाली जय किशोर अवस्थी ने बताया कि परिजनों द्वारा कपड़े के आधार पर मृतक की पहचान की गई है। सड़क दुर्घटना होने की आशंका है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। युवक रात में किस उद्देश्य घर से निकला था? मौके पर उसके पास कोई मोबाइल और पहचान पत्र नहीं मिला? जिसको लेकर लोगों में चर्चा है।

# गृह विज्ञान विभाग द्वारा मनमोहक सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग द्वारा डॉ० नूतन राजपाल एवं सुश्री नीतू सिंह कुशल निर्देशन में श्रीमती शिखा यादव द्वारासलाद सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में स्नातक स्तर पर गृह विज्ञान विषय की प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की कुल 25 छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मौसम के अनुसार विविध फलों एवं सब्जियों के माध्यम से छात्राओं ने झोपड़ी, तितली, फूल पत्तियों, बतख, हवाई जहाज, नाव एवं नाविक तथा जोकर आदि विभिन्न आकृतियों में सलाद-सज्जा कर अपनी अद्भुत कला कौशल का प्रदर्शन किया।

नीर क्षीर विवेकी निर्णायक मंडल में प्रो० विनीता गुप्ता एवं प्रो० प्रेमलता



ने सर्वसम्मति से निर्णय देकर कार्यक्रम को सफल आयाम प्रदान किया।

प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं में कु० शालू यादव प्रथम, कु० कृष्णा द्वितीय, कु०अंजलि ने तृतीय, तथा कुमारी अंकिता वर्मा एवं सिमरन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। छात्र-ाओं के सराहनीय एवं प्रशंसनीय रचनात्मक गतिविधियों से प्रभावित होकर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा ने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा आयोजक मंडल को बधाई दी।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में अंजलि यादव, डॉ० अंजु गोयल एवं श्री वीरेश यादव का विशेष सहयोग रहा।

# जिलाधिकारी ने बाजारा खरीद की बैठक में क्रय केन्द्र प्रभारियों को दिए निर्देष केन्द्र पर शत-प्रतिषत खरीदा जाए किसानों का बाजरा।

### किसानों से की अपील सभी किसान फसल विक्रय के लिए ऑनलाइन कराऐं अपना पंजीयन।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों व उप जिलाधिकारियों सहित सम्बन्धितों के साथ बाजरा खरीद वर्ष 2023-24 के लिए दिए गए लक्ष्य 33000 मी0टन के सापेक्ष शत-प्रतिषत किसानों के बाजरा खरीदने के लिए शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में एक आवष्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्धारित ने किए गए तहसील व क्रय केन्द्रवार बाजरा खरीद लक्ष्य के सापेक्ष एक एक कर समीक्षा की। जनपद में बाजरा खरीद के लिए कुल 19 क्रय केन्द्र खोले गए है, जिसमें तहसील सिरसागंज में क्रय केन्द्र अरांव, करहल रोड सिरसागंज, सि-रसागंज मण्डी भावली इटावा रोड़, तहसील फिरोजाबाद में क्रय केन्द्र फिरोजाबाद मण्डी, इण्डस्ट्रीयल एरिया, इण्डस्ट्रीयल एरिया द्वितीय, तहसील टूण्डला में क्रय केन्द्र टूण्डला मण्डी, टूण्डला मण्डी द्वितीय, भूत नगरीया, तहसील जस-राना में बड़ा गावं जसराना, सलेमपुर एटा बाईपास रोड, एका, तेजपुर, फरिहा, नगला पीपल उतरारा, तहसील षिकोहाबाद में षिकोहाबाद मण्डी, षिकोहाबाद मण्डी द्वितीय, दखिनारा, दखिनारा द्वितीय है। जनपद में इस वर्ष 33000 मी0टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसको जिलाधिकारी ने सभी क्रय




केन्द्रों पर अलग-अलग बाजरा खरीद का लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देष दिए है कि अपने क्षेत्र के किसानों से सम्पर्क कर बाजरा की खरीददारी का लक्ष्य पूरा करें। इसके लिए सभी केन्द्र प्रभारी अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार कर किसानों का ऑनलाइन पंजीयन कराना सुनिष्चित करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी किसानों से अपील करते हुए बताया है कि बाजार भाव से एम एस पी अधिक होने से किसानों को क्रय केन्द्रों पर अपनी फसल बिक्री करने में फायदा है और उनके बैंक खातों में सीधा भुगतान किया जा रहा है, इसके लिए किसान ऑनलाइन अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्र अथवा मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करा लें। उन्होने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देष दिए है कि क्रय केन्द्र पर आने वाले किसानों को अपनी फसल बिक्री में किसी भी प्र-कार की परेषानी नही होनी चाहिए। उन्होने कहा कि किसानों को अधिक से अधिक सुविधाऐं प्रदान करते हुए उनका विषेष ध्यान रखा जाए। क्रय केन्द्र पर पेयजल, बैठने की आदि व्यवस्था सुनिष्चित की जाए। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक सभी क्रय केन्द्रों पर सभी आवष्यक व्यवस्थाऐं पूरी कर ली गयी है और उनके द्वारा केन्द्रों का लगातार निर-ीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होने बताया कि अब तक 4403.650 मी0टन बाजरा की खरीद हो चुकी है और यहां से अब खरीददारी को और तेज किया जाएगा अभी बाजरा खरीददारी के लिए 55 दिन शेष और बचे है, जिसमें किसान अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर जाकर आसानी से बाजरा बिक्री कर सकते है।

# मां कैला देवी धाम पर सतचंडी महायज्ञ



**दैनिक समाज जागरण**

संभल।मां कैला देवी धाम पर सतचंडी महायज्ञ के आज छठे दिन क्षेत्र की प्रगति खुशहाली और संतों सज्जनों के आयु विद्या यश और बल के संवर्धन के लिए मां कैला देवी से विशेष प्रार्थना करते हुए हवन में आहुतियां दी गई। इस अवसर पर अनेक सामाजिक संगठनों हिंदू जागृति मंच, भारतीय इतिहास संकलन समिति, गायत्री परिवार, अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना,नगर हिंदू सभा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, नारी उत्थान समिति, हिंदू जागृति महिला मंच आदि अनेक संस्थाओं के संचालकों ने चंडी महायज्ञ में आकर विशेष आहुतियां दी। सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई कि सात्विक प्रवृत्ति के सभी सज्जनों सहयोगियों साधुओं संतो और सामाजिक संगठन संचालकों तथा समाजसेवियों की आयु विद्या यश बल में वृद्धि की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हुए महा यज्ञ में विशेष आहुतियां दी गई। इस अवसर पर कैला देवी धाम के महंत ऋषि राज गिरी जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति तन मन से श्रद्धा और आस्था के साथ सतचंडी यज्ञ में आहुतियां देता है भाग लेता है अथवा श्रद्धा आस्था के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा करता है या यज्ञ वेदी की पूजा करता है पूजन में भाग लेता है उसकी सभी मनोकामनाएं मां कैला देवी पूर्ण करती हैं। इस अवसर पर अनेक साधु संत संन्यासी और संगठन संचालक एकत्र हुए। सभी ने सामूहिक यजवेदी में आहुतियां दी और क्षेत्र की खुशहाली प्रसन्नता एवं सुख समृद्धि की ईश्वर से विशेष प्रार्थना की। आज मां कैला देवी धाम पर चल रहे सत चंडी यज्ञ के छठे दिन मुख्य यजमान के रूप में रहे इंद्रजीत सिंह यादव यूपी पुलिस विभाग सब परिवार और मित्रपाल सिंह ,नरेंद्र यादव ,कल्लू यादव ,गिर्राज यादव ,डॉक्टर मानक यादव, सब परिवार मिलकर हवन में आहुति दी और इसके साथ अन्य यजमानों ने भी परिवार संग मिलकर आहुतियां दी और क्षेत्र के एवं प्रदेश के कल्याण के लिए प्रार्थना की और श्री कैला देवी धाम महंत ऋषि राज गिरी महाराज जी ने लोगों को संदेश दिया यज्ञ में बैठे सभी यजमान अपना संपूर्ण ध्यान लगाकर यज्ञ का करें तभी आपका कल्याण होगा इस अवसर पर मेरे साथ अरविंद यादव कृष्णपाल यादव, धीरेंद्र ,अजय पाल मुंशी जी ,पूर्व प्रधान झमन सिंह सब ने मिलकर व्यवस्था देखी। राजेश सिंघल हिरदेश यादव जीतपाल सिंह यादव सीमा आर्य विनोद कुमार अग्रवाल अजीत राजू पूर्व मंत्री हरेंद्र सिंह चाहल आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# अल्लामा इकबाल फाउंडेशन के तत्वावधान में शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। अल्लामा इकबाल फाउंडेशन संभल द्वारा नगर के इलाइट जूनियर हाई स्कूल सरायतरीन में एक शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस-का विषय था वर्तमान परिवेश में शिक्षा की आवश्यकता समस्याएं और उनको दूर करने के उपाय गोष्ठी का शुभारंभ हजरत सुल्तान मोहम्मद खान कलीम ने नाते रसूले पाक से किया।

अल्लामा इकबाल फाउंडेशन के महासचिव और इलाइट जूनियर हाई स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष शफीकुर्रहमान शफीक बरकाती ने इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन उन्नति करने पर जोर देते हुए बालक बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों से आह्वान किया की शिक्षा एक ऐसी ज्योति है जिससे पूरा परिवेश जगमगाता है । एक शिक्षित व्यक्ति अपने समाज अपने परिवार और अपने वातावरण को शुद्ध बनाने में सहायक सिद्ध होता है इसलिए हम सब मिलकर शिक्षित समाज बनाने के लिए आगे आयें।

**वरिष्ठ अधिवक्ता एवं साहित्यकार तौफीक आजाद एडवोकेट ने कहा शिक्षा वरदान है और अशिक्षा अभिशाप**

अल्लामा इकबाल फाउंडेशन के अध्यक्ष एमजीएम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज संभल के पूर्व प्राचार्य एवं उर्दू विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज




की गोष्ठी हेतु दिया गया विषय बहुत प्रशंसनीय है । और इस पर भविष्य मै बहुत काम करने की आवश्यकता है । उन्होंने नई शिक्षा नीति पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पर जोर देने और इस को समझने की जरूरत है ।उन्होंने कहा की देहात के परिवेश में विद्यार्थियों का ड्रॉप आउट होना एक बड़ी समस्या है जिससे हमारा शिक्षा अभियान जूझ रहा है उन्होंने इस समस्या को दूर करने के लिए विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों और माता-पिता के साथ काउंसलिंग करने पर जोर दिया। इस अवसर पर इम्तियाज खान बरकाती ने कहा की शिक्षा प्राप्त करना हर इंसान का बुनियादी हक है और शिक्षा के बगैर मौजूदा दौर में जिंदगी नहीं गुजारी जा सकती

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिया पीजी कॉलेज लखनऊ के पूर्व उप प्राचार्य एवं केमिस्ट्री विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सरवत तकी ने अपने वक्तव्य में वर्तमान परिवेश में शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि यह शिक्षा नीति जिसे हम नई शिक्षा नीति के नाम से जानते हैं वह हमारे ग्रामीण परिवेश के लिए किसी बड़े चैलेंज से कम नहीं है लेकिन लगातार मेहनत और अपने ज्ञान ,विश्वास और दृण निश्चय से इस पर विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने शिक्षा को एक ऐसी धुरी बताए जिससे चहुंमुखी विकास होता है ।उन्होंने कहा कि शिक्षा से एक और तो व्यक्तित्व का निर्माण होता है दूसरी और जीविका के संसाधन भी प्राप्त किए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य व्यक्ति हो सकता है । इस अवसर पर जिया उर रहमान बरकती ने शिक्षा के प्रचार प्रसार पर आधारित गीत प्रस्तुत किया ।

गोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने तथा संचालन शफीक उर रहमान शफीक बरकती ने किया। जबकि हाजी बशीरुद्दीन खान,फरीद खान, नाजिया अली ,कुमारी राजश्री ,कुमारी शाहीन शकील, कु रिमशा खान, कुमारी शुमायला ,कुमारी हादिया सैफी ,कुमारी इल्मा खान कुमारी बेनजीर खान ,कुमारी रुबीना ,कुमारी अमरीन ,कुमारी रहमत जहां,गालिब सैफी, उजैफ खान , जिकरान खान, रेहनुमा खान आदि शिक्षक शिक्षिकाएं और गणमान्य लोग मौजूद रहे।अंत मै प्रबन्धक उमर खान गुडडु ने सभी अतिथियों का अभार व्यक्त किया।

# सूफी संवाद का कार्यक्रम देश के हर राज्य में चलाया जा रहा :फैसल मुमताज

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा द्वारा सूफी संवाद का कार्यक्रम देश के हर राज्य में चलाया जा रहा हैं लेकिन इसमें उत्तर प्रदेश सबसे प्रमुख होगा जहां से लोकसभा की 80 सीटें आती हैं।

देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी सत्ता की हैट्रिक लगाने की कोशिश में हैं। इसके लिए पार्टी इस बार मुस्लिम वोटरों को साधने की कोशिश कर रही हैं। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने



बताया कि जल्द ही रामपुर में सूफी संवाद महाभियान बैठक का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभी चंद दिनों पहले बीजेपी प्रदेश हेडक्वार्टर लखनऊ में सूफी संवाद महाभियान बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमे बड़ी संख्या में प्रदेश के सूफी उलेमाओं ने शिरकत की और बैठक की अध्यक्षता बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने थी। सूफी संवाद महाअभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का कहना हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से सूफी विचारधारा के प्रति विशेष प्रेम रखते रहे हैं। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में एक सूफी सम्मेलन को संबोधित किया था जिसे मौलाना अशरफ कछौछवी ने विज्ञान भवन में कराया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि सूफीवाद एक नूर की तरह हैं जो हिंसा से सहमी दुनिया को एक रोशनी दिखा सकती हैं।

# रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान के नेतृत्व में सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

शावेज अहमद/ दैनिक समाज जागरण

रामपुर। रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान के नेतृत्व में सीएमओ कार्यालय पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया हैं कि जिलेभर में डेंगू का प्रकोप हैं लेकिन डेंगू की रोकथाम के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा हैं। जिले की नगर पंचायत व नगर पालिकाएं दवाई का छिड़काव नहीं कर रहीं हैं जिससे आए दिन बुखार और डेंगू मरीजों की मौत हो रही हैं। उसमान बबलू



ने कहा कि स्वास्थ विभाग घर-घर जाकर लोगों की जांच कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराने का काम करें जिससे जिले में हो रही मौत पर विराम लग सके। ग्रामीण क्षेत्र में और शहरी क्षेत्र में बहुत मरीज परेशान हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल इलाज के नाम पर लोगों को लूट रहे हैं जिससे गरीब जनता का जान और धन दोनों लूटा जा रहा हैं। सीएमओ को बताया लवी नर्सिंग होम, गोटा हॉस्पिटल, अलीगढ़ हॉस्पिटल और अन्य कई हॉस्पिटल बिना मानक के चल रहे हैं उन्हें रजिस्ट्रेशन सीएमओ ऑफिस से दिया गया हैं तो इन हॉस्पिटल की जांच कर कार्रवाई करें और जो भी दोषी हो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद मुनाजिर, नन्हे, बाबू, मुनासी हुसैन, रामपाल, होरीलाल, सरदार हरी सिंह आदि मौजूद थे।

# इम्पैक्ट कालेज में ऊप्र सरकार के योजनांतर्गत युवाओं को स्मार्ट फोन वितरित

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। इम्पैक्ट कालेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में ऊप्र सरकार के योजनांतर्गत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्ट फोन वितरण किये गये।

इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल मुख्य आतिथि रहे। जिनके हाथों से स्मार्ट फोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। लगभग 128 छात्र-



छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये गये। इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि अंकुश मित्तल ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की बहुत ही महत्त्वाकांक्षी योजना हैं जिसका लाभ अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को मिल रहा हैं। सभी छात्र छात्राओं को बहुत ही सावधानी पूर्वक इन डिवाइस को इस्तेमाल करना हैं और अपनी आगे की पढ़ाई को अधिक सुविधापूर्व बनाना हैं। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद ने इस महत्त्वाकांक्षी योजना के लिए प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया तथा छात्र-छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी के गुर बताये।

इस मौके पर कॉलेज चेयरमैन डा. सुलतान अहमद, एमडी सरताज अहमद, वरिष्ठ प्रवक्ता शिखा शर्मा, सुशील कुमार, यासमीन जैदी, रमनदीप कौर, नगमा बी, अनीस खान, सबा खानम आदि मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का निरीक्षण

**शावेज अहमद/ दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया।

रामपुर रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर में परेड का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा परेड की सलामी ली गयी। परेड में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चैक किया गया। परेड



के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित आदेश कक्ष में कर्मचारियों का ओआर व भोजनालय, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, एमटी शाखा, जिम, अतिथि गृह, नव निर्माण फायर स्टेशन आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक किया। मैस में बने खाने को चैक कर उसकी गुणवत्ता को चैक किया गया तथा सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# राशन की दुकान से राशन चुराने वाले दो अभियुक्त किया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी सस्ते गल्ले की दुकान से राशन चुराने वाले दो शातिर चोरों को चोलापुर पुलिस ने गिरफ्तार करते हुये शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया।



जानकारी के अनुसार गोसाईपुर छोटा थाना चोलापुर निवासी ललित कुमार मिश्र पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने अपने सस्ते गल्ले की दुकान से गेहूं और चावल चोरी होने का आरोप लगाते हुए बीते बुधवार को चोलापुर थाने में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। प्रभार निरीक्षक चोलापुर परमहंस गुप्ता ने बताया कि शनिवार दिन रात्रि प्रेमनगर बाजार से राजकुमार दुबे उर्फ उस्ताद पुत्र वंशनारायण निवासी ग्राम छोटा गोसाईपुर थाना चोलापुर व देवनाथ बनवासी उर्फ डब्लू पुत्र दुर्जन बनवासी निवासी ग्राम छोटा गोसाईपुर थाना चोलापुर को गिरफ्तार किया गया। दोनो के कब्जे से अनाज की दो बोरियाँ बरामद की गयी। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह अनाज चोरी कर उसके बिक्री के पैसे से नशा करते हैं। गिरफ्तारी टीम में उनि. अरविन्द यादव, हेका. संजीव कुमार सिंह व हेका. नीरज राय शामिल रहें।

# दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो पलटी आधा दर्जन घायल ।।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी कपसेठी थाना क्षेत्र के स्थानीय चौराहे पर शुक्रवार की देर शाम दर्शनार्थियों से भरी तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अचानक सड़क के किनारे पलट गई जिससे उसमें सवार आधा दर्जन लोगों को सामान्य रूप




से चोट आई स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें कप सेठी के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां उनका इलाज हुआ।। ।। बताया जाता है कि इसी थाना क्षेत्र के मधुमक्खियां गांव निवासी कुछ लोग किराए की बोलेरो गाड़ी लेकर सोनभद्र दर्शन के लिए गए थे वहीं से लौटते समय यह हादसा हुआ हादसे में अमिला देवी रोहित अनूप विनय बब्बल को सामान्य चोट आई संयोग था कि घटना के समय सड़क के पटरी पर कोई मौजूद नहीं था

# 24 घंटे में सिविल लाइंस पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले को जेल की सलाखों के पीछे भेजा

**शावेज अहमद/ दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। थाना सिविल लाइन पुलिस ने फिरौती की रकम मांगने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया हैं। व्यापारी से रजिस्ट्री द्वारा उसके ही नौकर ने फिरौती मांग की थी। थाना सिविल लाइन प्रभारी पंकज पंत ने बताया कि थाना सिविल लाइन आभूषण व्यापारी



विपुल अग्रवाल से अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्र लिखकर रंगदारी मांगने की तहरीर दी थी। पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए मात्र 24 घंटे से पहले ही रंगदारी मांगने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आप्रेशन त्रिनेत्र के तहत पूरे मामले का खुलासा किया। जिसमें होरी लाल पुत्र स्व. रामदास निवासी कृष्णा विहार ज्वाला नगर को फोटो चुंगी के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं।

# दशहरा हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का देता है संदेश - अखिलेश वार्ष्णेय

## एसडीबी स्कूल में बच्चों ने दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। एसडीबी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया। बच्चों ने रामलीला के पात्र निभाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ध्रुव, प्रहलाद व यमुना हाउस के छात्र छात्राओं ने राम, रावण, लक्ष्मण, सीता आदि के रूप में दमदार अभिनय दिखाया। रावण पुतला दहन के बाद राम का राज्याभिषेक हुआ। निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने कहा कि दशहरा हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। प्रिंसिपल मीनू बत्रा ने भी बच्चों



को दशहरा, रामलीला के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम की संयोजिका शारदा बबेजा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कणिका, आशी सिंह, गौरी, विधि, प्रियांशु, हर्ष, मधु, स्तुति, अंश गुप्ता, मारिया, कोमल, भावना, माही, दीक्षा, आमिरल, सक्षम, अभिनव, शुभ, अदीक्षा, वंशिका, दीपक, अर्थव, अभ्युदय आदि छात्र - छात्राओं ने भाग लिया।

# भाकियू का धरना प्रदर्शन तहसीलदार के आश्वासन के बाद समाप्त

## भाकियू का धरना प्रदर्शन लेखपालों के भ्रष्टाचार, डीएपी संकट, आवारा गोवंश आदि मांगों को लेकर चार दिन से चल रहा था

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। विभिन्न मांगों को लेकर चार दिनों से चल रहा भाकियू का धरना प्रदर्शन तहसीलदार के आश्वासन के बाद खत्म हो गया। शाम लगभग साढ़े चार बजे तहसीलदार विजय कुमार तहसील परिसर स्थित धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने भाकियू पदाधिकारियों से समस्याओं को लेकर बात की। युवा मंडल अध्यक्ष बरेली दिनेश कुमार यादव व तहसील अध्यक्ष मुकेश भदौरिया ने तहसीलदार को लेखपालों के भ्रटाचार, डीएपी संकट, किसान दिवस को लेकर संगठन के किसानों की उपेक्षा, सीओ द्वारा निर्धारित समय में किसानों की समस्याएं न



सुनना, विद्युत विभाग की मनमानी व आवारा गोवंश की समस्याओं को बताया। तहसीलदार ने किसानों की सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया तब किसानों ने धरना समाप्त करने का फैसला लिया। इस दौरान अशोक कुमार चौहान, सोपाली यादव, सुल्तान सिंह, श्याम सिंह, राजीव, कुंवर पाल, मुनेंद्र, एड. वीरेश यादव, राम सिंह, विजयपाल आदि किसान मौजूद रहे।

# जंगल के रास्ते पैदल हांककर वध हेतु ले जाए जा रहे 37 राशि गोवंश बरामद

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

थाना नौगढ़ पर गठित टीम के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही अभिसूचना संकलन की कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष अतुल कुमार के द्वारा बहद ग्राम जमसोती जंगल में चुआड के पास से 37 राशि गोवंश को वध हेतु क्रूरता पूर्वक बांध कर मारते पीटते पैदल हांककर बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल पंडुआ ले जाते समय 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । 03 नफर अभियुक्तगण अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। कुल 37 राशि गोवंश में बरामद किया गया । बरामद 37 राशि गोवंश, 01 अदद चापड़ व गिरफ्तार 01 नफर अभियुक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# तहसील बार ने बनाया कोर्ट व्यवहार का नया नियम

**समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। केराकत एसडीएम कोर्ट में दो अधिवक्ताओं के आपस में भिड़ने को तहसील बार एसोसिएशन ने गंभीरता से लिया है। एसोसिएशन ने घटना की पुनरावृति रोकने के लिए एक नियम बनाया है। जो शुक्रवार से लागू हो गई है।

इस संदर्भ में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव ने बताया कि नए नियम के अनुसार बिना वकालतनामा के कोई भी अधिवक्ता किसी मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा। वादी और प्रतिवादी के अधिवक्ता एक दूसरे की बात पूरी होने पर ही अपना पक्ष



रखेंगे। बीच में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। इसके आलावा वही अधिवक्ता डायस पर जायेगा जिसकी पत्रावली डायस पर पेश होगी।

अध्यक्ष ने बताया कि कोई भी अधिवक्ता कोर्ट में अमर्यादित व्यवहार, भाषा या शब्दों का प्रयोग नहीं करेगा। यदि इसका उल्लंघन होगा तो संबंधित अधिवक्ता की सदस्यता एक महीने के लिए रद्द कर दी जाएगी। तथा एक हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया जायेगा। अर्थदण्ड अधिवक्ता कोष में जमा किया जायेगा। नये नियम से बार और बेंच दोनों ने अपनी सहमति जताई है। नए नियम से छोटी छोटी बातों पर बार और बेंच के बीच होने वाले मनमुटाव और अनावश्यक हड़ताल पर अंकुश लगेगा। अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव ने लिखित रूप से बताया है कि शुक्रवार से नियम लागू हो गया है।

# दलित उत्पीड़न मारपीट की धारा में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज।।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी कपसेठी थाना क्षेत्र के भिषमपुर गांव निवासी सिद्धार्थ कुमार पुत्र गुलाब राम की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ कपसेठी पुलिस ने दलित उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है ।। कपसेठी थाने में तहरीर देकर पीड़ित ने आरोप लगाया है। शुक्रवार को स्कुल से अपने घर जा रहा था कि परमहंस आश्रम भिषमपुर के पास उक्त चार लोग गोल बंद होकर मुझे रोक लिए और भद्दी भद्दी जाति सूचक गाली दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विनय चौहान,राहुल, आयुष तथा रवि चौहान पता अज्ञात के खिलाफ धारा 323 504 506 तथा दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है ।।

# 1.2 किग्रा. गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी चोलापुर पुलिस ने गांजा बिक्री में लिप्त एक अभियुक्त को 01 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक चोलापुर परमहंस गुप्ता ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बजड़ापुर ताला ग्राम मार्ग (चोलापुर) से शनिवार देर शाम अभियुक्त त्रिभुवन सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी परानापट्टी (चोलापुर) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त त्रिभुवन सिंह के कब्जे से कुल 01 किलो 200 ग्राम गाजा बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने काफी दिनों पुड़िया बनाकर क्षेत्र में गांजा बेचने की बात स्वीकार की। अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में उनि. चन्दन कुमार, का. सत्यप्रकाश यादव, का. अमित सिंह, का. दिनेश कुमार शामिल रहें।

# कच्चे कमरे का ताला तोड़ लाखों रुपए के आभूषण उठा ले गए चोर

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सेवापुरी।वाराणसी कपसेठी थाना क्षेत्र के मटुका गांव स्थित गणेश कुमार पटेल नामक युवक के कच्चे मकान का ताला तोड़कर गुरुवार देर रात चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया बताया जाता है कि उक्त युवक के परिवार के लोग गांव में ही स्थित दुर्गा पूजा देखने गए हुए थे जब वापस लौटे तो कमरे का ताला टूटा देख अवाक रह गये। अंदर पहुंचे तो कपड़ा सहित अन्य सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे साथ ही अंदर रखे बॉक्स के ताले ले टूटे पड़े थे जिसके अंदर रखें लाखों रुपए के आभूषण गायब थे। घटना की सूचना पीड़ित परिवार ने कपसेठी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गयी। वह पीड़ित के अनुसार चोरी हुए आभूषणों की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

# शारदीय नवरात्रः शीतला चौकियां धाम में कात्यायनी मां स्वरूप के दर्शन के लिये उमड़े भक्तगण

## भोर में 4 बजे से लगी भक्तों की लम्बी कतार

**समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर**



चौकियां धाम, जौनपुर। शारदीय नवरात्र के 6वें दिन शुक्रवार को मां शीतला चौकिया धाम में माँ के कात्यायनी स्वरूप के दर्शन के लिये भक्तों का दिनभर तांता लगा रहा। भोर साढ़े चार बजे माँ की आरती प्रारम्भ हुई। इधर भक्तगण कतार लगाकार माँ के दर्शन के लिये आरती समापन होने का इंतजार करते रहे। आरती होने के बाद जैसे ही मंदिर पुजारी शिव कुमार पंडा ने मुख्य कपाट खोला। दर्शन पूजन के लिये भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। आचार्यों ने बताया कि मां कात्यायनी देवी को सौभाग्य की देवी कहा जाता है। माँ के इस स्वरूप की विधि पूर्वक पूजन करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं औड़ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। चौकियां धाम में दिनभर घंटे, घड़ियाल की ध्वनि गुंजायमान होती रही। महिलाओं ने कहा कि माँ को हलवा, पूड़ी, नारियल, चुनरी का चढ़ावा चढ़ाया। तत्पश्चात भक्तगण तालाब किनारे स्थित बाबा कालभैरव नाथ का दर्शन पूजन किये। मान्यता है की शक्तिपीठ का दर्शन करने के बाद बाबा कालभैरव का दर्शन करने से आराधना सम्पूर्ण मानी जाती है। शुक्रवार का दिन होने के नाते दिनभर नौनिहालों का मुंडन तथा जनेऊ संस्कार होता रहा। मन्दिर के मुख्य द्वार पर मेला सहायता केंद्र बनाया गया है जिससे भूले भटके दर्शनार्थियों के परिजनों से कंट्रोल रूम पहुंचने पर मिलाया जा सके। मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व पीएसी बल तैनात रही।

# अभिकर्ता ही कम्पनी की रीढ़ : अम्बुज

**समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर**



जौनपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय प्रथम मछलीशहर पड़ाव के विकास अधिकारी अम्बुज श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट अभिकर्ता राज यादव को सम्मानित करते हुए कहा कि अभिकर्ता ही कम्पनी की रीढ़ होते हैं। पुरस्कार कार्य व्यवहार को एवं प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है। कार्यालय में अभिकताओं के लिये तरह तरह के कम्पटीशन का आयोजन हमेशा चलता रहता है। जिसमें अभिकर्ता कड़ी मेहनत कर शाखा का गौरव बढ़ाने का कार्य करते हैं। अभिकताओं का समय समय पर प्रशिक्षण भी कराया जाता है ताकि वह अपना काम और अच्छे तरीके से कर सकें। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि एलआईसी की पॉलिसी जीवन के कठिन समय जैसे कि पॉलिसी धारक की आकस्मिक मृत्यु, बीमारी एवं वृद्धावस्था में वित्तीय संबल प्रदान करती है। पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात अभिकर्ता राज यादव ने कहा कि इस पुरस्कार का सारा श्रेय हमारे विकास अधिकारी अम्बुज श्रीवास्तव को जाता है क्योंकि इन्हीं के मार्गदर्शन और देख रेख में हम अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करने में सफल होते हैं।

# सुरक्षित पासवर्डों का ही करें उपयोग : ओपी जायसवाल

## बालिकाओं को साइबर अपराध व हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में दी गई जानकारी

**समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर**



जौनपुर। मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ फेज के अन्तर्गत मिशन शक्ति टीम व साइबर क्राइम टीम द्वारा सेन्ट जेवियर्स स्कूल व अशोक इण्टर कालेज एवं टीडी महिला महाविद्यालय में बालिकाओं को साइबर अपराध व हेल्पलाइन नं. 1090, 181, 108, 1076, 1098, 1930 आदि के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। कार्यक्रम में साइबर विशेषज्ञ ओम प्रकाश जायसवाल द्वारा छात्राओं को साइबर सेफ्टी के बारे में जागरूकता एवं सुझाव प्रदान किया गया। श्री जायसवाल ने बताया कि सुरक्षित पासवर्डों का उपयोग करें। सबसे पहले सुरक्षित और विशेष पासवर्डों का उपयोग करना जरूरी है। पासवर्ड को सुरक्षित और असामान्य बनाएं जिसमें अक्षर, संख्याएँ और विशेष वर्ण शामिल हों। फिशिंग ईमेल से सतर्क रहें। फिशिंग ईमेल्स के शिकार न होने के लिये अज्ञात ईमेल अटैचमेंट्स और लिंक्स को खोलने से पहले सतर्क रहें। सोशल मीडिया प्रॉफाइल प्राइवेसी सेटिंग्स को जाँचें और निजी जानकारी को केवल उन्हीं लोगों के साथ साझा करें जिन्हें आप जानते हैं। किसी भी प्रकार का साइबर क्राइम होने पर तत्काल 1930 पर काल करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर**



जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मंडल वाराणसी की मंडलीय समीक्षा बैठक नगर पालिका इण्टर कालेज में हुई जिसमें बताया गया कि 21 अक्टूबर को प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं कार्यालयों पर शिक्षक-कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। साथ ही आगामी 21 नवम्बर को भी इसे दोहराएंगे। 23 नवम्बर को मंडल वाराणसी के शिक्षक पुरानी पेंशन बहाली, सेवा शर्तों को बदलने की सरकारी मंशा, विनियमितीकरण, चिकित्सा व्यवस्था सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर निदेशक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रांतीय अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने बताया कि यदि 30 नवम्बर तक इस देश और प्रदेश में पुरानी पेंशन लागू नहीं हुए तो दिसम्बर के प्रथम सप्ताह से देश व प्रदेश के सभी शिक्षालय तथा कार्यालय बंद करते हुए सामूहिक हड़ताल करेंगे। इसके लिए 36 रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियन के साथ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अपने शिक्षक व कर्मचारियों से सहमति पत्र भरवाएंगे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतसेवक तथा संचालन कार्यकारी मंडल अध्यक्ष शिवमूरत यादव ने किया। बैठक को प्रान्तीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह, संकठा सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक श्रीवास्तव, अजय प्रकाश सिंह, सुधाकर सिंह, प्रमोद सिंह, प्रदीप सिंह, शिव सिंह, श्रीप्रकाश मिश्रा, हरिकेश यादव, दिनेश चक्रवर्ती, अरविंद, राम प्रकाश सिंह, जय प्रकाश सिंह, प्रविंद सिंह, प्रवीण पाण्डेय, जयशंकर सिंह, अखिलेश चंद्र, तेज बहादुर, विजय यादव, राजमणि यादव ने भी संबोधित किया।

# तहसील में कागजी कार्रवाई के लिए पहले करो जेब गर्म - स्टेनो बाबू विनय प्रजापति

**समाज जागरण**

मामला माधौगढ़ तहसील का है जहा एसडीएम के स्टेनो बाबू को जेब गर्म करिए सारे काम तत्काल हो जाते मिली जानकारी के अनुसार स्टेनो बाबू विनय प्रजापति के द्वारा तहसील के सभी कार्य पूर्ण किए जाते है पहले उनकी लेकिन जेब गर्म करनी पड़ती है अगर अपने जेब गर्म नही की तो स्टेनो बाबू कहेंगे कि अभी टाइपिंग हो रही एसडीएम साहब गुस्से में है एक घंटे के बाद आइए तब कोई काम हो पायेगा और अगर अपने उनकी जेब गर्म करदी तो हो सकता की आपका काम कभी रुक नही सकता चाहे एसडीएम साहब हो या न हो सारे काम तत्काल कर दिए जाते और आपको ज्ञात हो तो जमानत के लिए पहले स्टेनो बाबू को हजारो रूपए दीजिए फिर आप जमानत लीजिए अगर नही दिया गया तो आपकी जमानत नही हों पाएगी कभी टाइपिंग भी होती कभी लाइट नहीं आती तो कभी फर्द नही बन पाता अगर किसी भी जमानती को जमानत लेने हो तो पहले जेब गर्म कर दो और जमानत पाओ आखिरकार चल क्या रहा है तहसील में बैगर रिश्वत के स्टेनो बाबू नही करते अपना कागजी भी काम उसके लिए भी देने पड़ती चढ़ौती मामला माधौगढ़ तहसील का जहा जहा स्टेनो बाबू आए सुर्खियों में

# ईलाइट मार्ट का करीमुद्दीनपुर में नीरज शेखर ने किया उद्घाटन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के करीमुद्दीन पुर बस स्टैंड के पास मुहम्मदाबाद चितबड़ागांव मार्ग पर ईलाइट मार्ट का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर के द्वारा फीता काट कर किया गया। तत्पश्चात नीरज शेखर एवं उपस्थित लोगों के द्वारा स्व० उपेन्द्र नाथ राय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर ईलाइट मार्ट की तरफ से नीरज शेखर को उपहार भेंट किया गया।मार्ट के संचालकों के द्वारा उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया।सभी के लिए जलपान की शानदार ब्यवस्था की गई थी।इस मार्ट में दैनिक उपयोग के सभी उत्पाद के साथ साथ साबून,सर्फ, बिस्किट , नमकीन,ड्राई फ्रूट्स, मसाला,तेल, सफोला गोल्ड, फार्च्यून, मैगी, माइक्रोनी, पास्ता,एवं कीचन से संबंधित सभी सामग्री,वर्तन सेंट,टी सेंट, लेमन सेंट, बच्चों के लिए टैडी, खिलौने, गिफ्ट आइटम, इन्वर्टर, बैट्री, एल जी फ्रीज, टीवी, वाशिंग मशीन, मिक्सर, ग्राइंडर, टोस्टर, वाटर प्यूरीफायर, सोलर पैनल, एसी, विन्डो,स्पिलिट, वायरिंग सम्बंधित सभी सामग्री,वोल्टास,सैमसंग,समरकूल,सोनी,पोलर,बजाज एवं अन्य प्रमुख कंपनियों के उत्पाद उपलब्ध है। बहुत शीघ्र इस मार्ट में ग्राहकों की सुविधा के लिए फायनेंस की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। उपस्थित लोगों ने इस मार्ट के शुभारंभ पर बधाई दी।लोगों ने कहा की इस तरह के मार्ट के खुल जाने से गांव एवं क्षेत्र के लोगों के लिए एक छत के नीचे सभी प्रकार का प्रोडक्ट उपलब्ध होगा।इस अवसर पर बिनोद राय गुड्डु, ओंकार नाथ राय,अक्षय सेठ,डाक्टर दिनेश चन्द्र राय,आलोक राय,सुनील राय,रमेश चन्द्र राय, रणजीत राय,अनिल राय,राजेश राय,संजीव राय बब्लू, फैयाज अहमद, मोहम्मद अलीम,श्री प्रकाश राय,राजू सिंह, श्रीभगवान यादव उर्फ सीरी, मिस्टर,श्री प्रकाश राय,जय प्रकाश राय,अजय राय मुन्ना,रविन्द्र राय महन्त,लल्लन पाण्डेय, पंकज राय,पियुष राय,ओम प्रकाश राय, दिग्विजय सिंह,रवि ओझा, अभिषेक राय छांगुर,उमेश राय, दुर्गेश पाण्डेय समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।सभी आगन्तुको का स्वागत अमित राय, संजय राय,सूरज राय के द्वारा किया गया।

# आमखेड़ा में शिक्षक संकुल न्याय पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**



माधौगढ़ जालौन।न्याय पंचायत अमखेड़ा में शिक्षक संकुल न्यायपंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी मुक्तेश कुमार की अध्यक्षता एवं ए आर पी विनयदीप तिवारी के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में निपुण भारत को लेकर चर्चा की गई।

बी ई ओ मुक्तेश कुमार ने निपुण भारत को लेकर आयोजित बैठक में कहा कि योजना के अंतर्गत विद्यालय में 5 पॉइंट निर्धारित है। जिसमें टूल किट का प्रयोग, उपस्थिति, मात्राओं की समझ विकसित करना, संदर्शिका का प्रयोग, टीएलएम का प्रयोग,आदि पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक सभी विद्यालय निपुण होना है, समस्त शिक्षक निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से अक्टूबर माह का आंकलन करें । निपुण लक्ष्य एप पर प्रदर्षित नए फीचर निपुण संबाद का प्रयोग करे। समस्त प्रधानाध्यापक निपुण भारत मोनिटरिंग सेंटर पोर्टल का नियमित प्रयोग करे। समस्त शिक्षक-शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग करें ताकि जल्द से जल्द विद्यालय निपुण बन सके। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर तक अस्सिसमेन्ट कर निपुण आख्या बी आर सी पर अवश्य भेजे। बैठक में सुनील श्रीवास्तव, छोटे लाल प्रजापति, अनिल मिश्रा, राजबहादुर मनोज बाथम, बालकृष्ण, उपेंद्र सिंह, नितिन कुमार,श्री श्याम जी,अजीत कुमार, सुरेन्द्र वर्मा, दीपक कुमार, दीपक दांतरे,श्री अंशुमान, अभिलाख सिंह,शक्ति सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

# सोशल साइट पर सट्टा लगाने वाले चार जुआड़ी गिरफ्तार

## 2390 रुपया नकद और चार मोबाइल बरामद

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**



वाराणसी। सोशल साइट व्हाट्सएप पर सट्टा लगाने वाले चार अभियुक्तों को सिगरा पुलिस ने दबोचा। अभियुक्तों के पास से 2390 रुपया नकद` और चार मोबाइल बरामद हुआ। इनकी पहचान विजय यादव निवासी यदुमंडी थाना लक्सा, लक्ष्मी नारायण यादव निवासी लाहंगपुरा औरंगाबाद थाना सिगरा, मोहित गुप्ता जहू मंडी थाना लक्सा और जगजीत सिंह निवासी बन्दावन धाम अपार्टमेन्ट थाना सिगरा के रूप में हुई। उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह और मनोज कुमार चौह्रान मातहतों के साथ माताकुण्ड तिराहे पर चेकिंग चला रहे थे इस बीच मुखबिर खास से सूचना मिली कि सराय फाटक औरंगाबाद मजार के सामने रमेश चन्द्र यादव भूसा वाले के मकान के गेट के बाहर कुछ लोग मोबाइल के माध्यम से नम्बर` निकाल कर व्हाट्सएप के माध्यम से हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां घेराबंदी कर चारों को दबोचा। तलाशी में 2390 रुपया नगद व चार एण्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में सभी ने अपना जुर्म स्वीकारा। बताया कि हम लोग व्हाट्सएप के माध्यम से पैसा लगाकर सट्टा खेलते हैं।

# जांच कर रहे दरोगा ने पीड़िता से साथ सोने की कर डाली डिमांड, फिर आगे जो हुआ...

**पीड़िता ने आरोप लगाया कि दरोगा ने अपनी महिला दोस्त को भी साथ लाने के लिए दबाव बनाया.**




उत्तर प्रदेश के बिजनौर में दरोगा की गंदी करतूत का मामला सामने आया. एक महिला ने दरोगा पर आरोप लगाया कि दरोगा ने उसके साथ अश्लील बातें कीं. इतने पर नहीं माना, आगे उसे साथ में सोने की भी डिमांड कर डाली. महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था. उसी मामले की जांच की जिम्मेदारी दरोगा को मिली थी. आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला.

### क्या है पूरा मामला?

मामला कुछ यूं था कि कस्बा झालू की रहने वाली एक युवती को दिल्ली निवासी शुऐब ने अपने प्रेम जाल में फंसाया. शुऐब ने घूमने के बहाने युवती को देहरादून और मसूरी ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए. हालांकि बाद में आरोपी ने महिला से निकाह भी कर लिया. कुछ दिन बाद आरोपी ने महिला से तलाक भी ले लिया. इसके बाद महिला से संपर्क बंद कर दिया. महिला ने कई बार मिलने का प्रयास किया लेकिन आरोपी ने मना कर दिया. यहां तक कि ससुराल वालों ने महिला से दहेज भी मांगे. तंग आकर महिला ने पुलिस थान में देहज उत्पीड़न की शिकायत की. केस दर्जा हुआ. जांच का जिम्मा उठाया दरोगा धर्मेंद्र गौतम ने.

### दरोगा ने पीड़िता को अपनी फ्रेंड को भी बुलाने के लिए कहा

केस के मुताबिक, गौतम जांच के लिए मसूरी के एक होटल में गया. पीड़ता और उसकी एक दोस्त दोनों भी दरोगा की कार में जांच में मदद करने के लिए साथ गईं थीं. महिला ने दरोगा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जैसे ही होटल में वो पहुंचे, दरोगा की नीयत बिगड़ गई. दरोगा उससे उसके साथ अश्लील बातें करने लगा. इतने पर नहीं माना, आगे उसे साथ में सोने की भी डिमांड कर दी. सिर्फ इतना ही नहीं पीड़िता के साथ-साथ किसी महिला दोस्त को भी संग लाने के लिए दरोगा ने दबाव बनाया. हालांकि महिला वहां से कैसे तो बच निकली. अपने चाचा के घर चली गई. हालांकि दरोगा उसे फोन करके परेशान करने लगा. कॉल पर उसने साथ में सोने की डिमांड रखी. हालांकि महिला चालाक थी. उसने कॉल रिकॉर्ड कर लिया.

# नवरात्रों में *जयंती माता जालौन देवी मंदिर पर प्रतिदिन जुट रही है भक्तों की भीड़

## पांडवों ने वनवास काल में व्यास जी से करवाई थी मूर्ति स्थापना

## प्रतिदिन अलख सवेरे अदृश्य शक्तियां कर जाती हैं पूजा



माधौगढ़ रामपुरा। , जालौन जनपद जालौन का मुख्य देवी शक्तिपीठ जालौन देवी मंदिर पर जयंती माता की पूजा अर्चना करने के लिए प्रतिदिन हजारों भक्तों की भीड़ जुट रही है । नवरात्रि के अवसर पर अनेक प्रदेशों के भक्त देवी दर्शन हेतु सुबह से पंक्ति बंद होकर मंदिर में प्रवेश करने के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करते दिख रहे हैं। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में जनपद जालौन के विकासखंड कुठौंद अंतर्गत ग्राम जालौन खुर्द की सीमा में स्थापित जयंती माता का जालौन देवी मंदिर प्रतिदिन हजारों भक्तों के द्वारा मां के लिए बोले जा रहे जयकारो एवं घंटों की ध्वनि से गुंजित हो रहा है ।ग्राम जालौन खुर्द में होने के कारण जयंती माता के मंदिर को जालौन वाली माता कहकर पुकारा जाता है । किवदंती है कि द्वापर युग में जब पांडव धूत कीड़ा में अपना राज-पाट गवां कर 12 वर्ष के वनवास एवं 1 वर्ष के अज्ञातवास के लिए वन वन भटक रहे थे उसी समय पंचनद तीर्थ क्षेत्र में भी कुछ काल तक साधना युक्त विश्राम किया उसी दौरान यमुना तट पर जहां आज जालौन देवी का मंदिर है उस स्थान पर सिद्ध संत जलवान ऋषि का आश्रम था । भ्रमण करते पांडव महात्मा जलवान ऋषि के आश्रम पहुंचे और उन्हे प्रणाम कर अपने ऊपर आयी विपत्तियों के आगमन का कारण व उनसे मुक्ति का उपाय पूछा तब सिद्ध संत जलवान ऋषि ने उन्हें मां जयंती देवी की उपासना करने को कहा तब पांडवों ने अपने पूर्वज ऋषि भगवान श्री कृष्ण द्वैपायन (व्यास जी) को कालपी से आमंत्रित कर माता जयंती की स्थापना कराने का अनुरोध किया। बताते हैं पांडवों के द्वारा स्थापित माता जयंती सर्व क्लेश हरण करने वाली एवं सुख समृद्धि प्रदान करने वाली देवी है । दस्यु युग में



जब जंगल के रास्तों से गुजर कर इस मंदिर पर पहुंच पाना अत्याधिक कठिन एवं जोखिम भरा था उस समय पंचनद के बीहड़ में शरण लेने वाले दुर्दांत डकैत भी बड़े भक्ति भाव से यहां धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करते रहते थे ।स्थानीय निवासी डा. जयवीर सिंह कंझारी, बटेश्वर पाल कंझारी, देवेंद्र सिंह सेंगर सल्लू , महेंद्र सिंह सेंगर पतराही , सुरेंद्र सिंह सेंगर बहादुरपुर , मदन महाराज कंझारी सहित अनेक लोग बताते हैं कि हजारों वर्षों से लेकर अभी तक कोई अदृश्य साधु संत प्रातः 3 से 4 बजे के मध्य मंदिर में देवी मां की मूर्ति पर जल व पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर जाते है । बुंदेलखंड के इस शक्तिपीठ की मान्यता है कि सच्चे मन से के जाने वाली प्रार्थना को मां अवश्य सुनती हैं एवं याचक की मनोकामना पूर्ण होती है परिणाम स्वरूप वर्ष भर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है । आसपास 100 किमी के क्षेत्र में इस मंदिर की अत्यधिक मान्यता है। नवरात्रि के अवसर पर अनेक प्रदेशों से हजारों की संख्या में भक्त आकर मां से अपने कल्याण की प्रार्थना करते हैं ।

### देवी जागरण एवं अखंड भंडारे का अद्भुत नजारा

जयंती माता जालौन देवी मंदिर पर भक्तों द्वारा मां के जयकारों एवं घंटों की गूंजती ध्वनि से यूं तो संपूर्ण वातावरण भक्ति में बनता ही है जागरण के साथ भक्तों के द्वारा माता का भंडारा भी कराया जाता है

### चप्पे चप्पे पर तैनात पुलिस की सख्त निगहवानी

पुलिस अधीक्षक जालौन निर्देशन में क्षेत्राधिकारी जालौन के नेतृत्व में थाना कुठौंद एसएचओ व आधा दर्जन उप निरीक्षक स्थानीय पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात होकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दायित्व का निर्वाहन करते हैं

# नाबालिग बेटी से बलात्कार के दोषी को 20 साल जेल की सजा, जानें कोर्ट ने और क्या-क्या कहा




नाबालिग बेटी से बलात्कार के दोषी को 20 साल जेल की सजा मिली. बेंगलुरु की एक पोक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से बलात्कार के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई है और 10,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. वेस्ट डीसीपी डिविजन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, श्रीनिवासनगर के पास टेलीफोन लेआउट निवासी रामू को पंचम अपर एवं सत्र पॉक्सो कोर्ट ने सजा सुनाई.

### अपनी बेटी का करता था रेप

केस के मुताबिक, आरोपी ने जनवरी से मार्च 2022 के बीच अपनी नाबालिग बेटी के साथ कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया. एक शिकायत के बाद तत्कालीन जांच अधिकारी बी.एन. लोहित ने रामू के खिलाफ पॉक्सो कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया. पुलिस ने दोषी पर आईपीसी की धारा 376 (आई), (एन) और पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 और 8 के तहत मामला दर्ज किया था.

### कोर्ट ने क्या कहा?

पॉक्सो कोर्ट के जज एन नरसम्मा मामले की सुनवाई कर रहे थे. उनके सामने दलीलें पेश की गईं. कोर्ट को बताया गया कि आरोपी 3-4 महीने से अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करता था. जिसकी वजह से वो प्रेगनेंट भी हो गई थी. यहां तक कि आरोपी ने किसी से इसके बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी.

जज एन नरसम्मा ने आरोपी को दोषी ठहराया है. इसके साथ ही जज ने कर्नाटक लीगल सेल अथॉरिटीज को पीड़िता को 7 लाख रुपये मुआवजा देने का भी निर्देश दिया.

# दिल्ली में पहली बार... लेजर लाइट्स से आसमान में बनाए जाएंगे रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले

## एक साथ कई लेजर लाइट्स का इस्तेमाल करके लाल किला पर आसमान में पुतले बनाए जाएंगे.

दिल्ली की रामलीला में इस बार आपको रावण, कुंभकरण और मेघनाथ (फ्ंल्ल ङ्र्डुं'१ल्ल, टौॅल्लंइँ) के पुतले आसमान में खड़े दिखाई देंगे. यह डिजिटल पुतले होंगे जो लेजर लाइट्स (छंरी१ छँ३२) से खुले आकाश में बनाए और दिखाएं जाएंगे. इसके अलावा दिल्ली की रामलीलाओं (ऊ॑ फें") में रिकॉर्ड 110 फीट ऊंचाई वाले रावण के पारंपरिक पुतले भी लगाए जा रहे हैं. तकनीक का यह अनूठा प्रयोग लाल किला मैदान पर होने वाली ह्यलव कुश रामलीलाह्न में किया जा रहा है. लव कुश रामलीला के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि रामलीला में हर बार की तरह सामान्य पुतले भी बनाए जा रहे हैं. देश के बेहतरीन पुतला कलाकारों द्वारा रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के विशालकाय पुतले बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है. हालांकि, इस बार लेजर की मदद से लाल किला के सामने खुले आसमान में बनाए जाने वाले यह डिजिटल पुतले भी आकर्षण का मुख्य विषय हैं. तकनीक का अनूठा और अपनी तरह का पहला प्रयोग : दरअसल, एक साथ कई लेजर लाइट्स का इस्तेमाल करके लाल किला पर आसमान में पुतले बनाए जाएंगे. रामलीला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरव गुप्ता के मुताबिक किसी भी रामलीला में किया जा रहा तकनीक का अनूठा और अपनी तरह का पहला प्रयोग है. इसके लिए एक्सपर्ट ने बाकायदा पूरी रिहर्सल की है और अब दशहरे की रात लोग इस भव्य नजारे को देख सकेंगे.

## विधानसभा निर्वाचन हेतु 21 अक्टूबर से लिए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

रायसेन। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा अनुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर को प्रारंभ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर अरविंद दुबे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी तथा अभ्यर्थी 02 नवम्बर तक नाम निर्देशन वापस ले सकेंगे। रायसेन जिले में निर्वाचन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बरेली में न्यायालय कक्ष में प्राप्त किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज के कक्ष क्रमांक-11 में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची हेतु नाम निर्देशन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, कलेक्ट्रेट भवन रायसेन में और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेगमगंज के कक्ष क्रमांक-4 में प्राप्त किए जाएंगे। सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाईन जमा किया जा सकता है नाम निर्देशन,,,,

आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है और निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है। नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म 2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। और किसी भी अभ्यर्थी को उसके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रकाशन के लिये प्रारूप सी-1 एवं सी-4 देना होगा।

विधानसभा निर्वाचन व्यय की सीमा 40 लाख रू निर्धारित,,

विधानसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के व्यय के लिए पृथक से बैंक खता खुलवाना होगा। निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रू निर्धारित की गई है। निष्पेक्ष राशि 10000 रू और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5000 रू निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के लिए एक प्रस्तावक तथा शेष के लिए 10 प्रस्तावक आवश्यक है। संवीक्षा दिनांक को अभ्यर्थी की उम्र 25 वर्ष होना आवश्यक है। अभ्यर्थी मध्य प्रदेश विधानसभा क्षेत्र का मतदाता हो किन्तु प्रस्तावक संबंधित विधानसभा का होना आवश्यक है। यदि अभ्यर्थी अन्य विधानसभा क्षेत्र का मतदाता है तो उन्हें संबंधित विधानसभा की मतदाता सूची के विवरण की सत्य प्रतिलिपि प्रस्तुत की जाना आवश्यक है। नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थी के साथ अधिकतम चार व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं। एक अभ्यर्थी अधिकतम 4 नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकता है। अभ्यर्थी अधिकतम दो सीटों से नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

## रजेगांव एवं बैहर से छः लाख से अधिक की नगदी बरामद,अन्तराज्रीय नाके पर की गयी कार्यवाही

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(21 अक्टूबर )आचार संहिता के बाद से ही अंतरराज्यीय बॉर्डर और जिला सीमाओं पर एफएसटी तथा एसएसटी दलों द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। ऐसी ही जांच के दौरान मप्र-महा-राष्ट्र सीमा स्थित रजेगांव नाका में चेकिंग के दौरान एसएसटी दल के वीरेंद्र मरकाम ने शुक्रवार को एमएच-35-एआर 9060 वाहन से 3 लाख 97 हजार रुपये जब्त गए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाले ने बताया कि आरटीओ और पुलिस की मौजूदगी में हुई जांच में वाहन में सवार गजानंद श्रीराम राहंगडाले पंवार उम्र 44 लिमाटी तहसील गोरेगांव गोंदिया, हितेंद्र नेतराम बिसेन पंवार चोपा के चांगोटोला जिला गोंदिया और वाहन चालक व मालिक लांजेवार सुरेश कटंगी विजयनगर गोंदिया के पास से 3 लाख 97 हजार रुपये पकड़े गए।



एसएसटी व पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा बनाया गया। नकद प्राप्त नोट में 500-500 सो के 393, 200-200 के 352, 100-100 के 1001 और 50-50 के 600 इस तरह कुल 3 लाख 97 हजार जब्त हुए है। यह दूसरा अवसर है जिले में इतनी बड़ी राशि अंतरराज्यीय बॉर्डर से जब्त की गई। बैहर से 2 लाख 42 हजार रुपये बरामद जिले की सीमाओं पर की जा रही जांच और एफएसटी व एसएसटी टीमों की सक्रियता से लगातार नगदी के प्रकरण सामने आये है। दोपहर करीब 3 बजे बैहर थाना क्षेत्र के रौंदाटोला में एफएसटी दल द्वारा वाहन क्रमांक सीजी-04-एलटी-1333 से 2 लाख 42 हजार रुपये नगद पाये गए। दल द्वारा जब्त कर विधिवत कार्यवाही की गई। इस तरह शुक्रवार को हुई दो कार्यवाहियों में कुल 6 लाख 39 हजार रुपये नगद जब्त किए गए।

## संभाग की 5 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार तय - हारी हुई 4 सीटों पर दिए 2 नए चेहरे

शहडोल । कांग्रेस द्वारा गुरुवार की रात शहडोल संभाग की पांच विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। इसके बाद संभाग की आठ विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी तय हो गए हैं। गुरुवार को जारी हुई लिस्ट में बांधवगढ़ विधानसभा सीट से सा-वित्री सिंह और मानपुर विधानसभा सीट से तिलकराज सिंह को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस द्वारा जिन आठ लोगों को अपना प्रत्याशी तय किया हुआ है उनमें से 2 वर्तमान विधायक हैं। वही हारी हुई सीटों पर पार्टी ने 2 नए चेहरों को मौका दिया है। जो पहली



बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जयसिंहनगर से नरेंद्र मरावी और व्यौहारी से रामलखन सिंह पहली बार विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरेंगे।

शुरू हो गया विरोध

जयसिंहनगर से नरेंद्र मरावी की टिकट की घोषणा होने के बाद विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। यहां से टिकट की दावेदारी कर रहे कांग्रेस नेता जय करण सिंह द्वारा टिकट को लेकर अपना विरोध भी दर्ज कराया है। इसके अलावा और भी नाम है जो विरोध में सामने आ सकते हैं ।

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलमती लड़ेगी निर्दलीय चुनाव?

जितेंद्र शर्मा

जयसिंहनगर।

2023 का विधानसभा चुनाव को लेकर कशमकश का दौर जारी है। भाजपा ने भले ही जयसिंहनगर से अपना प्रत्यासी घोषित कर दिया हो और तबादला नीति का उपयोग किया हो पर भाजपा को घेरने की तैयारी भाजपा के लोग ही कर चुके है। यही स्थिति जैतपुर में कांग्रेस के साथ देखी जा रही है और काग्रेस की उमा को कांग्रेसी क्षमा करने का नाम नहीं ले रहे है।

जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने जैतपुर विधायक मनीषा सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में मनीषा सिंह काफी डैमेज हुई और क्षेत्र में यह आरोप रहा कि जैतपुर का विधायक कौन, तरह-तरह के आरोप लगाए यहां तक कि मनीषा सिंह के पति राजेन्द्र सिंह उर्फ बबुआ को भी लपेटने का काम किया गया। भाजपा में पार्टी के अंदर अदला बदली करते हुए जयसिंह को जयसिंहनगर से हटाकर जैतपुर भेजा और यह प्लान तैयार किया कि मनीषा सिंह को जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र चुनाव लड़वाया जाए लेकिन जयसिंहनगर क्षेत्र में मनीषा सिंह की वो पकड़ नहीं हो पाने के कारण भाजपा को काफी झटका भी झेलना पड़ रहा है। यह भी जन चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा या अन्य माध्यम के द्वारा इस विधानसभा क्षेत्र में जो सर्वे कराया गया था उसने उसे क्षेत्र के स्थानीय चार से पांच दावेदारों का नाम सामने आ रहा था और मनीष सिंह का नाम उक्त सर्वे में नहीं था। इसके बाद भी कि सर्वे के आधार पर उन्हें टिकट दिया गया हालांकि भाजपा द्वारा अनेकों स्थानों में सर्वे के आधार पर टिकट न देते हुए संगठन की सेवा के आधार पर भी टिकट दिया गया है।

भाजपा के अंदर जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से कई दावेदारों ने अपनी दावेदारी जताई थी जिसमें मनोज आर्मो रमेश कोल, संचिता सवेर्टे, फूलमती सिंह के नाम शामिल रहे,और ये सभी दावेदार बेदाग छवि वाले रहे हैं लेकिन संगठन ने मनीषा को जयसिंहनगर क्षेत्र से चुनाव लड़ने की चाबी सौंप दी। अब अंदर ही



अंदर जो घमासान मचा हुआ है उसमें यह बात भी चर्चा का विषय बनी हुई है कि कोल समाज के वोटों को भाजपा के खिलाफ तितर- बितर करने का काम अनूपपुर से किया जा रहा है। वहीं गोहपारू से गोड़ समाज के वोटों को भी काटने की कवायद बड़ी तेजी से शुरू है। जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में तो मनीषा सिंह ने डैमेज कंट्रोल का फंडा अपनाया था और खुद हद तक सफल रही लेकिन जयसिंहनगर में कई दावेदारों पटकनी देते हुए उनकी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है।

भाजपा जिस तरह से पार्टी से असंतोष व्यक्त करने वालों को जिस तरह से मनाने की कोशिश कर रही लगता नहीं कि स्थिति नियंत्रित हो पाएगी। गौरतलब है कि जिला पंचायत की उपाध्यक्ष फूलमती सिंह नेस्व सहायता समूह के माध्यम से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में इस जिले का नाम रोशन किया है। राष्ट्रपति हो या प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के आयोजन रहे हो इन सभी में शहडोल को एक महत्वपूर्ण दर्जा मिला है और फूलमती के साथ लगभग 30 हजार महिलाए जुड़ी हुई हैं जो एक आवाज पर दौड़ने का काम करती हैं ऐसे में फूलमती सिंह को दावेदार न बनाकर ठोस निर्णय नहीं लिया है इस बात की चर्चा पूरे संभाग में हो रही है और अब फूलमती सिंह ने जो वर्तमान में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी है। जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया है । यह महत्वपूर्ण है कि अगर फूलमती सिंह ने भाजपा के खिलाफ बगावत की और निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ा तो हो सकता है कि भाजपा को करारा झटका भी लगे।

अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि अंदर ही अंदर कांग्रेस भी ये चाहती है कि फूलमती सिंह अपने निर्णय पर अटल रहे और उनके साथ भी ना इंसाफी का हिसाब चुकता हो । समूहों की महिलाओं ने तो नारा भी दे दिया है अब कमल के फूल से नहीं दीदी बांटेगी विधानसभा क्षेत्र में गुलाब के फूल ।ऐसे में गुलाब और कमल के बीच जो टकराहट देखने को मिलेगी उस पर भाजपा का संगठनात्मक चेहरा है वो उजागर हो जाएगा। वैसे भी नगरपालिका चुनाव में भाजपा को कई जगह जोर का झटका लगा है जो अभी तक भुलाया नहीं जा सका है अगर नगरपालिका चुनाव मिली जुली सरकार न बनती तो भाजपा को करारा झटका लगना तय है।

## कानपुर में और बढ़ा प्रकोप, अस्पताल में बुखार के एक दिन में 400 मरीज

सुनील बाजपेई

कानपुर। यह महानगर आजकल खतरनाक बुखार के शिकंजे में है। लगभग ऐसा कोई घर नहीं है जहां एक लोग बुखार की समस्या से पी-ड़ित ना हों इस दौरान बीते 24 घंटे में 37 डेंगू पॉजिटिव मिलने से स्वास्थ्य विभाग भी परेशान है।

डॉक्टर के मुताबिक यह बुखार ऐसा है कि आपके शरीर को दर्द से तोड़ देता है। ऐसे में मरीज बिस्तर से उतर तक नहीं पा रहा है। एक-एक कदम चलने के लिए मोहताज है। चिकित्सकों की माने तो यह बुखार हड्डियों पर ज्यादा असर दिख रहा है। इस बुखार में जिस मरीज ने जरा भी लापरवाही बरती उसके साथ बड़ी समस्या देखने को मिल रही है। कई मरीजों को आईसीयू तक जाने की नौबत आ रही है। इस बीच जो खबर मिली है ,उसके मुताबिक कानपुर में पिछले 24 घंटे के अंदर 37 लोगों की डेंगू पॉजीटिव रिपोर्ट आ चुकी है, जबकि कानपुर मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल की ओपीडी में 400 मरीज केवल बुखार के पहुंचे हैं। अगर इसी क्रम में सरकारी अस्पताल, काशीराम और उर्सला अस्पताल की बात करें तो 24 घंटे के अंदर लगभग 200 मरीज बुखार के आ चुके हैं जिनमें 50 से अधिक मरीजों कोअस्पतालों में भर्ती भी किया जा चुका है। कुल मिलाकरबु-खार इस महानगर के लोगों को लगातार जकड़ता जा रहा है। ग्रामीण अंचल के भी हालत बहुत खराब है यहां भी घर-घर लोग बुखार के शि-ाकार हैं ,जिसका सबसे ज्यादा फायदा झोलाछाप उठा रहे हैं।

## नवरात्र गरबा के दूसरे दिन तनाज ईरानी से मिलने उमड़ पड़ा बिलासपुर, तीसरे दिन शहर वासियों संग गरबा खेलने निशी सक्सेना आई।

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। बिलासपुर के सबसे बड़े नवरात्र गरबा के दूसरे दिन भारी उत्साह बिलासपुर वासियों की देखने को मिली, क्लब रॉयल पार्क में हो रही नवरात्र गरबा के दूसरे दिन तनाज ईरानी ने सभी को गरबे धुन पर थिरकने पर मजबूर कर दिया,, तीन दिवसीय नवरात्र गरबा की के दूसरे दिन 19 अक्तूबर को टीवी कलाकार तनाज ईरानी पहुंची और बिलासपुर वासियों संग गरबा की धुन पर साथ दिया। अपने पसंदीदा कलाकार को अपने बीच पाकर खुशी का ठिकाना नहीं था। खचाखच भरे मैदान में लोगो ने मोबाइल के टॉर्च जलाकर तनाज ईरानी का जोशीला स्वागत किया।

हर जुबा पर नवरात्र गरबा 2023 की चर्चा।

शहर में पिछले साल 2022 से शुरू हुई नवरात्र गरबा ने अपने पहले ही साल में लोकप्रिय हो गई, आयोजक पीछले तीन महीनों से इसकी तैयारी पर जुटे हुए थे।विगत वर्ष पारिवारिक माहौल में हुए इस गरबा को लोगो ने हाथो हाथ लिया, यही कारण है कि इस वर्ष भी लोगों ने सबसे पहला स्थान गरबा के लिए नवरात्र गरबा को चुना।

रामूजी ग्रुप की रही विशेष तैयारी।

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े गरबा में



विशाल मंच तैयार किया गया है, जहा शहर वासियों को आराम से अपने चेहेते कलाकारों को देखने में कोई दिक्कत नही होगी, वही सवा एकड़ जैसी बड़ी आउटडोर में लोग आराम से गरबा का आनंद ले रहे है। हर दिन आ रहे चहेते टीबी कलाकार विगत वर्ष भी तीनों दिन टीवी कलाकार और बॉलीवुड फेम शहर में चर्चित रही, इस वर्ष भी तीनों दिन टीवी एक्ट्रेस शहर वासियों के साथ गरबा खेलेंगी। पहले दिन जहां अनुपमा फेम मुस्कान बामने ( पाखी ) बिलासपुर पहुंची वही दूसरे दिन 19 अक्तूबर को मशहुर एक्ट्रेस तनाज ईरानी पहुंची साथ ही तीसरे और अंतिम दिन अनुपमा फेम और सबकी चेहेती निशी सक्सेना (डिंपी) आ रही है।

रामूजी ग्रुप के द्वारा यह गरबा कराया जा रहा है जिसके आयोजनकर्ता है, राकेश प्रताप सिंह परिहार अमित संतवानी, महफूज खान, उत्तपल सेनगुप्ता गोविंद शर्मा नवरात्र गरबा समिति ।

## पुलिस की कार्यवाही से अवैध कारोबारियों में हड़कंप आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(21 अक्टूबर )जिले में पुलिस अवैध कारोबारियों पर कहर बनकर टूट पड़ी हैं।गुरुवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने छोटी पनबिहरी में रेवा शंकर सोनेकर के मकान में किराये से कमरा लेकर आनलाईन क्रिकेट सट्टे का जखीरा पकड़ा गया। पुलिस टीम के द्वारा मकान में दबिश के समय कमरे में 07 लोग पाये गए जो सट्टे के काम में व्यस्त थे। यहां मोबाईल तथा लेपटाप पर इंटरनेट के माध्यम से स्काय एक्सचेंज-247 के वेबपेज पर इंडिया बांग्लादेश मैच पर सट्टा खिलवाकर आनलाईन कस्टमर से हार जीत का दांव लगवाते हुये,मौके पर तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 02 लेपटाप, 10 मोबाईल फोन, 02 रजिस्टर , 02 डाट पेन , 05 एडॉप्टर, 06 चार्जिंग वायर, 02 नग पावर बैंक और उसी कमरे से 07 कागज के कार्टून में देशी मदिरा 180 एमएल के 350 पाव कुल जुमला 63 लीटर. देशी शराब कीमत करीब 21000/- रुपए मिले। जिसे ड्राय-डे अथवा चुनाव के दौरान शराब दुकान बंद रहने पर अधिक कीमत में बेच कर लाभ कमाने की नियत से रखा गया था। मौके पर मिले साक्ष्य को जप्त किया गया, आरोपीगण का कृत्य धारा 4(क) सर्व धुत अधिनियम एवं 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय अपराध होने से मौके पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने की कार्यवाही जारी है। इस पुरी कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा, उनि गौरव शर्मा , का. प्र.आर 969 गजेंद्र पटले, आर.209 तारेन्द्र बिसेन, आर 1314 मनीष, आर. 1475 कपिल आर. 1127 राधेश्याम बधेल की विशेष भूमिका रही।

इनकी हुई गिरफ़्तारी

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में छोटी पनबिहरी के रेवा शंकर सोनेकर के मकान से इन्हे सट्टे के कार्य में संलिप्तता के दौरान पकड़ा गया। इनमें 1, मनीष पिता सुदामा चंदनाने जाति सिंधी उम्र 31 वर्ष निवासी ईडब्ल्यूटी 40, शांति नगर, भिलाई थाना वैशालीनगर जिला भिलाई 2.रोहित पिता रोशनलाल विधानी जाति सिंधी उम्र 30 वर्ष निवासी ईडब्ल्यूटी 40, शांति नगर, भिलाई थाना वैशालीनगर जिला भिलाई 3.सुनील पिता राजकुमार कृष्णानी जाति सिंधी उम्र 32 वर्ष निवासी ईडब्ल्यूटी 40, शांति नगर, भिलाई थाना वैशालीनगर जिला भिलाई, 4.कौशल पिता मनहरन वर्मा जाति वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी प्लांदू नगर वार्ड नंबर 4, राजनांदगांव थाना मोहारा जिला राजनांदगांव , 5.डालिकचंद पिता रूपचंद वाघाड़े जाति गोवारा उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नं.1 भानेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट 6.रामप्रसाद पिता हरिशचंद भोंगाड़े जाति तेली उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नं.12 भानेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट.7, पंकज पिता अशोक ढोरे जाति कुनबी उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड नं.2 भानेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट को पुलिस ने अपने गिरफ्त में लिया हैं।

## भव्य देवी जागरण एवं अलौकिक झांकियां की दी जाएगी प्रस्तुति।

अनूपपुर

नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 02 लेबर कॉलोनी में 23 नवंबर को देवी जागरण सहित विभिन्न देवी देवताओं की अलौकिक झांकियां का भी प्रस्तुति रखा गया है जिस पर शिव तांडव काली जी के अलौकिक रूप वही कृष्ण और राधा के नृत्य के साथ सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद सौरभ कोरी ने जानका-री देते हुए बताया कि 23 नवंबर को शाम 7:30 बजे से देवी जागरण की प्रस्तुति बाहर से आए गायको के द्वारा दी जाएगी जिसमें हमारे लेबर कॉलोनी के समस्त परिवार जनों की भूमिका अहम है सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम हो रहा है जो की हमारे लेबर कॉलोनी में कई वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा रख 9 दिन पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर भंडारे का कार्यक्रम भी किया जाता है 23






नवंबर का दिन इस लेबर कॉलोनी के लिए बहुत ही अच्छा दिन है इस कार्यक्रम में मेरा निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं क्योंकि नवरात्रा के 9 दिन में मां दुर्गा के नौ रूपों का स्मरण भी किया जाता है इसी के साथ ही देवी जागरण में भी मां दुर्गा मां काली भोलेनाथ श्री कृष्ण जी की अलौकिक झांकियां भी रखी गई है गीतकार के द्वारा विभिन्न प्रकार के देवी गीतों का भी गायन किया जाएगा जिसमें समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराये और इन मनमोहक दृश्य एवं झांकियां का आनंद ले

## *शक्ति की भक्ति में डूबा समूचा कोयलांचल

अमलाई- शारदेय नवरात्रि के प्रारंभ से ही देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ जवारा बोये गए वही माँ दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा अपने- अपने पंडालो में माँ जगदम्बा की प्रतिमा स्थापित की गई। नवरात्रि के पंचमी तिथि पर भी जिले की विभिन्न समितियों ने माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर विद्वान पंडित के द्वारा मंत्रोच्चार व विधि विधान के साथ प्रतिमा स्थापित कराई। ज्ञात हो कि नवरात्रि के पर्व पर मां दुर्गा शक्ति की भक्ति में समूचा जिला सराबोर है। कोयलांचल के अमलाई, इंदिरा नगर ,गांधीनगर, सोडा फैक्ट्री बापू चौक, दुर्गा मंदिर चौक अमलाई, अमलाई स्टेडियम, शनिचरी बाजार दफाई ,बस स्टैंड आमा टोला आदि स्थानों में दुर्गा पंडाल में भक्ति गीतों की स्वर लहरिया गुंज रही है। आसपास के देवी मंदिरों सहित दुर्गा पंडालो में भक्ति गीतों की स्वर लहरियां गूंज रही हैं। इसके साथ ही देवी मां के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन के लिए सड़कों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। नवरात्रि के दौरान अमलाई के प्रमुख स्थानों पर आकर्षित प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विभिन्न स्वरूपों में विराजित माँ भवानी की आकर्षित प्रतिमा को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ज्ञात हो कि दुर्गा उत्सव समितियों ने अपने-अपने पंडालों को आकर्षित रूप से सजाने के साथ सड़क के दोनों ओर आकर्षक विद्युत सजावट की गई है। जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय अनूपपुर में 50 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गयी है. जो एक से बढ़कर एक हैं. मां की मूर्तियों की महिमा देखते ही बनती है. हर जगह उनकी अलग छवि नजर आती है. शाम होते ही पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगती है। प्रतिदिन प्रातःकाल आरती के बाद सायंकाल मातेश्वरी की बाजे- गाजे के साथ आरती की जाती है जिसमे श्रद्धालु बढ़चढ़कर हिस्सा लेते है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने की विधानसभा निर्वाचन संबंधी कार्यो की समीक्षा

रायसेन, 20 अक्टूबर 2023

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी टीमों द्वारा की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा करते हुए कहा कि 21 अक्टूबर से विधानसभा निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों से नाम निर्देशन पत्र लिए जाने संबंधी तैयारियों की भी जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को पूरी सजगता औ रनिष्ठा के साथ निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल द्वारा एसड-ीओपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, स्वीप एवं पुलिस प्रेक्षकगणों के लिए लायजनिंग ऑफीसर

रायसेन, 20 अक्टूबर 2023

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य, व्यय, स्वीप एवं पुलिस प्रेक्षकगणों के सहयोग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी तथा कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने लायजनिंग ऑफीसर एवं सहायकों को नियुक्त किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 142-सांची एवं 143-सिलवानी के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु श्री भुवन मोहरीर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पंचायत रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 141-भोजपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु श्री जलज चतुवेर्दी जिला खेल अधिकारी को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। लायजनिंग ऑफीसरों के साथ सहायकों को भी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त स्वीप प्रेक्षक के लिए श्री विनोद बघेल जिला समन्वयक जिला पंचायत रायसेन को तथा पुलिस प्रेक्षक के लिए श्री प्रदीप रघुवंशी सूबेदार रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है।

## जिले में आयोजित की जा रही है विभिन्न स्वीप गतिविधियां

20 अक्टूबर 2023

विधानसभा निर्वाचन-2023 में रायसेन में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार रायसेन जिले में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में मेहंदी, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, रैली, दीवार लेखन सहित विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में टेकापार, कातिलताई, थाना सहित अनेक ग्रामों में स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आगामी विधानसभा निर्वाचन में दिनांक 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया और शपथ भी दिलाई गई।

## केन्द्रीय व्यय प्रेक्षकों के लिए लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त

रायसेन, 20 अक्टूबर 2023

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली



द्वारा रायसेन जिले की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा केन्द्रीय व्यय प्रेक्षकों के लिए लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 141-भोजपुर एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 142-सांची (अ.जा.) के लिए नियुक्त केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक हेतु श्री अवधेश गौतम लेखाधिकारी जिला पंचायत रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 140-उदयपुरा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 143-सिलवानी के लिए नियुक्त केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक हेतु श्री संजय चतुवेर्दी लेखाधिकारी पीआईयू भवन रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी के बैठक में शामिल हुए कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी द्वारा आयोजित ब्लॉक कार्यकारणी बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया शामिल हुए। इस दौरान सभी



कार्यकताओं ने भारी मतों से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया को विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी गिरधारी यादव ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय अभय नारायण राय शंकर यादव संतोष दुबे कौशल पांडे राजकुमार अंचल चित्रकांत श्रीवास जयंत मनहर कमल डहरिया मनोहर कुर्रे सुकृता खूटे मीना आडिल किरन तिवारी लक्ष्मी भार्गव उदय भार्गव ब्रह्मदेव सिंह प्रियंका महानंद अनिल केवट सुनील पटेल विकास मधुकर दामोदर कांत सहित जोन सेक्टर बूथ के कार्यकर्ता गण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## अनूपपुर विधानसभा में प्रत्याशी चयन के विरोध में फूटा भाजपा कार्यकताओं का गुस्सा

अनूपपुर डेमो

एक तो नींम ऊपर से करेला चढ़ने वाली कहावत इन दोनों अनूपपुर विधानसभा में चरितार्थ हो रही है भाजपा कार्यकताओं के मानसा के विपरीत भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा अनूपपुर विधानसभा में प्रत्याशी थोपे जाने की जो आग अंदर ही अंदर सुलग रही थी वह 20 अक्टूबर 2023 को ज्वालामुखी बनकर फटी और सिद्धांत वादी कार्यकर्ता लामबंद होकर वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश पटेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय अनूपपुर पहुंचकर भाजपा जिला अध्यक्ष को पत्र सौंप कर भाजपा प्रत्याशी प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री विसाहू लाल सिंह के कृत्यों पर अपना विरोध दर्ज किया और कहां कि हम बूढ़े बैल को कब तक जोतने का कार्य करेंगे ।निष्ठावान कार्यकताओं को प्रत्याशी न बनाकर पार्टी ने भाजपा का शोषण करने वाले कांग्रेस से आए हुए नेता को प्रत्याशी बनाकर भाजपा कार्यकताओं का अपमान किया है

# अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर के साथ दो लोगों हुए गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने गुरुवार की संध्या हसनपुर गांव से उतर पिंड से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगा काफी मशक्कत के बाद पकड़ लिया गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गुरुवार की संध्या एक ट्रैक्टर द्वारा बालू उठाव किये जाने की सूचना मिली। जिसके बाद कार्रवाई की गई। मामले में एस आई प्रशांत कुमार के बयान पर कांड संख्या 326/23 दर्ज किया गया है जिसमें ट्रैक्टर चालक व मालिक को आरोपित किया गया है। वहीं चालक सरसोल गांव निवासी सोनू कुमार व शिवपूजन यादव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। वहीं थाना क्षेत्र के कुर्की वारंटी राजापुर गांव निवासी गोबर बिंद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।

# ऐतिहासिक होगा प्रखंडस्तरीय अतिपिछड़ा स्वाभिमान समेलन

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)गोह विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें गोह प्रखंड अंतर्गत बिनोवा बिगहा स्थित लोहिया स्मारक हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।इसकी तैयारी को लेकर राष्ट्रीय लोक जनता दल के जिला अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी ने बताया कि 30 अक्टूबर को होने वाले प्रखंडस्तरीय अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ स्वाभिमान सम्मेलन एतिहासिक होगा। इसको सफल बनाने के लिए लगातार गोह विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। वहीं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रभारी सह प्रदेश महासचिव सुभाष चंद्रवंशी ने दस दिनों से लगातार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अतिपिछड़ा समाज को जागरूक किया है। तथा रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के हाथों को मजबूत करने के लिए अतिपिछड़ा समाज के लोग तत्पर हैं। अतिपिछड़ा समाज की भागीदारी के अनुकूल हिस्सेदारी नहीं है। राज्य में निकम्मी सरकार को हटाना है और उपेन्द्र कुशवाहा को जितना है। तभी अतिपिछड़ा समाज के लोगों को हिस्सेदारी प्राप्त हो सकती है। इस मौके पर उपस्थित अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला सचिव अजीत चंद्रवंशी , अजय चंद्रवंशी , नंदकिशोर चंद्रवंशी ,अमित गुप्ता, विकास गुप्ता , दीपक कुमार , गुड्डू ठाकुर , प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र चंद्रवंशी , संजीत ठाकुर, मोहम्मद फरहान , शैलेन्द्र उर्फ कालू , रविन्द्र चंद्रवंशी , अमरेंद्र चंद्रवंशी, योगेंद्र भगत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसबी आई शाखा गोह के माध्यम से कैंप लगाकर किसानों को केसीसी के बारे में दी गई जानकारी

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)केसीसी ऋण को लेकर किसानों को दी गई विषेश जानकारी।गोह प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत अंतर्गत अकौना गांव में किसानों के बीच शुक्रवार को एसबी आई बैंक की ओर से कैंप लगाकर किसानों के बीच विषेश जानकारी दी गई।



शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार ने किसानों के बीच केसीसी ऋण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड प्रत्येक किसानों के घर में होना चाहिए । जिससे किसानों को बैंक ऋण का लाभ अधिक से अधिक प्राप्त हो सके। जिस किसान को जिस बैंक में समान निधि मिल रहा है उन्हें उसी बैंक से किसानों को क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा। केसीसी ऋण से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्र पदाधिकारी अंकित कुमार ने किसानों को क्रेडिट कार्ड बनाने पर बल दिया है।इस मौके पर अमर कुमार , हृदय कुमार सिंह , सतीश कुमार सिंह , चिंटू कुमार सिंह , यशवंत कुमार सिंह, इंद्रजीत कुमार सिंह,रामवचन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# आई हॉस्पिटल खुलने से अनुमंडल क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा लाभ

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर अनुमंडल के एन एच 139 के औरंगाबाद-पटना रोड में उमरचक के पास काराकाट सांसद महाबली सिंह के द्वारा सरोज मेमोरियल आई केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। उन्होंने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।सांसद ने कहा कि इस आई केयर अस्पताल के खुल जाने से इस अनुमंडल क्षेत्र के मरीजों को लाभ मिलेगा, चिकित्सा के क्षेत्र में एक बेहतर उपलब्धि है। अतिथियों का स्वागत इं. शिवनारायण प्रसाद, इं. विश्वनाथ प्रसाद , डॉ रंजीत कुमार, इं. पीयूष कुमार एवं अस्पताल की संरक्षक पटना जिले में पदस्थापित डीएसपी सह बिहटा थानाध्यक्ष डॉ. अनु कुमारी ने बुके एवं अंग वस्त्र के साथ मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज, नगर पर्षद दाउदनगर की मुख्य पार्षद अंजली कुमारी,जिला बीस सूत्री सदस्य संजय पटेल, वार्ड पार्षद सीमन कुमारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश राम, नप के स्टैंडिंग कमेटी सदस्य डॉ. केदारनाथ सिंह, वार्ड पार्षद बसंत कुमार, जय गोविंद प्रसाद, राधा रमण पुरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत कुमार तांती ,संतोष कुमार,जदयू नेता विनय पटेल, अमरेश पटेल ,पप्पू गुप्ता, जिला सांसद प्रतिनिधि अरविंद उपाध्याय समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# प्रतिनियुक्ति स्थल पर आवश्यक रूप से तैनात रहेंगे दंडाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)दुर्गा पूजा को लेकर दाउदनगर अनुमंडल में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों की ब्रीफिंग दाउदनगर थाना परिसर में एसडीओ



मनोज कुमार द्वारा किया गया। एसडीओ ने दंडाधिकारियों से कहा कि अपने-अपने अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर आवश्यक रूप से तैनात रहना है। समय पर पहुंच जाना है और तैनात रहना है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखनी है।पुलिस द्वारा सघन गश्ती की जाएगी। यह सभी दंडाधिकारी की जवाबदेही है कि आम लोग अपने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। अपने निकटतम पूजा - पंडाल का भ्रमण भी करते रहें।

# जनता की समस्याओं को जानने का माध्यम है जन संवाद कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**
औरंगाबाद (बिहार) 20 अक्टूबर 2023 :- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है। जन संवाद के माध्यम से सरकार कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आप तक पहुंचाना चाहती है और आपकी समस्याओं को जानना चाहती है। सरकार ने विगत दस-पंद्रह वर्षों में शिक्षा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सरकार हमारी जरूरत के अनुसार सुविधा उपलब्ध करा रही है। उक्त बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत डुमरी अंतर्गत महसु गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा, प्रखंड प्रमुख, बीडीओ मनोज कुमार, अंचलाधिकारी अभय कुमार, कल्याण पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन, मुखिया रविंद्र यादव, मुखिया श्याम बिहारी राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्यक्रम में लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी की जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत की जनता का काम पंचायत सरकार भवन में किया जाएगा। अब लोगों को प्रखंड कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। पंचायत सरकार भवन सरकार की बड़ी उपलब्धि है। कोरोना महामारी में सरकार ने मुफ्त में अनाज उपलब्ध कराया। वैसी विकट परिस्थिति में भी कोई भूखा नहीं सोया। वृहद पैमाने पर मुफ्त में वैक्सीनेशन किया गया जिससे जानमाल की क्षति कम हुई। रोजगार के क्षेत्र में भी सरकार ने बड़े काम किए हैं। बड़े पैमाने पर शिक्षकों की बहाली की गई है। उन्होंने अविभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें ताकि उनका जीवन बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के जन्म से मृत्यु तक जरूरत के हर पहलू के लिए योजना चला रही है। जैसे हॉस्पिटल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, मिड डे मील, साइकिल, पोशाक, किताबें कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, आवास एवं अन्य सुविधाएं मुफ्त में दे रही है। वहीं बेरोजगार लोगों को स्टार्टअप योजना के तहत सब्सिडी के साथ लोन उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक योगेंद्र कुमार ने कृषि यंत्रीकरण, पीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की जानकारी दी। कृषि यंत्रीकरण योजना के बारे में उन्होंने बताया कि एक सौ छः कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है। बीस हजार से ज्यादा के अनुदान वाले यंत्रों के खरीदने के लिए एक एकड़ जमीन का एलपीसी लगाना आवश्यक है। पहले पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों को पीएफएमएस प्रणाली से राशि का भुगतान किया जाता था। अब भुगतान



प्रणाली में बदलाव किया गया है। आईएनपीसीआई से लिंक खाता में ही राशि का भुगतान किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस के माध्यम से खाता को आईएनपीसीआई से लिंक किया जा रहा है। इस दौरान एक्साइज विभाग के अधिकारी शैलेंद्र कुमार, पीएससाई सुमित सुमन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान बीसी दिनेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय तिवारी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थें।
जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र मे अस्सी समूह का संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक समूह में दस से पंद्रह महिलाएं जुड़ी हुई हैं। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की पहचान पति एवं ससुर के नाम से होती थी। महिलाओं को बचपन में दिया गया नाम एक उम्र तक आते-आते गुम हो जाता था। वे अपनी पहचान खो कर गुमनाम हो जाया करती थी। जीविका ने उन महिलाओं को नई पहचान दी है। बचपन में जो नाम कहीं खो गया था, वे आज जीविका दीदी के नाम से जानी जाती हैं। जीविका महिलाओं को बकरी पालन जैसे कई रोजगार उपलब्ध कराती है। कृषि उद्यमी योजना के तहत तेईस दिन का ट्रेनिंग देने का पश्चात खाद्य एवं बीज का दुकान खोलने का लाइसेंस दिया जाएगा। जिस्के आधार पर जीविका दीदी अपने पंचायत में किसानों को ससमय खाद एवं बीजों की आपूर्ति करेंगी

# विजयादशमी के अवसर पर गोह में रक्त वीर योद्धाओं का किया जाएगा चयन

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय में ब्लड (खून) डोनेट करने वाले रक्त वीर योद्धाओं का किया जाएगा चयन । इस कार्य में नये युवाओं को जोश खरोश के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। हमारे क्षेत्र की पढ़ी लिखी महिलाएं आज भी अपने परिवार को ब्लड डोनेट करने से रोकती है। इसलिए हमारे क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त होने की जरूरत है।ब्लड डोनेट करने से किसी भी प्रकार कि हानि नहीं होती है। इसलिए देश हित एवं जन हित के लिए सदैव तत्पर रहें। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 24 अक्टूबर 2023 को 10 बजे दिन में गोह प्रखंड स्थित सारवती प्रोजेक्ट कन्या इन्टर स्कूल के सभा कक्ष में समाजसेवी बुद्धिजीवी लोगों के बीच एक गोष्ठी कर आयोजन किया जायेगा। इसमें स्वैच्छिक रक्त दान करने वाले वीर योद्धाओं का नाम , पता , मोबाइल नंबर एवं उनकी ब्लड ग्रुप का निरीक्षण कर सूची वध रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। जब किसी भी मरीज को इमरजेंसी आवर में ब्लड की जरूरत पड़ेगी तो उन्हें इस संस्था के माध्यम से निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा। इस पुनीत कार्य में सभी समुदाय के लोगों को सहयोग करने की आवश्यकता है। आप सभी इस कार्यशाला में भाग लेकर इस मुहिम को सफल बनाने एवं सहयोग करने की आत्म बल दें। तथा रक्त दान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

## अत्याधुनिक तकनीक के बारे में किसानों को दी गई जानकारी

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)दाउददनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में रवि महा अभियान के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विनोद कुमार यादव, बीडीओ योगेंद्र पासवान, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ,राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह , जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कृषि वैज्ञानिक अनूप कुमार चौबे ,उप परियोजना निदेशक शालिग्राम सिंह, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण मंटू कुमार समेत अनय पदाधिकारियों ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।वक्ताओं ने कहा कि किसानों के लिए यह बेहद ही



महत्वपूर्ण शिविर है। जिसमें उन्हें कृषि के अत्याधुनिक तकनीक की जानकारी दी जा रही है ।कृषि वैज्ञानिक ने कहा की बुवाई के पहले बीज को उपचारित करना आवश्यक है।किसान बीज लगाने से पहले बीजोपचार करें, ताकि पौधे में किसी प्रकार की रोग न लगे । किसानों को फसलों की खेती से पहले अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य कराने के लिए कहा गया ।कहा गया की मिट्टी जांच कराने से किसान अधिक उर्वरक के प्रयोग से बच सकते हैं। इससे किसानों को नुकसान नहीं होगा ।वक्ताओं ने कहा कि किसान आधुनिक व उन्नत तकनीक को अपना कर कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैं ।जब कम लागत में अधिक मुनाफा होगा तो किसानों का जीवन स्तर समृद्धि होगा। कार्यक्रम की देख-रेख प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय रजक ने की।

# विकास मित्रों की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने प्रखंड कार्यालय सभागार में विकास मित्रों के साथ बैठक करते हुए उनके कार्यों की समीक्षा की ।बताया गया कि विकास मित्रों को रजिस्टर अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। एवं दाउदनगर के पोस्ट मैट्रिक कॉलेज में ओबीसी एवं एबीसी 2022 -23 स्कॉलर शिप के बारे में विस्तार से कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने समझाया और कहा कि दाउदनगर के इन कॉलेजों को आदर्श आईटीसी दाउदनगर, अंकोढाकॉलेज दाउदनगर, आर्यभट्ट आईटीसी, अशोक इंटर स्कूल दाउदनगर, भगवान प्रसाद विश्वनाथ प्रसाद इ.एं कॉलेज दाउदनगर , दाउदनगर कॉलेज दाउदनगर , ट्रेनिंग कॉलेज तरार दाउदनगर, हाई स्कूल एकौनी, हाई स्कूल अरई, इंटर हाई स्कूल कनाप। सभी जगह जांच करने का आदेश विकास मित्रों को दिया गया है।
विकास मित्रों को कहा गया कि अपने दायित्व का निर्वहन सही तरीके से करें ।सामाजिक सुरक्षा पेंशन आवास योजना समेत अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई।इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।मौके पर विकास मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अवधेश चौधरी, विकास मित्र मुकेश कुमार, समीर कुमार, कामाख्या दास,अमित कुमार अर्जुन राजवंशी, ललन कुमार, सुनील कुमार, प्रमोद चौधरी ,रेनू कुमारी, नागवंती कुमारी, पुष्पा कुमारी, अनिता देवी, ललिता देवी, रानी कुमारी, सुमित्रा कुमारी ,अजय कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बोधगया प्रखंड के ग्राम छाछ के निवासी अरुण कुमार राव को जिला कार्यानवयन समिति( 20 - सूत्री )का बनाया गया सदस्य.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया( बिहार )- बोधगया प्रखंड अंतर्गत ग्राम छांछ के निवासी अरुण कुमार राव को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुशंसा पर बिहार के राज्यपाल महोदय के आदेश के आलोक में सरकार के संयुक्त सचिव निशीथ वर्मा द्वारा उन्हें जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति(20सूत्री) के सदस्य रुप में मनोनीत किया गया. इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन बाबू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पुर्व विधायक अभय कुशवाहा, धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य चंदन कुमार सिंह एवं पार्टी के बरिष्ठ साथियों को सहहदय आभार प्रकट किया. उन्होंने आगे कहा कि मैं जदयू के पंचायत के



निचली इकाई से लेकर प्रदेश सचिव एवं विधानसभा प्रभारी के रुप में संगठन को सशक्त एवं अपने नेता के हाथों को मजबूत करने में ईमानदारी पुर्वक निस्वार्थ भाव से संगठन में जो जिम्मेदारी दिया गया उसे जीतोड़ मेहनत कर अपने पार्टी के प्रति कर्तव्य का निर्वहन किया बीस सूत्री समिति गठन से जिले भर की जन समस्याओ का समाधान का अवसर मिलेगा.उनके मनोयन पर पुर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर सिंह,जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, अमर नाथ राय, जितेन्द्र दास,शंकर चौधरी,मुनम कुशवाहा, बवंन चन्द्रवंशी, प्रकाश राम पटवा, सीता राम सिंह, द्वारिका प्रसाद,रौशन राउत, धनंजय शर्मा, राजेश कुमार, मितमबरा लोहड़े,बैजू यादव, विवेक कुशवाहा, सहित सैकड़ों साथियों ने बधाई एवं खुशी व्यक्त किया.

# नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा की मां कात्यायनी की हुई पूजन

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता, हसपुरा**
औरंगाबाद(बिहार) -- प्रखंड में दुर्गा पूजा को लेकर हसपुरा बाजार सहित सुदूर इलाके में गहमागहमी का माहौल है। शारदीय नवरात्र को लेकर नौ रूपों की पूजन विधि विधान के साथ भक्त जुटे हुए हैं। शास्त्रों के अनुसार



जिसे लेकर 6 डे दिन मां दुर्गा का मां कात्यायनी के रूप में पूजन किया गया। हसपुरा बाजार के पटेल चौक पर दुर्गा मंदिर मंदिर पूजा करा रहे आचार्य रितेश मिश्रा व बड़ी फिल्ड में मां काली की पूजन करना रहे आचार्य सुभाषचन्द्र पाण्डेय ने शारदीय नवरात्र में पूजा पर बैठे यजमान शिवम् कुमार,गोपी कुमार , मनीष कुमार, विकास कुमार,रवि कुमार, राजीव कुमार, उपेन्द्र भगत के बीच शारदीय नवरात्र के छठे दिन पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा मां कात्यायनी की पूजा कुंवारी कन्याओं के विशेष फलदायी है। इनकी पूजन करने से सुख समृद्धि व सुंदर घर और वर प्राप्त होता है। आचार्य रितेश मिश्रा ने कहा कात्यायनी ऋषि के यहां जन्म हुआ था। जिसे लेकर इन्हें शत्रुहंता भी कहा जाता है। इनकी पूजन करने से आठो प्रकार की सिद्धि की प्राप्ति होती है। आचार्य रितेश मिश्रा ने कहा शुक्रवार को देर शाम सातवें रूप कालरात्रि की पूजा होगी। मां कालरात्रि की पूजा संपन्न होते श्रद्धालुओं के लिए मां दुर्गा की दर्शन पूजन शुरू हो जायेगा। शनिवार को मां दुर्गा की आठंवा रूप महागौरी की पूजा होगी।

# हसपुरा के धमनी गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता,हसपुरा**
औरंगाबाद(बिहार)-- प्रखंड के धमनी गांव में समाजसेविका चन्द्रावती देवी की याद में श्रद्धांजलि सभा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए संस्कारक सम्राट अशोक क्लब भारत के राष्ट्रीय महाप्रबंधक डॉ. आर पी मौर्य ने कहा बुद्ध का धम्म समाज के लिए मंगल पर आधारित है। बुद्ध का दर्शन पूरी तरह से विज्ञान पर आधारित है। बुद्ध के त्रिशरण और पंचशील से ही सारी समस्याओं का समाधान संभव है। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो.अलखदेव प्रसाद अचल ने कहा कि पाखंड और रूढ़िवाद से निजात पाए बिना समाज का विकास संभव नहीं है।
इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. ए के रथ, डॉ. चन्दन



कुमार, डॉ.नीतीश कुमार, डार्ड हास्पीटल दाउदनगर के शहजाद आलम,मगध हास्पीटल एण्ड ट्रामा सेंटर के डा धीरेन्द्र कुमार,अरविन्द हास्पीटल दाउदनगर के डा टी के सिंह,जे पी एस के डा.जयनन्दन कुमार ने भाग लिया।इस अवसर पर सम्राट अशोक क्लब औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष ललन सिंह मौर्य, ब्रजकिशोर मौर्य, प्रमोद कुमार मौर्य, द्वारिक सिंह मौर्य, सच्चिनन्द मौर्य, सुरेश मौर्य, बालेश्वर सिंह,श्याम किशोर सिंह गोपाल प्रसाद,अजय कुशवाहा, साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी,एस के नवीन,अजय कुमार,उमेश प्रसाद,कमलेश मौर्य, मुनेन्द्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
इस अवसर पर करीब साढ़े चार सौ मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। कार्यक्रम का प्रेरणास्रोत सम्राट अशोक क्लब औरंगाबाद रहा।

# आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका ने अपनी मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर ओबरा एवं दाउदनगर प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका संघ ने सिंचाई विभाग के आईबी में काराकाट क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महाबली सिंह को मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में पांच सूत्री मांगों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं की हालत मजदूरों से भी बदतर हो गई है। बिहार सरकार द्वारा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 10 हजार सुनिश्चित करने ,बिहार में भी ग्रेच्युटी भुगतान करना सुनिश्चित करने , केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए ग्रेड सी और ग्रेड डी में समायोजित करने और दर्जा मिलने तक सेविकाओं को 25 हजार व सहायिकाओं को 18 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय देने, योग्य सहायिका से सेविका में बहाली हेतु अतिरिक्त 10 बोनस अंक का प्रावधान लागू करने एवं सेविका से पर्यवेक्षिका तथा सेविका सहायिका के रिक्त सभी पदों



पर अविलंब बहाली सुनिश्चित करने, 20 जुलाई 2022 के समझौते के आलोक में लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की गई है। हिट करते सांसद ने कहा कि आप सभी की मांगे जायज है इसे सरकार के समक्ष रखा जाएगा।संघ की दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष करुणा सिंहा, इंदु कुमारी, संगीता कुमारी, किरण कुमारी पिंकी कुमारी ,कुमारी पूनम सहाय ,श्याम परी देवी, रामकली देवी, कुंती देवी, ओबरा प्रखंड की सविता कुमारी, संजू कुमारी , गीता देवी, संगीता कुमारी , राजमणि कुमारी ने संयुक्त रूप से अपनी मांगों से संबंधित आवेदन सांसद को देते हुए उनसे सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई। कार्यक्रम का संचालन संघ के जिला सचिव देवबलि सिंह ने किया तथा जिला सांसद प्रतिनिधि अरविंद उपाध्याय, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल ,राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह ,युवा राजद के प्रदेश सचिव अरुण कुमार यादव, जद यू नेता संजय पटेल ,राजद नेता संजय कुमार सिंहा, बृज वर्मा,विनय पटेल,कांग्रेस नेता कमाल खान, सत्तार अंसारी,पूर्व वार्ड पार्षद अरुण कुमार यादव ,जदयू के प्रखंड प्रवक्ता पप्पू गुप्ता, सिंटू पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एमयू के इंटर कॉलेज शूटिंग टूनार्मेंट-2023 में जीबीएम कॉलेज की नेहा कुमारी को प्रथम स्थान मिला- डॉक्टर कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया (बिहार )-गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी तथा तेजस्विनी ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज शूटिंग टूनार्मेंट-2023 के अंतर्गत ऐयर राइफल शूटिंग में क्रमशः प्रथम तथा तृतीय स्थान प्राप्त करके कॉलेज का नाम रौशन किया है। वहीं इंटर कॉलेज पिस्टल शूटिंग में कॉलेज की तेजस्विनी तथा नेहा कुमारी ने क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफीज, मेडेल्स तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि गत गुरुवार दिनांक 19 अक्टूबर को कॉलेज की छात्राएँ इंटर कॉलेज शूटिंग टूनार्मेंट-2023 में




भाग लेने खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय एवं शिक्षकेतर कर्मी अभिषेक कुमार के संरक्षण में नवादा के कन्हाई लाल साव कॉलेज गयी थीं, जहाँ शूटिंग की विभिन्न विधाओं में छात्राओं की प्रतिभागिता अत्यंत प्रशंसनीय रही। शूटिंग टूनार्मेंट में कॉलेज की शानदार प्रतिभागिता पर खुशी जताते हुए प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हार्दिक खुशी जतायी है.

# छेड़खानी के मामले में एक आरोपित युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर थाना क्षेत्र के शमशेर नगर गांव में स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर उक्त गांव निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार ने बताया कि उसके खिलाफ दाउदनगर थाना में 596/23 कांड दर्ज है । जो छेड़खानी से संबंधित है. इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दाउदनगर थाना पुलिस ने महेंद्रा चक गांव से एक वारंटी को भी गिरफ्तार किया है। जिसमें गिरफ्तार वारंटी शिवनाथ चौधरी महेंद्रा चक गांव का रहने वाला है। यह कार्रवाई दाउदनगर थाना के पीएसआई दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा की गई .पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 19वें एशियाई खेलों के पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## झज्जर और पंचकूला में बनेंगी 2 शूटिंग रेंज , यमुनानगर और फरीदाबाद में बनेंगे तीरंदाजी के 2 प्रशिक्षण केंद्र

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हाल ही में चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में पदक जीतकर प्रदेश व देश का मान बढ़ाने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए आज मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। दानवीर कर्ण की धरा करनाल में पदक विजेता खिलाड़ियों व प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 1.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को 75 लाख रुपये नगद पुरस्कार, प्रशंसा पत्र और नौकरी का ऑफर लेटर देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की खान-पान संस्कृति के अनुरूप इन विजेता खिलाड़ियों को एक-एक देसी घी का टीन (पीपा) भी दिया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी और भविष्य में खेल प्रतियोगिताओं में जीत की कामना की।

### मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के लिए की महत्वपूर्ण घोषणाएं, झज्जर और पंचकूला में बनेंगी 2 शूटिंग रेंज

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि शूटिंग में खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार द्वारा जिला झज्जर के गांव निमाना तथा पंचकूला के सेक्टर-32 में शूटिंग रेंज स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, जिला यमुनानगर के तेजली स्टेडियम में और फरीदाबाद के डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 2 तीरंदाजी के केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।




### गांवों व शहरों में होने वाले स्थानीय खेलों में सरकार मुहैया करवाएगी आवश्यक उपकरण

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि गांवों व शहरों में जो स्थानीय खेल आयोजित किए जाते हैं, उन खेलों के दौरान विभिन्न उपकरणों की मांग आती है, इसके लिए सरकार ने नीति बनाई है, जिसके तहत सभी खेलों के उपकरणों को सरकार मुहैया करवाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो खेल राष्ट्रीय खेलों की सूची में शामिल नहीं हैं, ऐसे छोटे व स्थानीय खेलों की अन्य एसोसिएशन को भी इनाम के दायरे में लाने का सरकार काम कर रही है। इन खेलों के विजेता खिलाड़ियों को भी सामान्य खेलों की तर्ज पर विभिन्न पुरस्कार राशि प्रदान करके उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि ऐसे सामान्य खेलों को और बढ़ावा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया योजना के तहत हरियाणावासियों को समर्पित किए, 10 खेलो इंडिया केंद्र खिलाड़ियों के सम्मान समारोह से पहले मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया योजना के तहत हरियाणा में 10 खेलो इंडिया केंद्रों का उद्घाटन कर उन्हें प्रदेशवासियों को समर्पित किया। ये केंद्र जिला अंबाला, फरीदाबाद, पलवल, यमुनानगर, जींद, झज्जर, चरखी दादरी, कुरुक्षेत्र, कैथल और भिवानी में स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों की स्थापना से हरियाणा में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नये आयाम जुड़ेंगे। श्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से हरियाणा के लिए 15 खेलो इंडिया केंद्रों की मंजूरी मिली है, जिनमें से 10 केंद्रों का आज उद्घाटन किया गया है और 5 और केंद्र भी अगले वर्ष स्थापित किए जाएंगे। ये 5 केंद्र हिसार, सिरसा, नूंह, सोनीपत और करनाल में खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर से आग्रह करेंगे कि शेष 17 जिलों में भी खेलो इंडिया केंद्र स्थापित करने की मंजूरी दी जाए, ताकि सभी 22 जिलों में केंद्र खुलने से हम बच्चों को खेलो इंडिया व अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर सकें।

### हरियाणा के किसान, जवान और पहलवान के बल पर म्हारा हरियाणा धाक्कड़ है

मुख्यमंत्री ने उपस्थित खिलाड़ियों व स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा का किसान, जवान और पहलवान धाक्कड़ है, इसलिए म्हारा हरियाणा धाक्कड़ है। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम केवल सम्मान तक सहमत नहीं है, बल्कि यह गर्व और आभार का भी कार्यक्रम है। हमें गर्व है कि खेलों की दुनिया में हरियाणा ने अपना एक स्थान बनाया है। देश व विदेश में खेले जाने वाले खेलों में हरियाणा की भागीदारी औसतन 30-40 प्रतिशत मेडल की रहती है। इसलिए, हमें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। साथ ही, खिलाड़ियों के अभिभावक और कोच का आभार, जिन्होंने इनका सहयोग किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि 19वें एशियाई खेलों में हरियाणा के लगभग 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और उन्होंने 30 मेडल हासिल किए हैं और कुल मेडलिस्ट की संख्या 44 है।

श्री मनोहर लाल ने खिलाड़ियों से कहा कि आप सभी अभी से तैयारी शुरू कर दें और अपने आपको ओलंपिक के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा का नाम देश में टॉप पर है, लेकिन दुनिया में भारत का नाम मेडल तालिका में प्रथम लाने के लिए अभी और मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हरियाणा लगातार खेलों में अपना योगदान दे रहा है, यदि उसी प्रकार अन्य राज्य भी अपना योगदान करेंगे तो निश्चित रूप से भारत दुनिया में प्रथम स्थान पर पहुंचेगा।

### हरियाणा की खेल नीतियों का अन्य राज्य भी कर रहे अनुसरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में खेल के मामले में हरियाणा नंबर वन है। रियो ओलंपिक से लेकर एशियन गेम्स तक हर प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया है। देश को ट्रैक एंड फील्ड का पहला गोल्ड मेडल हरियाणा के ही नीरज चोपड़ा ने दिलाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की खेल नीतियों का आज अन्य राज्य भी अनुसरण कर रहे हैं। हरियाणा में हम ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपये और नौकरी की सुविधाएं दे रहे हैं। इसी प्रकार से एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपये की नगद पुरस्कार व नौकरी की सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खेल नीतियों में कई प्रकार के सुधार किए हैं। बच्चों में बचपन से ही खेल प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए कैच देम यंग पॉलिसी के तहत प्रदेश में 1100 नर्सरियां चलाई जा रही हैं, जहां बच्चों की रुचि व क्षमता के अनुसार खेलों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

### खेल क्षेत्र में हरियाणा ने बाकी राज्यों से बढ़कर काम किया, इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल सराहना के पात्र - केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर

सम्मान समारोह के दौरान केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर का शुभकामना संदेश भी चलाया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेल भूमि बनी है और यहां के खिलाड़ियों ने बार बार खेलों में देश का ऊंचा किया है। एशियन गेम्स में आज तक के इतिहास में सबसे ज्यादा मेडल भारत ने इस बार 107 मेडल जीते हैं और चौथे स्थान पर रहा है। भारत की इस ऊंची छलांग में हरियाणा का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा सरकार की खेल नीतियों का ही कमाल है जो बार-बार ऐसे अवसर प्रदान होते हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, उसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी खिलाड़ियों को अब तक 300 करोड़ रुपये से भी अधिक राशि पुरस्कार स्वरूप दी है और लगभग 225 खिलाड़ियों को नौकरियां भी प्रदान की हैं। यह दिखाता है हरियाणा ने बाकी राज्यों से बढ़कर काम किया है, इसके लिए मुख्यमंत्री व उनकी टीम को बधाई। उन्होंने कहा कि हरियाणा को 15 खेलों इंडिया सेंटर्स की मंजूरी मिलने पर बहुत बधाई व शुभकामनाएं। इन केंद्रों में पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों को नियुक्त किया जाएगा और वे भविष्य के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने भी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक श्री हरविंद्र कल्याण, श्री धर्मपाल गोंदर, मेयर श्रीमती रेणू बाला गुप्ता, खेल विभाग के प्रधान सचिव श्री नवदीप सिंह विर्क, जिला उपायुक्त श्री अनीश यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नवंबर को हरियाणा आएंगे अमित शाह, करनाल में आयोजित अंत्योदय सम्मेलन में करेंगे शिरकत

## भ्रष्टाचार कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा, एंटी करप्शन ब्यूरो कर रहा अपना काम- मनोहर लाल

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह 2 नवंबर को हरियाणा के करनाल जिले में पहुचेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री करनाल में आयोजित होने वाले अंत्योदय सम्मेलन में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें आयुष्मान भारत, पेंशन स्कीम व अन्य सुविधाओं से जुड़े लाभार्थियों को बुलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री से हरियाणा दिवस यानी 1 नवंबर का समय मांगा गया था लेकिन उस दिन का समय नहीं मिल पाया है।मुख्यमंत्री शुक्रवार को एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोह उपरांत मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे।

एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो पूरी तत्परता से काम कर रहा है। इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करना पाप है, ऐसा करके हम समाज के साथ भूमिका नहीं निभाते बल्कि अन्याय करते हैं। भ्रष्टाचार कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा, एंटी करप्शन ब्यूरो इसी तरह अपना काम करता रहेगा।

### एसवाईएल का मामला सुप्रीम कोर्ट में

एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एसवाईएल का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। सुप्रीम कोर्ट सही दिशा में अपने फैसले दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि हम पानी के बारे में कुछ कह ही नहीं रहे हैं, पानी के लिए तो ट्रिब्यूनल बनते हैं, जो फैसला करते हैं कि कितना पानी किसे मिलेगा। ऐसे में पहले नहर बनना जरूरी है। इस विषय पर राजनीति से ऊपर उठना चाहिए।

### पराली पर किसानों को किया जागरूक

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने के विषय पर हमने किसानों को जागरूक किया है। लगातार कृषि व अन्य विभाग अपना कार्य कर रहे हैं। पराली में आग लगाने के न्यूनतम केस आ रहे हैं। फोन पर धमकी देने के सवाल पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी अपराधी ऐसा करते हैं, उनके खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा जो विदेश से बैठकर धमकी भरी फोन कॉल कर रहे हैं, उनके खिलाफ भी संबंधित विभाग कार्रवाई कर रहा है।

# सोनीपत की एडवोकेट सोनिया अग्रवाल को हरियाणा पॉवर जनरेशन कॉरपोरेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में डायरेक्टर (पार्ट टाइम) किया नियुक्त

## सोनिया अग्रवाल ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का व्यक्त किया आभार

पंचकूला (संदीप शर्मा)सोनीपत जिला के खरखौदा के वार्ड 9 निवासी सोनिया अग्रवाल को हरियाणा पॉवर जनरेशन कॉर्पोरेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में तुरंत प्रभाव से डायरेक्टर ( पार्ट टाइम) नियुक्त किया गया है।

हरियाणा महिला आयोग की पूर्व सदस्या व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ



अभियान की सोनीपत की समन्वयक एडवोकेट सोनिया अग्रवाल ने इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता और अन्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है तथा आश्वस्त किया है कि वे इस जिम्मेवारी को निष्ठापूर्वक निभायेंगी।

# महिला एवं बाल विकास विभाग व निफ्टेम के बीच नए पंजीरी प्लांट लगाने हेतु हुआ समझौता ज्ञापन

## जिला पंचकूला व कैथल में स्थापित किए जाऐंगे पंजीरी प्लांट

चण्डीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव श्रीमती अमनीत पी.कुमार की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग और राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) कुंडली, सोनीपत के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।




राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) कुंडली, सोनीपत द्वारा हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग को जिला पंचकुला के गांव पपलोहा और जिला कैथल के कलायत में पंजीरी प्लांट को स्थापित करने में विशेष सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले एक वर्ष के भीतर इन दोनों प्लांट्स में कार्य शुरू किया जाएगा।

श्रीमती अमनीत पी. कुमार ने कहा कि निफ्टेम के सहयोग से पंजीरी प्लांट को स्थापित से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण सम्बंधित प्रयासों की प्रभावशीलता को बढ़ाने में सहायता होगी । उन्होंने कहा कि पूरक पोषण कार्यक्रम, आईसीडीएस के अंतर्गत एक प्रमुख सेवा है, जिसे महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति को बढ़ाने के लिए संचालित किया गया है। विभाग द्वारा लाभार्थियों को भारत सरकार के वित्तीय मानदंडों के अनुसार पूरक पोषण प्रदान किया जाता है, जिसमें विभिन्न पौष्टिक व्यंजन व पंजीरी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि विभाग 6 से 18 माह तक के बच्चे, जिसमें कुपोषित बच्चे भी शामिल है उन्हें फोर्टिफाइड पंजीरी भी उपलब्ध करा रहा है। लाभार्थियों को स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए नए पंजीरी प्लांट का निर्माण आवश्यक है। यह साझेदारी हरियाणा में महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार लाने में काफी मददगार साबित होगी।

समझौता ज्ञापन पर महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक श्रीमती मोनिका मलिक और निफ्टेम की ओर से रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षर किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग आने वाले समय में सिर्फ पंजीरी प्लांट तक ही नहीं बल्कि भविष्य में कुपोषण को दूर करने के प्रति सरकार के प्रयासों को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रदेश में दो पंजीरी प्लांट गुरूग्राम व घरोंडा में संचालित है। निफ्टेम के फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ. कोमल चौहान ने कहा कि निफ्टेम महिला एवं बाल विकास विभाग को नए पंजीरी प्लांट को सुदृढ़ तरीके से जल्दी ही शुरू करने हेतु उच्च तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से संयुक्त निदेशक (आईसीडीएस), कार्यक्रम अधिकारी (पोषण), विभिन्न जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास विभाग अधिकारी एवम अन्य उपस्थित रहे।\\\\\

# राजीव कालोनी, इंदिरा कालोनी और खडग मंगौलीवासियों को जल्द मिलेगा प्लॉट का तोहफा-ज्ञानचंद गुप्ता

पंचकूला(संदीप शर्मा) हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि राजीव कालोनी, इंदिरा कालोनी और खडग मंगौलीवासियों के लिए एक एक मरले के प्लाट का ड्रा दीवाली से पूर्व निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि रिहायशी प्लाटों का उनका सपना जल्द से जल्द पूरा हो। उनहोने कहा कि पंचकूला को स्लम फ्री बनाना भी उनके सात सरोकारों में एक है।

श्री गुप्ता आज पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस सैक्टर- 1 में आयोजित पंचकूला मंच कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थें। इससे पूर्व उद्योगपति, समाजसेवी, शिक्षाविद डाक्टर व समाज के अन्य प्रबुध लोगों ने भी अपने विचार सांझा किए। श्री गुप्ता ने कहा कि जितने विकास के कार्य पचंकूला में पिछले लगभग 9 सालों में हुए हैं, उतने पिछले 48 सालों में नही हुए। उन्होने कहा कि शीघ्र ही हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पंचकूला मैडिकल कालेज का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिस पर लगभग 600 करोड रूप्ये खर्च होने का अनुमान है। श्री गुप्ता ने कहा कि विपक्ष मुददा विहिन है। लोकतंत्र में एक मजबूत विपक्ष का होना भी जरूरी है। उन्होने कहा कि 2026 में विधानसभा सीटों का परिसीमन होना है और विधानसभा सीटों की संख्या बढकर 125 होने की संभावाना है। उन्होने कहा कि जितने भी विधानसभा अध्यक्ष रहें है उन्होने कभी भी पंजाब से विधानसभा में 40 प्रतिशत हिस्सा पूरा करने की मांग नही की। परंतु उन्होने प्रयास किया है कि हरियाणा को उसका वाजिब हक मिलना चाहिए। उन्होने कहा कि वह पंचकूला के विकास के लिए किसी भी मंच पर बहस के लिए तैयार है।


# पंडित लखमीचन्द की प्रणाली के सांगी श्री वेद प्रकाश अत्री को मिलेगा श्री धनपत सिंह सांगी लाईफटाईम अचीवमेन्ट अवार्ड

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की लोक कलाकारों को पुरस्कृत करने घोषणा के अनुरूप समृद्ध लोक रंगमंच सांग के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए हरियाणा के पंडित लख्मीचन्द की प्रणाली के सांगी श्री वेद प्रकाश अत्री को श्री धनपत सिंह सांगी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिये जाने की घोषणा की गई है।

यह जानकारी देते हुए सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा में सांग का बहुत समृद्ध इतिहास रहा है। सांग एक ऐसी लोक विधा है, जिसमें नृत्य, गायन, अभिनय, संवाद एवं उद्बोधन साथ-साथ चलते हुए सामाजिक सरोकारों को उठाते हुए रचनात्मक संदेश देते हैं। यह विधा बहुत ही प्रभावशाली विधा है क्योंकि यह समाजिक कुरितियों पर सीधा चोट पहुंचाते हुए जनमानस को जोड़ती है।

उन्होंने बताया कि हरियाणवी संस्कृति को सहेजने एवं आगे बढ़ाने मे श्री धनपत सिंह सांगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके चलते मुख्यमंत्री



श्री मनोहर लाल द्वारा उनके नाम से लाईफटाईम अचीवमेन्ट अवार्ड शुरू करने की घोषणा की गई थी। इसके लिए पुरस्कार विजेता को 1 लाख रुपये की नगद राशि, प्रशस्ती पत्र एवं शॉल से सम्मानित किया जाएगा।

इसके लिए प्रदेशभर से 18 सांग निर्देशकों ने आवेदन किया। कुरूक्षेत्र के कलाकृति भवन में सांग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सांग निर्देशकों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। इसके लिए सभी सांग निर्देशकों को 30-30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी गई।

सांगो की समीक्षा के लिए एक विशेष प्रकार की समीक्षा समिति का गठन किया गया, जिसमें सांग विषय पर शोध करने वाले शोधार्थी, प्रोफेसर तथा राष्टपति से सम्मानित महत्वपूर्ण लोगों को बतौर सदस्य शामिल किया गया। समीक्षा समिति द्वारा अपनी समीक्षा रिपोर्ट मुख्यालय की उच्चस्तरीय समिति को दी गई। उच्चस्तरीय समिति द्वारा समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर सभी प्रस्तुतियों के निरीक्षण, प्रशिक्षण के बाद श्री वेद प्रकाश अत्री को श्री धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए अनुशंसा की गई।उन्होंने बताया कि श्री वेद प्रकाश अत्री का जन्म 1966 में हरियाणा के ढाठरथ गांव में साधारण परिवार में हुआ। 1972 में छोटी से उम्र में उन्होंने लख्मीचन्द्र भंभेवा को अपना गुरू मान लिया और उनके सांग बेड़े में काम करने लगे। धीरे-धीरे सांग विधा को सीख कर 1999 में अपना अलग बेड़ा बना लिया और निकल पड़े देशभर में सांग करने के लिए। वेद प्रकाश ने मंदिर, पाठशाला, गौशाला, अनाथ आश्रम आदि के लिए हजारों की संख्या में सांगों के शो किये। इनके सांगो में हरियाणवी संस्कृति एवं सभ्यता की छटा देखने को मिलती है। सांगो में आपसी भाईचारा प्रेम तथा सामाजिक सरोकारों का मिश्रण देखने को मिलता है।

# पंचकूला में नशे के व्यापार से काली कमाई से बनाई संपत्ति पर चला पुलिस का पीला पंजा

**दैनिक समाज जागरण**

पंचकूला (संदीप शर्मा) हरियाणा सरकार के द्वारा प्रदेशभङ्ग को नशा मुक्त बनाने हेतु विशेष हरियाणा उदय मुहिम चलाई हुई है जिस मुहिम के तहत हरियाणा पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर सिंह द्वारा नशे का अवैध कारोबार करनें वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु निर्देश दिए हुए है जिन निदेशों के तहत पुलिस कमिश्नर श्री सिबास कबिराज के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त श्री मुकेश मलहोत्रा के नेतृत्व में जिला पंचकूला को नशा मुक्त करनें के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है जिस अभियान के तहत पुलिस द्वारा जागरुकता के साथ- साथ नशे में सलिप्त आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है जिस कार्रवाई में आरोपी सज्जन साजन उर्फ सागर उर्फ गग्गा पुत्र रिखी राम वासी खडक मगोंली द्वारा नशा तस्करी से काली कमाई से बनाई संपत्ति हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करके मकान बनाकर अवैध नशा



तस्करी का धंधा करता था । जिस आरोपी के खिलाफ नशा तस्करी के काफी मामलें दर्ज है जिस आरोपी नें नशे का व्यापार करके अवैध सपंति बनाई हुई थी जिस अर्जित संपति को नष्ट किया गया ।इसके अलावा पुलिस उपायुक्त मलहोत्रा नें बताया कि एसीपी क्राईम अरविंद कम्बोज के अगुवाई में 4 टीमें नशे की रोकथाम हेतु लगातार कार्रवाई कर रही है जिन टीमों द्वारा नशे में सलिप्त व्यक्तियों का इलाज हेतु कार्रवाई की जा रही है और नशा तस्करी में पकडे गये आरोपी जो बेल पर बाहर आ गये है उन व्यक्तियों को नशे का धंधा ना करनें हेतु सख्त हिदायत दी जा रही है इसके अलावा एसीपी क्राईम की कार्रवाई में नशे का अवैध कारोबार करनें वालें व्यक्तियों व उनकी सपंतियों को चिन्हित किया जा चुका है जिन व्यक्तियो पर पुलिस लगातार नियमानुसार कार्रवाई कर रही और यहा कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ।

पुलिस उपायुक्त सुरक्षा कानून एंव व्यवस्था मुकेश मलहोत्रा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशे की रोकथाम हेतु आमजन पुलिस का सहयोग करें अगर कोई व्यक्ति किसी प्रकार से नशे इत्यादि का सेवन करता है या नशीले पदार्थो की तस्करी करता है तो उस बारे जानकारी व्टसअप नम्बर 708-708-1100 पर सूचना दें । सूचना देनें वालें व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जायेगा ।

# पिछले 9 सालों में हरियाणा में जनकल्याणकारी कार्यो की लगी है झड़ी - कंवर पाल

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवरपाल ने कहा कि पिछले 9 सालों में प्रदेश सरकार ने हरियाणा में अभूतपूर्व बदलाव किए है ।जनकल्याणकारी नीतियों से प्रदेश की तस्वीर बदली है , आगामी 26 अक्टूबर को प्रदेश सरकार के 9 साल पूरे होने जा रहे है ।श्री कंवर पाल ने यह बात आज जगाधरी अपने कार्यालय पर जन समस्याएं सुनने के दौरान कही। इस दौरान जो भी समस्याएं उनके समक्ष रखी गई उनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वही कुछ शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए ।शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज जहाँ योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है वहीं ऑनलाइन स्थानांतरण नीति,ऑनलाइन सरकारी सेवाएं , सीएम विंडो,लाल डोरा मुक्त योजना,



ई-टेंडर प्रणाली,पढ़ी-लिखी पंचायतें,अमृत सरोवर योजना, हर घर नल से जल सिंचाई परियोजनाएं,भावांतर भरपाई योजना, एमएसपी पर खरीद,मेरा पानी- मेरी विरासत,बिजली की उपलब्धता,मेडिकल कॉलेज, समावेशी शिक्षा नीति,उद्योग नीति,खेल नीति जैसी चहुंमुखी योजनाओं के साथ आज हरियाणा सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ आगे बढ़ रहा है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर जिले में काम किया है। इस सरकार में ना ही कोई राजनीतिक भेदभाव हुआ और ना ही किसी क्षेत्रवाद को बढ़ावा दिया गया। पहले की सरकरों में हरियाणा पूरे देश में भाई-भतीजावाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार, क्षेत्रवाद के लिए बदनाम था लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस व्यवस्था को बदला और प्रदेश की जनता को पारदर्शी सरकार दी। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि पात्र व्यक्ति को उसका हक मिले। यह आम हरियाणवी की सरकार है।

# *प्रधानमंत्री गति शक्ति प्रोजेक्ट देश व राज्यों के लिए बहुत ही कारगर - सुमिता डावरा

### 2047 तक भारत में विश्व स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का लक्ष्य

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) प्रधानमंत्री गति शक्ति प्रोजेक्ट देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए बहुत ही कारगर योजना है और बहुत ही लाभदायक होगी। इससे सभी प्रकार की विकासात्मक योजनाओं के साथ-साथ सोशल सेक्टर में भी अभूतपूर्व विकास होगा। इस प्रोजेक्ट अनुसार 2047 तक भारत में विश्व स्तर का बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

यह जानकारी भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की विशेष सचिव सुश्री सुमिता डावरा दी। सुश्री सुमिता डावरा आज यहां प्रधानमंत्री गति शक्ति प्रोजेक्ट के तहत नेशनल मास्टर प्लान से इंटर स्टेट ट्रांसमिशन की समीक्षा के लिए आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता कर रही थी। सुश्री सुमिता डावरा ने कहा कि पीएम गति शक्ति प्रोजेक्ट अक्तूबर 2021 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लांच किया गया जिसमें चार मेजर फोकस थीम पर विस्तार से कार्य किया जा रहा है। इनमें जियो मेपिंग, अंतर क्षेत्रीय मूल्यांकन और प्रोजेक्ट की पहचान करना, नीचले स्तर तक लगातार गतिशील तरक्की करना, बेहतर संकल्प के साथ जीआईएस स्तर की इमेज तथा रेल, सड़क, संरचनात्मक सुविधाओं के साथ आर्थिक तथा सामाजिक ओर लॉजिस्टिक सुविधाओं में बढौतरी करना शामिल है। इसके अलावा महत्वाकांक्षी जिलों एवं खण्डों में भी इन योजनाओं को ओर अधिक तेजी से क्रियान्वित किया जाना है ताकि उनमें रहने वाले नागरिकों को भी सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुलभ करवाई जा सके।

सुश्री डावरा ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रालय के 39 विभागों ने इससे जुड़े पोर्टल पर जीआईएस डाटा अपलोड कर दिया है। इसके अलावा राज्यों को भी अपना डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि पोर्टल अपलोड के लिए बेहतर मैकेनिज्म तैयार किया गया है। इस पर आसानी से देखा जा सकता है कि किस राज्य में किस तरह की योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इससे कोई डुप्लीकेसी भी नहीं होती और वन एवं वन्य जीव के संवेदनशील क्षेत्रों को भी सुरक्षित रखा जा रहा है। इस प्रकार सामाजिक क्षेत्र में इन्फ्रा को शक्ति देकर पूरे क्षेत्र को विकसित करने की प्रभावी योजनाएं भी तैयार की जा रही है।

# पंजाब विधानसभा सत्र के पहले दिन ही सदन में जमकर हुआ हंगामा

## कांग्रेस और सत्ताधारी आप नेताओं के बीच माहौल हुआ गर्म, मुख्यमंत्री मान और कांग्रेस के नेता प्रताप बाजवा में बहस की नौबत पहुंची ' तू- - तू ' , मैं -मैं तक

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः पंजाब विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र का आज पहला दिन था और पहले दिन ही सदन में जमकर हंगामा मच गया। विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस और सत्ताधारी आप नेताओं के बीच माहौल गर्म होता हुआ देखा गया। वहीं इस कड़ी में मुख्यमंत्री भगवंत मान और कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा में तीखी नोकझोंक भी हो गई। बाजवा ने सीएम मान को तू-तू... कह दिया। जिस पर मामला बिगड़ गया और दोनों नेता आमने-सामने आ गए। इस बीच विधानसभा स्पीकर ने स्थिति शांत करने की कोशिश की।

दरअसल, सीएम भगवंत मान पंजाब में ड्रग मुद्दे को लेकर बात कर रहे थे और इस बीच उन्होने ड्रग तस्करों के साथ बाजवा के कथित संपर्क का जिक्र कर दिया। मान ने कहा कि, ये बात अकेले वह नहीं कह रहे हैं बल्कि उनसे पहले सीएम रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तो कांग्रेस हाइकमान को इस बारे में चिट्ठी भी लिखी थी और बाजवा की तस्करों के साथ संलिप्तता की बात कही थी। सीएम मान यह बोल ही रहे थे कि इतने में बाजवा को गुस्सा आ गया और वह सीएम मान पर पलटवार करते हुए उन्हें 'तू' बोल गए। जिसके बाद सीएम मान भी गुस्से में आ गए और बाजवा के साथ उनकी तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। सीएम मान ने कहा कि, अगर इसी तरीके से आना है तो इसी तरीके से आ जाओ... सीएम मान ने



सदन में कई बार बाजवा के 'तू' शब्द को दोहराया और कहा कि यह शब्दावली है... तू-तू बोल रहे हैं... सीएम मान ने कहा कि, ये गुंडे ही हैं, बाजवा गुंडों की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

बता दें कि, इससे पहले सीएम भगवंत मान और प्रताप बाजवा के बीच फोन के इस्तेमाल को लेकर भी खींचतान हो गई थी। दरअसल, बाजवा सदन में फोन चला रहे थे, जिस पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आपत्ति जताते हुए बाजवा को फोन का इस्तेमाल बंद करने के लिए कहा। लेकिन बाजवा ने मान की बात मानने से इंकार कर दिया और इसी बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गयी। वही सदन में बोलते हुए बाजवा ने सतलुज यमुना नहर मुद्दा उठाया और स्पीकर से पूछा कि क्या इस पर बहस के लिए कोई समय आवंटित किया गया है। इसके बाद उन्होंने बरगाड़ी और बहबल कलां का मुद्दा उठाया, और विधायक कुंवर विजय प्रताप के आरोपों के बारे में पूछा।

### राज्यपाल की चिट्ठी पर सीएम मान का बयान

वहीं पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित की उस चिट्ठी पर सीएम मान ने बयान दिया, जिसमें विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र को अवैध बताया गया था। राज्यपाल ने इस सत्र को मंजूरी नहीं दी थी और चेतावनी दी थी कि अगर सत्र जारी रखा गया तो वह राष्ट्रपति को शिकायत भेजेंगे। राज्यपाल की चिट्ठी के जवाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जनकल्याण के कार्यों में बाधा डालना बहुत अच्छी बात नहीं है।यह पहली बार नहीं है कि हम विधानसभा के सत्र को अनिश्चित काल के लिए समाप्त करके फिर से सत्र बुला रहे हैं। कांग्रेस की सरकार में भी यह हो चुका है, जिसमें राज्यपाल की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होती। इसलिए कांग्रेस के लोग भी हमसे सवाल न करें कि सत्र वैध है या अवैध है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आज हमने सत्र शुरू होने से पहले 3 महत्वपूर्ण विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी के लिए दिए थे मंजूरी का अंतिम समय तक इंतजार किया लेकिन वहाँ से मंजूरी नहीं मिली।

# हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री के पौत्र राव बिरेन्द्र सिंह का विदेश में निधन

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री राव बिरेन्द्र सिंह के पौत्र राव अर्जुन सिंह के निधन के बाद रामपुरा हाउस से जुड़े समर्थकों में शोक की लहर है। अर्जुन राव के निधन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला सहित अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। फिलहाल अर्जुन राव की डेड बॉडी को भारत लाने के लिए बैंकॉक में जरूरी प्रक्रिया की जा रही है।

उनका पार्थिव शरीर कल रेवाड़ी पहुंचेगा। इसके बाद उनके पैतृक गांव रामपुरा में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

16 अक्टूबर को गए थे बैंकॉक

बता दें कि कांग्रेसी नेता अर्जुन राव का बैंकॉक में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वे 16 अक्टूबर को बैंकॉक गए थे। गुरुवार शाम उनके निधन की सूचना जैसे ही रेवाड़ी पहुंची तो उनके समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई।

अर्जुन राव बैंकॉक रवाना होने से पहले 15 अक्टूबर को अपने पिता राव अजीत सिंह के साथ महेन्द्रगढ़ जिले के कस्बा अटेली में आखिरी बार दिखे थे। अर्जुन ने यहां अपना चुनावी कार्यालय खोला था। पिछला चुनाव भी अर्जुन ने कांग्रेस की टिकट पर अटेली से ही लड़ा था।

सुरजेवाला बोले- अर्जुन का इस तरह से बिछुड़ जाना गहरे सदमे से कम नहीं । रेवाड़ी में यह समाचार फैलते ही सन्नाटा पसरा गया। रेवाड़ी शहर से सटे गांव रामपुरा में अर्जुन राव के पैतृक निवास पर भी शुक्रवार सुबह कुछ समर्थक पहुंचे। रामपुरा हाउस में सन्नाटा पसरा हुआ है। अर्जुन राव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने लिखा कि हरियाणा के पूर्व सीएम स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह के पौत्र, अहीरवाल की आवाज, कांग्रेस का युवा नेता व छोटा भाई राव अर्जुन सिंह का इस तरह से बिछुड़ जाना गहरे सदमे से कम नहीं। ईश्वर आपको हमेशा अपने चरणों में जगह दें, व परिवार को इस संकट की घड़ी में दुख सहने



की शक्ति प्रदान करें। जहां भी रहो, हमेशा खुश रहो। आप हमेशा दिल में रहोगे।

### कांग्रेसी नेताओं ने शोक व्यक्त किया

वहीं कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने इस पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ह्यपूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह के पौत्र व कांग्रेसी नेता राव अर्जुन सिंह के आकस्मिक निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। भगवान दिवगंत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और इस दुख की घड़ी में परिजनों को शक्ति प्रदान करें। इसके अलावा कई कांग्रेसी नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

### अर्जुन राव के ताऊ केंद्र सरकार में मंत्री

अर्जुन राव के दादा राव बिरेन्द्र सिंह कई बार केंद्र सरकार में मंत्री रहने के साथ कुछ माह तक हरियाणा के मुख्यमंत्री भी रहे। अर्जुन राव के ताऊ राव इन्द्रजीत सिंह फिलहाल केंद्र सरकार में मंत्री और गुरुग्राम से सांसद है। अर्जुन राव के पिता राव अजीत सिंह ने भी लंबी राजनीति की, लेकिन अस्वस्थ होने के कारण अपने पिता की राजनीतिक विरासत को फिलहाल अर्जुन राव संभाल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस में रणदीप सुरजेवाला गुट के जरिए एंट्री की थी। अर्जुन राव ने अपनी शुरूआती पढ़ाई दिल्ली से करने के बाद आगे की पढ़ाई विदेश में की। उनका ज्यादातर कारोबार में विदेश में ही है। अर्जुन राव ही अपने परिवार का कारोबार संभाल रहे थे। अर्जुन राव की माता उनके पैतृक गांव रामपुरा की सरपंच रही है।

# हरियाणा के एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में नहीं पहुंचे पदक विजेता खिलाड़ी

**महेश शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

करनालःअक्टूबरः हरियाणा के करनाल में आज एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने 81 करोड़ की इनामी राशि खिलाड़ियों को दी। कार्यक्रम में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा समेत 22 खिलाड़ी नहीं पहुंचे। इस पर असंध विधायक शमशेर सिंह गोगी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस कार्यक्रम को लेकर राजनीति करना चाह रही थी। गोगी ने कहा कि सच्चाई तो यह है कि खिलाड़ी सरकार की खेल नीतियों से खुश नहीं है। इसका परिचय आज करनाल में सरकार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में न पहुंचकर खिलाड़ियों ने दे दिया है और उन्होंने मुख्यमंत्री को इस लायक भी नहीं समझा कि वो उनसे सम्मान लें। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा गया कि कार्यक्रम में 22 खिलाड़ी किसी कारण वश नहीं पहुंच पाए है। उनके परिवार के लोग कार्यक्रम में आए है।

बता दें कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सुबह करीब साढ़े 9 बजे ही इस कार्यक्रम में पहुंचे गए थे। कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को भी पहुंचना था, लेकिन वह किसी कारण वश कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में जुड़े और खिलाड़ियों को बधाई दी। अनुराग ठाकुर ने हरियाणा में 15 खेलो इंडिया सेंटरों को खोलने की मंजूरी भी दी। जिनमें से आज 10 सेंटरों का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में पहुंचने पर किया। अन्य पांच सेंटर भी आने वाले एक वर्ष से पहले ही खोल दिए जाएंगे।

मनोहर लाल ने अनुराग ठाकुर से हरियाणा के अन्य 7 जिलों भी खेलो इंडिया सेंटर खोलने की मंजूरी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे हरियाणा के प्रत्येक जिले के खिलाड़ी खेलो इंडिया गेम्स के लिए तैयार हो सकें और खेलों में अपना भविष्य सुनिश्चित कर सकें।

मुख्यमंत्री ने अनुराग ठाकुर से हरियाणा के अन्य 7 जिलों भी खेलो इंडिया सेंटर खोलने की मंजूरी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे हरियाणा के प्रत्येक जिले के खिलाड़ी खेलो इंडिया गेम्स के लिए तैयार हो सकें और खेलों में अपना भविष्य सुनिश्चित कर सकें।

इन जिलों को मिली खेलो इंडिया सेंटर की सौगात मुख्यमंत्री ने बताया कि पंचकूला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, कैथल, भिवानी, चरखी दादरी, रोहतक, झज्जर, फरीदाबाद और पलवल में केंद्रों का उद्घाटन हो चुका है। हिसार, सिरसा, सोनीपत और करनाल में जल्द ही सेंटर खोले जाएंगे। इन सेंटरों को बढ़ाने के लिए 5 लाख रुपए की भी स्वीकृति मिली है।

### ये खिलाड़ी पहुंचे कार्यक्रम में

कार्यक्रम में कांस्य पदक विजेता कुल 13 खिलाड़ी पहुंचे। जिनमें युमनानगर निवासी रोइंग के खिलाड़ी परमिंदर सिंह, सोनीपत निवासी सीमा पूनिया एथलेटिक्स खिलाड़ी, सिरसा निवासी भजन कौर तीरंदाजी खिलाड़ी, करनाल निवासी अनीश भनवाला शूटिंग खिलाड़ी, फरीदाबाद निवासी अदर्श सिंह शूटिंग खिलाड़ी, फरीदाबाद निवासी प्रिती लंबा एथलेटिक्स खिलाड़ी, हिसार निवासी नरेन्द्र बेरवाल कुश्ती खिलाड़ी, रोहतक निवासी प्रवीन हुड्डा बॉक्सिंग खिलाड़ी, भिवानी निवासी प्रीति पंवार बॉक्सिंग खिलाड़ी, सिरसा निवासी किरन बिश्नोई कुश्ती खिलाड़ी, झज्जर निवासी अमन सहरावत कुश्ती खिलाड़ी, सोनीपत निवासी सोनम मलिक कुश्ती खिलाड़ी, सोनीपत निवासी सुनील पंवार कुश्ती खिलाड़ी मौजूद रहे। जबकि सिल्वर मेडल विजेता एक ही सोनीपत निवासी दीपक पूनिया कुश्ती खिलाड़ी पहुंचे।

### 8 स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी पहुंचे कार्यक्रम में

वहीं कार्यक्रम में 8 गोल्ड विजेता खिलाड़ी पहुंचे। इनमें हिसार निवासी संजय कुमार हॉकी खिलाड़ी, सोनीपत निवासी अभिषेक हॉकी खिलाड़ी, पानीपत निवासी रितु नेगी कबड्डी खिलाड़ी, झज्जर निवासी प्रियंका कबड्डी खिलाड़ी, जींद निवासी पूजा काजल कबड्डी खिलाड़ी हैं।

# हरियाणा में 28 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अवकाश

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,20 अक्टूबरः हरियाणा सरकार ने 28 अक्टूबर को महर्षि



वाल्मीकि जयंती और महाराजा अजमीढ़ जयंती के अवसर पर सार्वजनिक कार्यालयों में अवकाश की घोषणा की है। मुख्य सचिव संजीव कौशल द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

सभी कर्मचारियों को 28 अक्टूबर को छुट्टी करने की अनुमति रहेगी, लेकिन नियुक्ति करने वाला (नियोक्ता) कर्मचारी को इस दिन काम करने के लिए कह सकता है। यदि कर्मचारी के कोई यथोचित कारण हों तो वह ऐसा करने से इनकार कर सकता है।

**न्यूनतम वेतन देने का प्रावधान**

सार्वजनिक अवकाश के दिन काम न करने वाले फुल-टाइम और पार्ट-टाइम कर्मचारियों को आम तौर पर उनके द्वारा उस दिन काम किए जाने वाले सामान्य घंटों के लिए न्यूनतम वेतन दर का भुगतान किया जाता है। सार्वजनिक अवकाश के दिन काम करने वाले कुछ कर्मचारियों को पेनल्टी रेट पर भुगतान किया जाना चाहिए। यह उनकी न्यूनतम वेतन दर से अधिक होता है।

# पंजाब के मोगा के गाँव खोसा कोटला में चली ताबड़तोड़ गोलियां

## कांग्रेसी सरपंच समेत 2 की हत्या

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः पंजाब के मोगा स्थित गांव खोसा कोटला में ताबड़तोड़ गोलियां चलीं हैं। गांव के कांग्रेसी सरपंच समेत 2 लोगों की हत्या कर दी गई है। जबकि गोली लगने से दो अन्य लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतक कांग्रेसी सरपंच की पहचान वीर सिंह के रूप में हुई है। इसके अलावा एक अन्य मृतक की पहचान वीर सिंह के साथी और गांव के ही रहने वाले रणजीत सिंह के रूप में की गई है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अस्पताल में भर्ती घायलों का बयान लेगी। पुलिस घायलों का हालचाल जान रही है।

### विवाद के चलते चलीं गोलियां

मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेसी सरपंच वीर सिंह अपने कुछ साथियों के साथ गांव में ही मौजूद थे और सैर कर रहे थे कि इसी दौरान हमलावरों के साथ उनका विवाद हो गया। जिसके बाद मौके पर ताबड़तोड़ गोलियां चलीं और कांग्रेसी सरपंच और रणजीत सिंह की मौत हो गई। साथ ही 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह तकरार और गोलीबारी किस कारण हुई है इसकी अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई। पुलिस शुरूवाती जांच में इसे पहले की रंजिश मान रही है।

# हरियाणा में 6 राज्यों से आए कृषि मार्केटिंग पर चेयरमैन ने किये अपने अनुभव साझा

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल के किसानों को उनकी उपज के लिए मार्केटिंग मंच तैयार करने के प्रयासों को आज उस समय बड़ी सफलता मिली, जब हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के तत्वाधान में पंचकूला में 6 राज्यों के कृषि मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन अपने अपने राज्यों के अनुभव साझा करने के लिए एकत्रित हुए।

समारोह का उद्घाटन करते हुए श्री जेपी दलाल ने कहा कि 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में मंडी विकसित करने का हरियाणा सरकार का प्रयास है। सभी राज्यों के कृषि मार्केटिंग विपणन बोर्ड को एक सांझा फंड तैयार करना चाहिए ताकि किसान की प्रगति हो।

हमें आपस में इंफ्रास्ट्रक्चर शेयर करना होगा। आज दुनिया एक ग्लोबल विलेज बन गया है। इसलिए किसान हेतु देश के मार्केटिंग बोर्डस को आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से




हरियाणा दिल्ली के निकट है और यंहा की लगभग 5 करोड़ की जनसंख्या की फल, सब्जी, दूध व अन्य डेयरी उत्पाद आदि रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयुक्त स्थल है। हमने केवल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना है।

**गन्नौर में लगभग 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से बन रही अंतरराष्ट्रीय मंडी**

दलाल ने कहा कि गन्नौर में लगभग 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय मंडी विकसित की जा रही है जिसमें सालाना 30 से 40 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है।

इस मंडी में अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप फल और सब्जियों की पैकेजिंग व छंटाई की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जापान की जायका वित्तीय संस्थान के माध्यम से ऋण लेकर ब्लॉक स्तर तक प्रसंस्करणीय यूनिट स्थापित करने की सरकार की योजना है।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के किसानों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के प्रयास सरकार कर रही है। भावांतर भरपाई योजना के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्यों व मार्केट भाव के अंतराल को पूरा किया जा रहा है।

आज किसान जागरूक हैं और मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर अपना पंजीकरण करवा रहे हैं। परंपरागत धान व गेंहू जैसी फसलों से उनका रूझान बागवानी व अन्य वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ा है। सरकार का प्रयास है कि किसानों को लॉजिस्टिक व मंडी की इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा उपलब्ध हों।

**एक दूसरे के राज्यों के मार्केटिंग बोर्ड से उपज का व्यापार कर किसान की आय में की जा सकती है वृद्धि- आदित्य देवीलाल चौटाला**

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन श्री आदित्य देवीलाल चौटाला ने कहा कि वे राज्यसभा सांसद श्री कृष्ण लाल पंवार के आभारी हैं जिन्होंने कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से किसानों को मजबूत करने की मांग संसद में उठाकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# 37 दुकानदारों को 1 लाख रुपए प्रति वर्ग गज पर मिलेंगी दुकानें

## दुकानों की आवंटन प्रक्रिया होगी शुरू, शहरी निकाय विभाग ने जारी किया पत्र

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 20 अक्टूबर हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने रोहतक के गांधी कैंप के प्रभावित दुकानदारों के लिए पावर हाउस स्थित बनाई गई स्वामी दयानंद मार्केट में दुकाने आवंटित करने के लिए हरी झंडी दे दी है। अब प्रथम फेज में 37 दुकानदारों को दुकानें आवंटित की जाएगी, उन्हें सिर्फ एक लाख रुपए प्रति वर्ग गज के हिसाब से दुकान अलॉट होंगी।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा हरी झंडी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए पूर्व मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि सरकार ने पहले 2 लाख 40 हजार रुपए प्रति वर्ग गज का रेट तय किया था। उसमें मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 40 हजार रुपए प्रति वर्ग गज में छूट देने का फैसला लिया था। नगर निगम की ओर से जमीन का अधिग्रहण करने पर दुकानदारों को एक लाख रुपये प्रति वर्ग गज का मुआवजा दिया जाएगा। इस तरह सभी प्रभावित दुकानदार भाइयों को एक लाख रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से नगर निगम में रुपए जमा करने होंगे।

उदाहरण के लिए 12 गज की दुकान है तो उन्हें 12 लाख रुपए जमा कराने होंगे और 18 गज की दुकान है तो उन्हें 18 लाख रुपए जमा कराने होंगे। सरकार ने प्रभावित दुकानदारों के लिए जो मार्केट बनाई है, वह दिल्ली रोड पर है और आने वाले समय में उसकी वैल्यू कई लाख गुना बढ़ेगी। सरकार ने प्रथम फेज में प्रभावित 37 दुकानदार भाइयों को दुकान अलॉट करने के लिए ड्रा को हरी झंडी दी है। उसके बाद शेष 39 दुकानदारों को दूसरे फेज में दुकान अलॉट की जाएगी। सभी दुकानों पर दुकानदारों का ही मालिकाना हक होगा, इसलिए राज्य सरकार ने दुकानदार भाइयों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें मार्केट बनाकर दी है। उन्होंने दुकानदार भाइयों का आह्वान

### पूर्व मंत्री ग्रोवर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया

किया कि वह सभी ड्रा की प्रक्रिया में शामिल हो और किसी भी विपक्षी दल के राजनेता के बहकावे में आने से बचें। राज्य सरकार ने उन्हें एक अच्छी जगह नई मार्केट बना कर दी है। अपने भविष्य को देखते हुए आगे बढ़े।

### करीब 22 करोड रुपए की आई लागत

दिल्ली रोड स्थित पावर हाउस की जमीन पर बनाई गई दुकानों के प्रोजेक्ट पर करीब 22 करोड रुपए की लागत आई है। इनमें 5 करोड़ 9 लाख रुपए की लागत से सभी दुकानों का निर्माण किया गया है जबकि जमीन ट्रांसफर मामले में 16 करोड़ 80 लाख रुपए सरकार द्वारा वहन किए गए हैं।

### शार्क-टैंक की तर्ज पर हरियाणा सरकार ने शुरू किया "आइडियाथॉन हरियाणा"

- "हरियाणा कौशल विकास मिशन" आयोजित करेगा प्रतियोगिता

चंडीगढ़ (संदीप शर्मा) हरियाणा सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों की तकनीकी प्रतिभा को उजागर करने के लिए टीवी के मशहूर प्रोग्राम शॉर्क -टैंक की तर्ज पर "आइडियाथॉन हरियाणा" शुरू कर रही है। इसको आज 'हरियाणा यूथ एम्पावरमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप विभाग' के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल ने आज यहाँ से लॉन्च किया।इस अवसर पर हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) के मिशन डायरेक्टर श्री विवेक अग्रवाल के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री सुधीर राजपाल ने लॉन्चिंग अवसर पर ऑनलाइन जुड़े विभागीय अधिकारियों तथा प्रधानाचार्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश की आईटीआइ तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों में पढ़ने वाले तथा डिप्लोमा पास कर चुके युवा नौकरी ढूंढने की बजाए अन्य लोगों को रोजगार देने के योग्य बनें।

# अनाधिकृत तरीके से वाहनों पर लाल व नीली बत्ती लगाना गैर कानूनी:-संजीव कुमार

## अनाधिकृत तरीके से नीली, लाल बत्ती तथा सायरन का इस्तेमाल करने वाले वाहनों के भी होंगे चालान,

पंचकूला (संदीप शर्मा)पंचकूला के यातायात थाना सूरजपुर के चलानिंग अधिकारी ने बताया की पंचकूला यातायात पुलिस किसी भी अराजक तत्व को यातायात नियम का उल्लंघन नही करने देगी ,ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आये और पंचकूला को दुर्घटना मुक्त बनाया जा सके।पंचकूला यातायात पुलिस वी आई पी कल्चर की आड़ में नियम उलंघन करने वाले अराजक तत्वों पर कस रही है नकेल। संजीव कुमार ने कहा कि अनाधिकृत रूप से लाल, नीली बत्ती तथा सायरन का इस्तेमाल करने वाले लोगों के खिलाफ यातायात पुलिस की विशेष नजर है और लगातार इन पर नजर रखी जा रही है व इनके चालान किये जा रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि पंचकूला पुलिस के व हरियाणा पुलिस महानिदेशक इस विषय पर अति संवेदनशील है। अगर किसी सरकारी वाहन पर लगी अनाधिकृत बत्ती पाई जाती है तो इसकी सूचना अपने पंचकूला पुलिस के उच्च अधिकारियों को देकर बनती



कारवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए समान है, सबको इसका पालन करना चाहिए ताकि हम जिला पंचकूला को सड़क दुर्घटना मुक्त बना सके। उन्होंने बताया कि काफी लोग टोल प्लाजा पर अपना रॉब झड़ने के लिए भी बत्ती या इस प्रकार की फैंसी लाइट का प्रयोग करते है। जो अगर ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कारवाई की जा रही है। उन्होंने आग्रह किया कि लोग अपने वाहनों पर इनका इस्तेमाल न करें। इसके साथ ही उन्होंने अनाधिकृत रूप से सायरन का भी इस्तेमाल न करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को कानून की सीमा में रहते हुए ही अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना होगा। आपको बता दे महानिदेशक पुलिस ने पुलिस अधिकारियों को अनाधिकृत तरीके से लाल, नीली बत्ती तथा सायरन लगाने वाले सरकारी वाहनों की फोटो खींचकर उसका डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसी प्रकार, अनाधिकृत तरीके से इनका इस्तेमाल करने वाले निजी वाहन चालकों का ऑनलाइन चालान करके उनके घर भेजा जाएगा। इस कार्य और जो लोग ऐसा कर रहे हैं तुरंत बंद कर दे। उन्होंने बताया कि यातायात थाना सूरजपुर टोल प्लाजा चंडीमंदिर के साथ ही है अब ऐसे लोगों की खेर नही जो भी पकड़ा जायेगा उसके खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी व यातायात पुलिस अब हाईटेक हो चुकी है ऐसे किसी वाहन की अगर फोटो भी सड़क पर अनाधिकृत लाइट या हॉर्न का प्रयोग करते पाई जाती है तो उसका ऑनलाइन चालान काट दिया जाएगा।

# हरियाणा सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मनोहर लाल

## पत्रकारों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य करने पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का गुरुग्राम जिला के पत्रकारों ने जताया आभार

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस को चौथा स्तंभ माना गया है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाना और जनहित से जुड़े विषयों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में प्रेस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हरियाणा सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह बात गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। हाल ही में हरियाणा सरकार ने पत्रकारों को मिलने वाली मासिक पेंशन को दस हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए, मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए 10 लाख रुपए की निःशुल्क टर्म/ग्रुप बीमा योजना व डिजिटल मीडिया पॉलिसी को लागू करने का निर्णय लिया है। जिसके चलते गुरुग्राम जिला के पत्रकारों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार जताया और हरियाणा सरकार की पत्रकारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही नीतियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जन जागरूकता में मीडिया का सबसे अहम योगदान है। विधानपालिका, न्यायपालिका व कार्यपालिका के साथ-साथ मीडिया का एक मजबूत चौथे स्तंभ के तौर पर समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में सभी मीडियाकर्मियों को सकारात्मक सोच के साथ समाज के हित में सजग रहना होगा। श्री मनोहर लाल ने कहा कि मीडिया का समाज में अहम योगदान है। यह लोगों को सूचनाएं देने के साथ-साथ जागरूक करने का भी काम करता है। मीडिया प्रशासन की कमियों को दिखाकर जनता की समस्याओं को हल करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वह अपने देश व प्रदेश की छवि को समाज में हो रहे अच्छे कार्यों के जरिए बेहतर बनाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों का कुशल क्षेम भी जाना और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बाद अब सोशल मीडिया भी एक नया वर्ग उभरा है। ऐसे में इनकी ए से लेकर ई तक पांच कैटेगरी बनाई गई हैं। इसमें उनके लिए विज्ञापनों का प्रावधान किया गया है ताकि उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो। इसके अतिरिक्त, हरियाणा मीडिया कार्मिक कल्याण निधि प्रशासन योजना के तहत बीमारी, मृत्यु, दुर्घटना या अन्य अप्रत्याशित आपात स्थितियों जैसे गंभीर जरूरतों के मामलों में उनके आश्रितों या कानूनी उत्तराधिकारियों को अब तक 161.74 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

इस अवसर पर सोहना के विधायक संजय सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव, सीपी विकास अरोड़ा, डीसी निशांत कुमार यादव, सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा के संयुक्त निदेशक एनसीआर आरएस सांगवान, मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 5 वर्षों के लिए प्रभावी होगी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सरकार पर पड़ेगा 24 करोड़ का भार, ऐसे मिलेगी सब्सिडी

**दैनिक समाज जागरण**

प्रथम चरण में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना पांच वर्षों के लिए प्रभावी होगी. इस योजना के तहत 250 वाहनों के संचालन पर इस वित्तीय वर्ष (2023-24) में विभाग पर 24 करोड़ रुपये का वित्तीय भार पड़ेगा.

वहीं वाहनों के परिचालन में वाहन मालिकों के द्वारा अनियमितता पाये जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी. यदि वाहन स्वामी द्वारा इस योजना के तहत स्वीकृत परमिट को स्वेच्छा से प्रत्यर्पण किया जाता है, तो उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, परिवहन प्राधिकार द्वारा किया जायेगा.

इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा संकल्प जारी कर दिया गया है. इसमें कहा गया है कि भविष्य में झारखंड मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना, 2022 के कार्यान्वयन के दौरान आनेवाली त्रुटियों का निराकरण करने में परिवहन विभाग स्वयं सक्षम होगा. साथ ही वित्तीय मामलों को छोड़ कर अन्य मुद्दों पर विधिसम्मत अधिसूचना खुद परिवहन विभाग निर्गत करेगा. संकल्प के अनुसार ग्रामीण मार्गों पर संचालित बसों को सरकारी बस स्टैंड में प्राथमिकता दी जायेगी.

साथ ही सभी प्रकार के पड़ाव शुल्क व नगर निगम प्रवेश शुल्क आदि नहीं लगेगा. योजना के तहत पहला परमिट जारी करने की तिथि से पांच वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए मार्ग कर में छूट दी जायेगी. परमिट शुल्क एक रुपये व आवेदन शुल्क एक रुपये लिया जायेगा. ग्रामीण मार्ग पर संचालित वाहन द्वारा संतोषजनक परिचालन किये जाने की स्थिति में परमिट नवीकरण फिर से पांच वर्षों या योजना लागू रहने की तिथि, जो भी पहले हो, तक परमिट का नवीकरण किया जायेगा. साथ ही पूर्व की तरह सभी प्रकार के विनिर्धारित सब्सिडी दी जायेगी.

महत्वपूर्ण तथ्य

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत मार्ग की अधिकतम दूरी 125 किलोमीटर होगी.

योजना के तहत हल्के व मध्यम वाणिज्यिक चार पहिए वाहन, जिनमें हार्ड टॉप बॉडी व सॉफ्ट टॉप बॉडी हो, जिनका निर्माण मोटरवाहन अधिनियम 1988 के अनुसार सात से 42 यात्रियों के बैठाने की क्षमता वाले सिर्फ नये खरीदे गये वाहनों को ही परमिट की सुविधा मिलेगी.

योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआइवी पॉजिटिव, विधवा व झारखंड आंदोलनकारी को बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जायेगी

ऐसे मिलेगी सब्सिडी

33 से 42 सीट वाले वाहनों के लिए 18 रुपये/किमी, 25 से 32 सीट के लिए 14.50 रुपये/ किमी, 13 से 25 सीट के लिए 10.50 रुपये/ किमी और सात से 12 सीट के लिए 7.50 रुपये/किमी सब्सिडी दी जायेगी.

# आदिवासी संथाल समाज ने दिखाया अपने पूर्वजों से जुड़े संस्कृति।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

राजगंजः राजगंज थाना अंतर्गत गोविंदाडीह आदिवासी टोला में आदिवासी समाज के लोग ने शादियों से चलती आ रही दसांय पर्व (दुर्गा पूजा)पर बेलबरण पूजन किया, इस दौरान अपने भावनाओं एवं रीतीरिवाजो परंपरा के अनुसार अपने चेला धोती, पहन कर साथ में मोर पंख लेकर मांदर करताल बजाते हुए नाचते गाते हैं तथा गांव का भ्रमण करते हुए नजर आते है। जानकारी के अनुसार इनके गुरु प्राण सोरेन, वकील मुर्मू व छोटू सोरेन है उनके चेला कोड़ाओ ने बेलबरण पूजन किया , बेलबरण के पावन अवसर पर श्री बिरजू सोरेन समाज सेवी( आदिवासी सेचेद् आखड़ा धनबाद के उपाध्यक्ष ) मनोज सोरेन, दुर्योधन सोरेन, लुखू सोरेन, दूबराज मुर्मू, दर्शन मुर्मू, सरजू सोरेन, नरेश मुर्मू, चंदन मुर्मू, सुखलाल सोरेन, सनिचर सोरेन, संजय सोरेन, उपस्थित हुए तथा गांव के सभी गुरु चेला ग्रामीणों, नौजवानो ने अपने संस्कृति, सामाजिक परम्पराओं में भाग लिया, ग्रामीणों के जानकारी के अनुसार यह पर्व दुर्गा पूजा के कलश स्थापना के दिन से ही शुरू हो जाता हैं, अपनी करताल बजाते हुए गांव का भ्रमण करते हैं गुरु से लेकर चेला धोती और गंजी पहानते है, और साथ में मोर पंख लेकर हर गांव हर घर में



सामाजिक संस्कृतिक एवं स्वशासन प्रणाली की रक्षा के लिए एक लंबे संघर्ष के तौर पर मनाया जाता हैं जो विजयदशमी को समाप्त हो जाता है दसाय पर्व में भाग लेते हैं गांव के गुरु और और उनके चेला, नौजवान युवक दसांय पर्व को मानते हैं, संथाल गांव में परंपरा के अनुसार हर एक गांव में गुरु होते हैं जो अपने चेला कोड़ा को लेकर नगाड़ा, जा कर नृत्य करते हैं इस दौरान कई तरह की विधा जिसमे जड़ी बूटी से इलाज भिन्न भिन्न तरह के मंत्र आदि की जानकारी दी जाती हैं ताकि संथाल समाज अपने गांव की रक्षा कर सके, इस अवसर पर सबसे अच्छे चेला को खिताब से सम्मानित भी किया जाता हैं, और इस प्रकार दशमी के दिन इनके पर्व समाप्त हो जाती हैं

# कुचाई में तीन दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का हुआ शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप व भरत सिंह मुंडा ने किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता** खरसावां

कुचाई प्रखंड अंतर्गत बिरसा स्टेडियम कुचाई में दुर्गा पूजा के अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हो गई.जिसमें कुल 64 टीमों ने हिस्सा लिया है.शुक्रवार को इस फुटबॉल प्रतियोगिता विधिवत शुभारंभ एनवाईएस जोवाजंजीर एवं डीएस ब्रदर्स बीच हुआ।जिसका उद्घाटन खरसावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अर्जुन उर्फ नायडू गोप,कुचाई प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा,थाना प्रभारी चंदन कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया.मौके पर विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप ने कहा कि कोई भी खेल हो उसे अपने लगन और ऊंची के साथ और ईमानदारी पूर्वक खेलनी चाहिए.वहीं मुंडा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें



सफलता जरूर मिलेगी. राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण योजना चल रही है ताकि खिलाड़ियों को सही स्थान मिल सके।वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन 22 अक्टूबर को होगी.समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक दशरथ गागराई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा शामिल होंगे. मौके पर विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह मुंडा,बिरसा क्लब के अध्यक्ष सूजन सिंह सोय, बिसंबर सोय, लखीराम मुंडा,बेरगा कुमार, अनुराग सोय, राहुल सोय,डुबराय सोय,गार्दी सोय,संजय सोय,पाचा हेंब्रम,मुन्ना सोय,घनश्याम सोय,मोहम्मद दिलदार समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे.

# बोड़ाम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त, पटमदा निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर बोड़ाम थाना क्षेत्र के हलुदबनी पिकेट के समीप गुरुवार की दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर से घायल हो गए। पटमदा थाना क्षेत्र के लावा टोला सालबनी निवासी युवक घायल सुनील सोरेन व तपन हेम्ब्रम को स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय पुलिस ने एमजीएम अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने बताया कि एक बाइक पर सवार दोनों युवक पटमदा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हलुदबनी पिकेट के आगे तीखा मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर गए। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही



भाजपा नेता विमल बैठा एमजीएम अस्पताल पहुंचकर घायलों की मदद में जुट गए। दोनों के सिर पर गंभीर चोट होने की वजह से बेहोशी की हालत में थे। चिकित्सक ने गंभीर हालत को हालत देखते हुए दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया है। भाजपा नेता ने एम्बुलेंस की व्यवस्था कर दोनों घायलों को रिम्स भेजने में मदद की। सालबनी निवासी जितुलाल मुर्मू ने बताया कि सुनील के साथ उसका साला तपन बुधवार को मनसा पूजा में प्रसाद ग्रहण करने हलुदबनी गए थे और वहां से गुरुवार की दोपहर को घर लौट रहे थे कि रास्ते में यह हादसा हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे।

# पहाड़पुर पंचायत भवन में 10 दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत भवन में 10 अक्टूबर से शुरू हुआ 10 दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के तहत कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग प्रशिक्षकों के द्वारा किसानों को प्रतिदिन तकनीकी की जानकारी दिया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 अक्टूबर को जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी,11 अक्टूबर को बीएओ गोपाल सुंदर मण्डल,12 अक्टूबर को विभिषण दत्ता , 13 अक्टूबर को निकिता दास,14अक्टूबर को पौधा संरक्षण पदाधिकारी कमलेश,15 अक्टूबर को प्रॉजेक्ट मैनेजर जगदीप दास,16 अक्टूबर को प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अंबुज कुमार,17 अक्टूबर को राजेश रंजन और 18 अक्टूबर को मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा उपस्थित हो कर किसान को विभिन्न प्रकार के कृषि का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन गुरुवार को पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने सभी किसानों को पहाड़पुर पंचायत में हरियाली ललाने, एक समृद्धि पंचायत तथा आदर्श पंचायत निर्माण करने, शिक्षा के स्तर में सुधार करने,एग्रीकल्चर की स्तर को ऊंचाई की ओर ले जाने का लगातार मेहनत करने के लिए कहा, साथ ही पहाड़पुर पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने का संकल्प भी सभी ने लिया गया । अंत में मुखिया ने सभी किसानों एवं सभी प्रशिक्षकों को धन्यवाद देकर प्रशिक्षण शिविर का समापन एक नारा "एक साल तुम्हारा सुंदर देश"लगा कर किया।

# टुंडी में डॉट्स का गठन

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता, धनबाद (झारखंड) :-20 अक्टूबर, 2023: जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित विवेकानंद मध्य विद्यालय में मेघावी तथा प्रतिभावान बच्चों की पहचान तथा उनकी सहायता करने के लिए टुंडी के शिक्षक समुदाय द्वारा डॉट्स का गठन किया गया। इसकी परिकल्पना विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक अनन्त शक्ति द्वारा की गई है। इस पुनीत उद्देश्य को को मूर्त रूप देने में विवेकानंद म. वि के प्रभारी प्रधानाध्यापक लोकनाथ रजक, सहायक शिक्षक पंकज कुमार समेत टुंडी के शिक्षकों का सामुहिक योगदान रहा। विदित हो कि डॉट्स का विस्तारित नाम (डाईमंडस ऑफ टुंडी) है जिसका उद्देश्य स्कूली स्तर से ही विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान बच्चों की खोज कर उनकी सहायता तथा लगातार मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन करना है। डॉट्स के बैनर तले टुंडी की अत्यंत प्रतिभावान, चित्रकारी में पारंगत छात्रा नमिता कुमारी को उसकी पढ़ाई में सहायता के लिए बतौर डॉट्स सदस्य टुंडी के शिक्षकों के द्वारा मोबाईल भेंट किया गया। नमिता के अलावे विभिन्न स्कूलों से चुनिंदा प्रतिभावान बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। सेवानिवृत्त सीआरपी नयनरंजन सिन्हा के द्वारा नमिता को ड्राईंग किट्स प्रदान किया गया। डॉट्स के संस्थापक सहायक शिक्षक अनन्त शक्ति के अनुसार प्रखण्ड टुंडी में कई ऐसे प्रतिभावान बच्चे हैं जिनकी अनुरूप विषय विशेषज्ञों से संपर्क करवाना तथा यथासंभव सहायता तथा प्रोत्साहन प्रदान करना है। इसके लिए टुंडी के विषय विशेषज्ञों की शिक्षकों की एक टीम तैयार की जाएगी जो बच्चों को मार्गदर्शन देने का कार्य करेंगे तथा आवश्यकतानुसार बच्चों की क्षमता



अभिरुचि की पहचान करते हुए यदि स्कूली स्तर से ही मदद की जाए,तो निश्चित रूप से उनके अंदर आत्मविश्वास का संचार होगा तथा आगे वे अपनी अभिरुचि के अनुसार अपने भावी कैरियर के बारे में निर्णय लेने में सक्षम हो सकेंगे। हर विद्यालय में ऐसे प्रतिभावान बच्चे मौजूद हैं जिनकी पहचान एक शिक्षक ही कर सकते हैं। डॉट्स के द्वारा वैसे बच्चों को उनकी अभिरुचि विकास हेतु निस्वार्थ भाव से उन्हें प्रशिक्षित भी करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्भय कुमार सिंह,प्रकाश कुमार, रंजन कुमार, ओमप्रकाश मंडल, सुरेश साहु, सुरेंद्र कुमार, हसनैन अंसारी, राजेन्द्र प्रताप, कुमारी श्वेता वीणा कुमारी, रामसु मुर्मू, अशोक सोरेन, चांद हेम्ब्रम, राजकुमार, कल्याणी कुमारी, अजीत कुमार, चंद्रहास कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# वनाश्रित आदिवासियों को मिले वन भूमि का पट्टा - राजेश यादव।

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) सदर प्रखंड के पंचरूखी में बैठक कर किया गया माले की ब्रांच कमिटी का गठन।

वनाश्रित आदिवासियों को वन भूमि का पट्टा देने, गांव का दो माह से जला हुआ ट्रांसफार्मर बदली करने, राशन वितरण की व्यवस्था सुदृढ़ करने सहित कई अन्य सवालों को लेकर आज भाकपा माले की एक मीटिंग गिरिडीह सदर प्रखंड के बेरदोंगा पंचायत अंतर्गत पंचरूखी गांव में संपन्न हुई। बैठक की अगवाई पार्टी के लोकल सचिव संजय चौधरी, रामेश्वर हेंब्रम तथा बबलु हंसदा ने करते हुए स्थानीय सवालों पर बात रखी और कहा कि, इस इलाके में विकास के नाम पर घोर उपेक्षा की गई है। वहीं बैठक में लोगों की बातों को सुनने के बाद भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, गिरिडीह जिला मुख्यालय से सटा होने के बावजूद यह इलाका अब तक खासा उपेक्षित रहा है। जनता का वोट लेने वाले जनप्रतिनिधियों को वोट के बाद जनता से कोई मतलब नहीं रहता। कहा कि, ताज्जुब की बात है कि, दो माह से गांव के दोनों ट्रांसफार्मर जले हैं, जिसकी सूचना डेढ़ माह पूर्व ही बिजली विभाग को दी गई है। फिर भी इसे बदला नहीं गया है। उन्होंने तत्काल गांव के दोनों ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की। साथ ही कहा कि, इस गांव के ज्यादातर लोग वन की अपील की। श्री यादव की अपील पर पंचरूखी गांव पार्टी की एक ब्रांच का गठन कर बबलू हांसदा को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया। जन सवालों पर संघर्ष शुरू करने के संकल्प के साथ बैठक समाप्त की गई। पार्टी में



भूमि पर आश्रित हैं। अधिकांश किसानों की जमीन वन भूमि की है, जिसपर पुरखों से खेती की जा रही है। लेकिन आज तक इन्हें वन भूमि का पट्टा नहीं मिला। जनता के राशन वितरण में गड़बड़ी से लेकर दूसरे सवाल भी मौजूद हैं, जिनका कोई समाधान नहीं हो रहा। माले नेता ने उपरोक्त सवालों के समाधान की मांग करते हुए लोगों से भी अपने मुद्दों पर गांव में भाकपा माले का संगठन बनाकर संघर्ष शुरू करने शामिल होने वाले तथा मौजूद लोगों में मुख्य रूप से बबलू हांसदा, सोनेल हांसदा, मिरुलाल हांसदा, बुटुलाल मरांडी, रामेश्वर हेंब्रम, कृपा हांसदा, अजय मरांडी, तोथिया हांसदा, राजू कोल, टिंकू हांसदा, रतिलाल हेंब्रम, किसुन हेंब्रम, शिबलाल सोरेन, छोटकी देवी, शनि देवी, रूपाली किस्कू, बड़की देवी, सुनीता हेंब्रम, कौशल्या कुमारी, रमन हांसदा, संतोष हांसदा आदि मौजूद थे।

# किड्स पैराडाइस पब्लिक स्कूल में डांडिया नाइट का उत्कृष्ट आयोजन

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबादः धनबाद के न्यू कॉलोनी दुहाटांड़ रोड बरमसिया में किड्स पैराडाइस पब्लिक स्कूल परिसर में नवरात्र के मौके पर डांडिया नाइट का आयोजन किया. इसमें स्कूल की छात्राओं के साथ उनकी मां और स्कूल के शिक्षिकाएं भी शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के डायरेक्टर सीमा सिंह ने माता की तस्वीर के समीप दीप जलाकर किया. इसके बाद शारदीय नवरात्र के भजनों के बीच महिलाओं और शिक्षिकाएं एक साथ डांडिया खेलती नजर आई. इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में



विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के डायरेक्टर सीमा सिंह और प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने छात्रों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी और उन्हें दुर्गा पूजा के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। मौके पर आशा कुमारी, चैताली मुखर्जी, सानिया, मेघा श्री, निधि कुमारी, शोभा कुमारी, नितेश गोराई, विजय सिंह, दिनेश पांडे, प्रेम शंकर झा, गोविंद दास गुप्ता, उमा चटर्जी, शिखा चौधरी, हेमंत वर्मा आदि सभी मौजूद थे।

# श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, गम्हरिया प्रखण्ड परिसर पूजा पंडाल उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ**

सराइकेला (झारखंड) 20 अगस्त 2023

गम्हरिया प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री प्रविन कुमार एवं अंचल अधिकारी श्री गिरेन्द्र टूटी द्वार किया गया, कार्यक्रम में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉट्ट मनोज कुमार , उपाध्यक्ष राजु चौधरी, महासचिव जीवन कुमार, रिपुसुदन पांडे, जमुना दास उपस्थित हुए

# माचा अस्पताल के 4 जमींदाताओं को विधायक ने सौंपा नियुक्ति पत्र कहा- मार्च माह तक सीएचसी में उपलब्ध कराएंगे अल्ट्रासाउंड मशीन

**नंदा रजक दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता पटमदा**

पटमदा : माचा अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दान करने वाले माचा गांव के 4 परिवारों को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को नियुक्ति पत्र देते हुए चुनाव पूर्व किए गए वादे को पूरा किया। इसमें माचा गांव निवासी तनमन दत्त, मुरारी दत्त, अंजू रानी दत्त व बनानी दत्त शामिल हैं। जबकि इसके पहले ही 7 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। मांगें पूरी होने पर जमींदाताओं की ओर से अजित दत्त ने विधायक के हाथों में बंद पड़े आवासीय भवन की चाबी सौंपा।

मौके पर विधायक ने कहा कि माचा अस्पताल को और भी विकसित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में हाइमास्ट लाइट लग गई है व पीसीसी सड़क का निर्माण भी हो चुका है। अस्पताल परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु पार्क का निर्माण भी कराया जाएगा। विधायक अगले मार्च तक माचा अस्पताल को अल्ट्रासाउंड



मशीन देंगे और जिसका ऑपरेटर की व्यवस्था सिविल सर्जन करेंगे। अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होने के कारण पटमदा-बोड़ाम की सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को जमशेदपुर या पश्चिम बंगाल में जाना पड़ता है।इस दौरान सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी ने कहा कि अस्पताल में प्रसव और जांच की सुविधा बढ़ाई जाएगी। कहा कि अस्पताल में एक्सरे मशीन है लेकिन एक टेक्नीशियन की जरूरत है जो नहीं मिल रहा है। समारोह में जिला पार्षद खगेन महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, आनंद महतो, दयाल महतो, तिलोकतमा कालिंदी, डॉ सोमेन दत्त, श्रीधर दत्त आदि मौजूद थे।

# नावाडीह मे मूर्तिपूजा की तैयारी संपन्न

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)20अक्टूबर2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के नावाडीह मे दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी अब अपने पूर्ण रूप मे आने को है।पूजा समिति नावाडीह के अध्यछ कुणाल किशोर सिंह उपाध्यछ राकेश कुमार सिंह और वहा उपस्थित रौशन कुमार सिंह ,अमरजीत कुमार,अजित कुमार,पवन सिंह ने बताया की सालो से यहा दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है और ये पूजा हमारे पूर्वजो द्वारा दी गयी जिम्मेदारी है जिसको निभाने का हम हर संभव प्रयास करेंगे उन्होंने ये भी बताया की माता की पूजा की पुरी तैयारी हो चुकी है।उक्त लोगो ने बोला की आखिर वो पल आ ही गया जब माता का आगमन होगा और माँ अपने भक्तो पे कृपा करेंगी। उन्होंने बताया की पूजा मे पंडाल के सजावट पर विशेष ध्यान दिया जायेगा साथ मे सभी कार्यकर्ताओ के सहयोग के बारे मे उन्होंने कहा की सभी कार्यकर्ताओ का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# धनबाद के नए रेल एसपी स्वर्गियारी ने पदभार ग्रहण किया, सुरक्षा अधिकारियों को दिया निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**

नए रेल एसपी मनोज स्वर्गियारी का स्वागत करते रेल डीएसपी

धनबादः धनबाद के नए रेल एसपी मनोज स्वर्गियारी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया. रेल डीएसपी संजीव कुमार बेसरा, रेल थाना प्रभारी संजय



प्रसाद व अन्य अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया. पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद एसआरपी ने सुरक्षा अधिकारियों व जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. कहा कि दुगार्पूजा के दौरान थानेदार-इंस्पेक्टर समेत सभी पुलिसकर्मी रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष चौकसी बरतें. पूजा के समय ट्रेनों व स्टेशनों पर काफी भीड़ होती है. अपराधी प्रवृत्ति के लोग इसका फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम देकर निकल जाते है. ऐसे संदिग्धों पर पैनी नजर रखें.

उन्होंने कहा कि धनबाद रेल जिला क्षेत्र काफी दूर तक फैलाहै. धनबाद से लेकर जसीडीह होकर साहिबगंज और बरकाकाना से लेकर गढ़वा व कोडरमा तक इसके अंतर्गत आता है. एक दर्जन से अधिक जिलों के क्षेत्रों में रेलवे स्टेशनों पर रेल थाना हैं. ट्रेनों में मानव, कछुआ व नशीले पदार्थों की तस्करी अकसर होती है. चोरी, छिनतई, लूट व डकैती की घटनाएं भी यदा-कदा होती रहती हैं. ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए हमेशा सतर्कता बरतने की जारूरत है. ट्रेनों व स्टेशन परिसर में रोजाना चेकिंग अभियान चलाएं, खासकर दुगार्पूजा दीपावली व छठ तक कड़ी निगरानी करें. ट्रेनों में एस्कोर्ट करें और संदिग्धों पर नजर रखें.

# शाम के बदले दोपहर को कराया जाएगा जरूरतमंदों का भोजन-केयर एंड सार्व

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद,सामाजिक संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन शहीद निर्मल महतो मे-



डिकल कॉलेज हॉस्पिटल (पीएमसीएच हॉस्पिटल परसर) में गरीब,असहाय और जरूरतमंदों को एक टाइम शाम का भोजन पिछले 16 अक्टूबर 2021 से प्रतिदिन कराते आ रहे हैं,लेकिन दुर्गा पूजा को देखते हुए संस्था ने 21 अक्टूबर 2023 से 25 अक्टूबर 2023 पांच दिन समय का परिवर्तन किया गया है जिसमें जरूरतमंदों को शाम के बदले दोपहर को भोजन कराया जाएगा,फिर 26 अक्टूबर से पुनः भोजन का कार्यक्रम को शाम मै कर दिया जाएगा,आपको बता दे की इस सामाजिक संस्था का गठन 16 अक्टूबर 2021 को हुआ था,तब से आज तक प्रतिदिन लगातार एक टाइम का भोजन गरीब,असहाय और जरूरतमंदों को बीच बांट रहे है, उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रभात चंद्रा और मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास ने जानकारी को सार्वजनिक करने तथा जरूरतमंदों तक पहुंचाने के अपील की है।

# तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार ,भेजा गया जेल।

दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ

चतरा (झारखंड) 20 अक्टूबर 2023:-पुलिस कप्तान राकेश रंजन के निर्देश पर पर्व को देखते हुए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया।इस अभियान के दौरान , सदर थाना क्षेत्र के भुइयाडीह के पास कुंदा की ओर से आ रहे एक बोलेरो पर सवार तीन लोगो को पुलिस ने रोक कर तलासी ली इस दौरान एक देशी कट्टा एवं दो जीवित कारतूस जप्त किया गया। तीनो के विरुद्ध सदर थाना में कांड संख्या 346/23 के तहत मामल दर्ज किया गया।जप्त किया गए समानों में देशी पिस्टल ,दो जिंदा कारतूस ,एक बोलरो वाहन जिसका नम्बर जे एच ङ्क1 सी यू 7947 एवं

तीन स्क्रीन टच मोबाइल पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त में कमलेश कुमार यादव पिता बिरेंद्र यादव ,

छोटू यादव पिता नारायण यादव एवं राजेंद्र यादव पिता चरकू यादव हैं।गिरफ्तार हुए सभी अभियुक्त कुंदा थाना के बौधा डीह के निवासी है।इस छापामारी दल में

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार,पु. नि. सह थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार ,स. अ. नि .अरुण दत्त शर्मा शामिल थे।

# राजकीय मध्य विद्यालय गाल्होवार में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी एवं बैग का वितरण किया गया।

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 20 अक्टूबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत में मुखिया श्रीमती मंजू देवी मुखिया प्रतिनिधि श्री छोटी शर्मा पंसस श्री मती मुलिया देवी प्रधानाध्यापक प्रदीप राम के हाथों द्वारा संयुक्त रूप से कॉपी और बैग 350 छात्र छात्राओं को वितरण किया गया।

वितरण के मौके पर मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा ने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दें।

मोबाइल फोन से दूर रहें , क्योंकि सृजनात्मक शक्ति और अपने संस्कृति खोते जा रहे हैं।साथ ही अपने शिक्षा से भटक जा रहे हैं इसलिए जरूरत पड़ने पर ही मोबाइल फोन का प्रयोग करें बच्चे मन लगाकर पढ़ें और अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करें।

इस मौके पर मुख्य रूप से गाल्होवार पंचायत के मुखिया श्रीमती मंजू देवी मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा पंसस श्रीमती मुलिया देवी प्रधानाध्यापक प्रदीप राम सहयोगी शिक्षक प्रवीण कुमार साबिर अंसारी द्वारका प्रसाद महतो रोहित लाल महतो विनय कुमार संतोष रजक धनेश्वर महतो मानिकचंद दास प्रदीप ठाकुर (अध्यक्ष ) संयोजिका एवं सभी छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे।